सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 5:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.0 न्यू | 16.3 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 18.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76759.81 |
| निफ्टी | 23249.50 |
| सोना 83,020 | चांदी 95,714 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



परौर-पधर एनएच की खत्म होगी असमंजस

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 | 18 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 33, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल को चुनाव आयोग का फिर नोटिस



**नई दिल्ली।** यमुना में जहर के आरोपों पर चुनाव आयोग ने वीरवार को अरविंद केजरीवाल को लेटर लिखकर 5 सवाल किए। आयोग ने पूछा कि यमुना में जहर कौन सा पाया है और यह किस जगह मिला। साथ ही केजरीवाल यह भी बताएं कि किन इंजीनियर्स ने इसे डिटेक्ट किया और उन्होंने पानी में जहर को रोकने के लिए क्या किया। चुनाव आयोग ने इन 5 सवालों के जवाब के लिए केजरीवाल को 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक का समय दिया। ईसी ने कहा कि अगर केजरीवाल सफाई नहीं देते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा महाकुंभ भगदड़ का मामला

**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ भगदड़ मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इसमें भगदड़ को लेकर रिपोर्ट तलब करने की मांग की है। जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात की गई है। बता दें कि इस भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई जख्मी हुए हैं। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकील विशाल तिवारी ने दाखिल की है।

### ताइवान में लगे भूकंप के झटके, 5.6 तीव्रता



**ताइपे।** ताइवान में वीरवार सुबह 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद भूकंप के कम से कम 12 मामूली झटके महसूस किए गए। केंद्रीय मौसम एजेंसी और अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, ताइवान में भूकंप के कई झटके महसूस किए गए, लेकिन सबसे जोरदार 5.6 तीव्रता का भूकंप पूर्वाह्न 10 बजकर 11 मिनट पर चियाई काउंटी के दापू कस्बे में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र राजधानी ताइपे से लगभग 250 किलोमीटर (155 मील) दक्षिण में था।

### यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 2024 यूजीसी-नेट परीक्षा पेपर लीक से संबंधित मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। इस इनपुट के बाद इसे रद्द कर दिया था कि इसका प्रश्न पत्र डार्कनेट पर लीक हो गया है और टेलीग्राम पर बेचा जा रहा है। एक विशेष अदालत के समक्ष दायर अपनी क्लोजर रिपोर्ट में सीबीआई ने कहा कि मामले में पेपर लीक का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। एजेंसी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी एक रिपोर्ट भेज दी है। कोर्ट तय करेगा कि रिपोर्ट को स्वीकार करके मामले को बंद किया जाए या एजेंसी को आगे की जांच करने का निर्देश दिया जाए।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- छात्र की हत्या मामले में वांछित अपराधी कन्हैया लाल गिरफ्तार -पेज 2
- कमेटी प्रधान पर जातिसूचक शब्द प्रयोग करने का आरोप -पेज 4
- किरतपुर-मनाली फोरलेन पर गाड़ी से 892 ग्राम चरस बरामद -पेज 9
- ट्रंप ने अप्रवासी हिरासत कानून पर किए हस्ताक्षर -पेज 13
- सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी -पेज 14

# मंडी शहर में चोरी छिपे बिक रहा चाइनीज मांझा

## एनजीटी और न्यायालय के आदेशों को ठेंगा

## परिंदों से लेकर इंसानों तक के लिए घातक

**अनिल शर्मा, मंडी**

**छोटी** काशी मंडी में पतंग उड़ाने का मौसम शुरू हो चुका है और इसी के साथ शहर में चाइनीज मांझा का चोरी छिपे क्रय-विक्रय जोरों पर है। कुछ दुकानदार बड़ी चालाकी से इसे साधारण डोर के डिब्बे के बीच में लपेट रहे हैं, ताकि प्रारंभ में यह दिखाई न दे।

वहीं, पर्यावरण संरक्षण और परिंदों की रक्षा के लिए समाज सेवियों की चिंता बढ़ती जा रही है। चाइनीज मांझे में फंसकर पक्षी आए दिन अपनी जान गंवा रहे हैं। प्रशासन ने अभी तक इस दिशा में एक भी छापेमारी नहीं की है। बता दें कि प्रदेश सरकार के पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के आदेशों के अंतर्गत प्रदेश में पतंग उड़ाने के लिए शीशे और अन्य हानिकारक पदार्थों से लेपित नायलॉन धागा, जिसे चाइनीज मांझा के नाम से जाना जाता है, उसके उत्पादन, भंडारण, विक्रय व उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। (अनंत ज्ञान)

**अभी तक प्रशासन ने नहीं की छापेमारी**



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### आदेशों का नहीं हो रहा पालन

**अधिसूचना** की प्रतिलिपि प्रदेश के सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को भी जारी कर दी गई है, लेकिन हैरानी की बात है कि मंडी शहर में इस अधिसूचना के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। न तो पतंग विक्रेता चाइनीज मांझा को बेचने से मान रहे हैं और न ही क्रेता। छोटे-छोटे बच्चे भी चाइनीज मांझा से पतंग उड़ा रहे हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की ओर से 2016 में अपने आदेश के अंतर्गत पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज डोर या चीनी मांझे, शीशे और अन्य हानिकारक पदार्थों से लेपित धागों के उत्पादन, भंडारण, विक्रय व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था।

> जिलेभर में आदेश दिए गए हैं। चाइनीज मांझा बेचने पर प्रतिबंध है। दुकानदारों से आग्रह है कि पर्यावरण संरक्षण और परिंदों की रक्षा के लिए पतंगबाजी के लिए चाइनीज मांझा न बेचा जाए और लोग भी इसे न खरीदें।
>
> **-साक्षी वर्मा, एसपी मंडी।**

> **नगर** निगम मंडी की ओर से बसंत पंचमी पर दो फरवरी को आयोजित पतंग प्रतियोगिता में चाइनीज मांझा का उपयोग पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। हर प्रतिभागी के पतंग की डोर का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा।
>
> **-वीरेंद्र भट्ट, महापौर, नगर निगम मंडी।**

> **चाइनीज** मांझे पर प्रतिबंधित होना चाहिए और जिस दुकान में चाइनीज मांझा बेचा जाए, उसका लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए, क्योंकि यह देशभर में लाखों पक्षियों की जान ले चुका है।
>
> **-नरेंद्र सैनी, अध्यक्ष, देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच मंडी।**

### नायलॉन से बने चाइनीज मांझा में कांच और लौह के कण

**चाइनीज** मांझा नायलॉन से बनता है और इसमें कांच और लौह के कण लगाए जाते हैं तथा यह स्ट्रेचेबल होता है। इस कारण यह आसानी से टूटता नहीं है और खींचता जाता है। यह परिंदों के लिए भी जानलेवा है। पक्षियों के जिस भी अंग में फंसता है तो वह टूट जाता है। इस मांझे से लौह कण होने की वजह से बिजली की तारों से टकराने पर यह शॉर्ट कर सकता है और पतंग उड़ाने वाले को करंट लग सकता है। चाइनीज मांझा न केवल पक्षियों, बल्कि इंसानों के लिए भी जानलेवा है। देश के कई भागों में पतंग उड़ाने के दौरान यह कई लोगों की जान ले चुका है। दोपहिया वाहन चालक इसके कई बार शिकार हो चुके हैं।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण से बजट सत्र आज से, फिर आएगी आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट

# केंद्रीय बजट पहली को 16 बिल लाएगी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले वीरवार को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की अहम बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। सत्र की शुरुआत शुक्रवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा। वहीं, पहली फरवरी को बजट पेश किया जाएगा।

पांच फरवरी को दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते संसद की कार्यवाही नहीं होगी। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को खत्म होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा।

बजट सत्र 4 अप्रैल को खत्म होगा। बजट सत्र में सरकार कई बिल लाने की तैयारी में है। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बजट सत्र के लिए कुल 16 बिल और 19 बिजनेस पहले से ही संसद में लिस्ट हैं। सरकार की ओर से इस बजट सत्र में लाए जाने वाले बिलों में वक्फ और इमीग्रेशन से जुड़े बिल भी शामिल हैं, जो सबसे अहम और महत्वपूर्ण बताए जा रहे हैं।

रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारु रूप से चर्चा हो सके।

### सत्र दो चरणों में, 6 फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब

**बजट** सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा, जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।

### वक्फ संशोधन विधेयक : जेपीसी ने लोकसभा स्पीकर को सौंपी रिपोर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वक्फ** (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने वीरवार को समिति की रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी। इस दौरान निशिकांत दुबे सहित अन्य भाजपा सांसद मौजूद रहे।

विपक्ष का कोई सांसद नजर नहीं आया। जेपीसी ने एक दिन पहले ही ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला। वहीं, 11 मेंबर्स ने विरोध किया। कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई। विपक्षी सदस्यों ने इसे असंवैधानिक करार दिया और आरोप लगाया कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा। भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करने वाला है। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि हमें 655 पन्नों की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट मिली थी। 655 पन्नों की रिपोर्ट को एक रात में पढ़ना असंभव था।

# तेलंगाना ने हिमाचल में दिखाई बिजली परियोजनाओं में रुचि

## सीएम सुक्खू से डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी ने किया एमओयू का आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**तेलंगाना** के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने वीरवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। मल्लू भट्टी ने सेली एचईपी (400 मेगावॉट) और मियार एचईपी (120 मेगावॉट) बिजली परियोजनाओं में रुचि व्यक्त करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया। तेलंगाना सरकार ने हिमाचल सरकार से इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन प्रस्तुत करने का आग्रह किया, ताकि मामले को आगे बढ़ाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य पीएसयू/केंद्रीय पीएसयू से बीओओटी आधार पर 22 जल बिजली परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव के जवाब में तेलंगाना के बिजली बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हिमाचल का दौरा किया है। इस दल ने विद्युत सचिव राकेश कंवर के साथ भी चर्चा की। टीम ने सेली और मियार जल विद्युत परियोजनाओं के स्थलों का भी दौरा किया और सिफारिश की है कि 100 मेगावॉट से अधिक जल बिजली परियोजना की क्षमता वाले स्थलों के लिए रुचि व्यक्त की जा सकती है। प्रदेश के लिए अधिक बिजली उत्पादन और राजस्व अर्जित करने की संभावनाएं तलाश करने की दिशा में यह कदम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



दिल्ली में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलते तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी।

### हिमाचल में छह दिन खराब रहेगा मौसम, 4 फरवरी को बर्फबारी का अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी 6 दिन तक मौसम खराब रहेगा। इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात और निचले इलाकों में बारिश हो सकती है। 4 फरवरी को बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 31 जनवरी और 1 फरवरी को दो दिन तक प्रदेश के ज्यादातर भागों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है। प्रदेश के ज्यादातर भागों में 2 फरवरी को मौसम साफ हो जाएगा। 3 फरवरी से अगले दो दिन तक फिर से बारिश-बर्फबारी के आसार हैं।

# शिमला स्कॉलरशिप घोटाला मामले में ईडी ने की पंचकूला में छापेमारी

## असिस्टेंट डायरेक्टर की शिकायत करने वाले के घर की ली तलाशी

**एजेंसी, चंडीगढ़/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के शिमला स्कॉलरशिप घोटाले में ईडी की टीम ने वीरवार को पंचकूला में रेड की है। यह रेड इस मामले के आरोपी ईडी के पूर्व सहायक निदेशक विशाल दीप के खिलाफ शिकायत करने वाले विशाल बंसल के घर हुई।

शिकायतकर्ता विशाल के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस चल रहा है। विशाल को 2 सप्ताह पहले गैंगस्टर लॉरेंस के गुर्गे रोहित गुर्जर ने फोन कर ईडी के सहायक निदेशक के खिलाफ दी शिकायत वापस लेने के लिए धमकाया था। विशाल कारोबारी रजनीश बंसल का भाई है, उनसे धमकी देने वाले ने कहा था कि तुम्हारा परिवार जिस केस की पैरवी कर रहा है, उस केस से हट जाए, नहीं तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। अपनी जान की सलामती चाहते हो तो 50 लाख रुपए देने होंगे।

### सीएम भगवंत के आवास पर चुनाव आयोग का छापा

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर वीरवार को चुनाव आयोग ने छापा मारा। टीम को अंदर जाने से रोक दिया। मान के घर पहुंचे रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा कि हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। अधिकारियों ने बताया कि यह कोई रेड नहीं है, बल्कि बीजेपी सांसद रवनीत बिट्टू ने शिकायत की थी, इसी मामले में जांच की जा रही है। भगवंत मान के खिलाफ चुनाव आयोग को मिली थी।

### सीमेंट फैक्टरी में हादसा चार की मौत, 15 घायल

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित जेके सीमेंट फैक्टरी में वीरवार को एक निर्माणाधीन इकाई की छत ढहने से 4 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक घायल हो गए।

निर्माणाधीन इकाई की छत के काम में करीब 100 से अधिक मजदूर लगे हुए थे। छतरपुर डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि कंपनी ने मृतकों के परिजनों को 18 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। इसके अलावा घायलों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी भी कंपनी ने ली है। कमिश्नर वीरेंद्र कुमार रावत सागर ने कहा कि रेस्क्यू कार्य पूरा हो चुका है। सभी घायलों का कटनी में उपचार चल रहा है।

### अमेरिका : प्लेन-हेलिकॉप्टर टकराए सभी 67 की मारे जाने की आशंका

**एजेंसी, अर्लिंग्टन**

**वाशिंगटन** के निकट रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान सेना के हेलिकॉप्टर से टकरा गया। इस हादसे में सभी 67 लोगों के मारे जाने की आशंका है।

विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। वहीं, हेलिकॉप्टर में तीन लोग सवार थे। फिलहाल, 28 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जिसमें एक शव हेलिकॉप्टर सवार व्यक्ति का है। परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हुए अमेरिकन एयरलाइंस के विमान का मलबा पोटोमैक नदी में तीन टुकड़ों में पाया गया। इसके बाद से निकटवर्ती पोटोमैक नदी में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। वाशिंगटन डीसी के अग्निशमन प्रमुख जॉन डोनले ने विमान और हेलिकॉप्टर में सवार सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई है। सैन्य अधिकारी ने बताया कि हेलिकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को हुई टक्कर के कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई, लेकिन हवाई अड्डे से सभी उड़ानें रोक दी गईं।



### सांसद स्वाति मालीवाल को पुलिस ने हिरासत में लिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सफाई व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के आवास के बाहर कचरा फेंककर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। मालीवाल ने कहा कि पूरी दिल्ली कूड़ेदान में बदल गई है। वह न तो केजरीवाल के गुंडों से और न ही पुलिस हिरासत से डरती है। इससे पहले मालीवाल लोडिंग ऑटो लेकर विकासपुरी पहुंची। लोगों के साथ सड़क से कचरा उठाकर ऑटो में भरकर केजरीवाल के घर गईं, जहां सारा कचरा सड़क पर फेंक दिया।

**असर** हिमाचल में 10 प्रतिशत तक सिमटा कारोबार, होटल कमरों के दाम 40-50 फीसदी तक गिरे

# महाकुंभ ने तोड़ी हिमाचल के पर्यटन की कमर

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**प्रयागराज** महाकुंभ और दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों ने पर्यटन नगरी के कारोबार को ठंडा कर दिया है। आलम यह है कि इन दिनों हिमाचल प्रदेश में पर्यटन कारोबार 10 प्रतिशत तक सिमट गया है। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार, अभी तक एडवांस बुकिंग न के बराबर है, जबकि होटलों में कमरों के दाम 40-50 प्रतिशत गिर गए हैं।

बर्फबारी न होने की वजह से प्रदेश में पहले से ही होटल कारोबारियों पर मार पड़ी है। क्षेत्र में वर्षा तथा स्नोफॉल न होने के कारण पर्यटकों ने हिमाचल की वादियों से मुंह मोड़ लिया है। पार्किंग से लेकर टैक्सी, टैक्सी बाइक, रेहड़ी-फड़ी व्यवसाय, रेस्टोरेंट सहित गिफ्ट आइटम तथा पर्यटन स्थलों में छिटपुट दुकानदार भी खाली हाथ बैठे हैं। पर्यटक गाइडों का बुकिंग का धंधा भी मंदा हो गया है। पर्यटन क्षेत्रों में होटलों के अलावा गेस्ट हाउस तथा होम स्टे भी संचालित हैं। प्रदेश का कारोबार पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है। प्रदेश के पर्यटन उद्योग को विशेष रूप से राजधानी शिमला सहित धर्मशाला, मैक्लोडगंज, डलहौजी, खजियार, कुल्लू, मनाली आदि पर्यटन क्षेत्रों में बर्फबारी की कमी सहित कई कारकों के कारण भारी गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

### इस सीजन में आते थे 90 फीसदी पर्यटक

इससे होटल उद्योग, यात्रा व्यवसाय और परिवहन सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। होटल कारोबारियों का कहना कि इस सीजन में 90 प्रतिशत पर्यटक हिमाचल प्रदेश आते हैं, लेकिन अब वे महाकुंभ की ओर रुख कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनावों ने भी पर्यटकों की संख्या कम करने में भूमिका निभाई है। वहीं, प्रदेश के ट्रैवल एजेंटों का कहना है कि मौजूदा मौसम से भारी नुकसान हुआ है। होटल खाली हैं और परिवहन व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

### प्रदेश सरकार दे होटल कारोबारियों को राहत : बांबा



**होटल** एवं रेस्टोरेंट एसोसिशसन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा के अनुसार, पर्यटन उद्योग पर पहले से ही मौसम की मार पड़ी है, ऐसे में देश-विदेश के लोगों का रुख प्रयागराज महाकुंभ की ओर होने से प्रदेशभर में होटल कारोबार की कमर टूट चुकी है। दिल्ली में होने वाले विस चुनावों का असर भी पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। अगर यूं ही चलता रहा तो कुछ दिनों में हालात और भी खराब होते नजर आएंगे, क्योंकि अधिकतर होटल बैंकों के ऋण पर चले हुए हैं तथा बैंकों का भुगतान भी रुकता नजर आ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि होटल कारोबारियों को राहत प्रदान की जाए।

# महाकुंभ के सेक्टर-22 में लगी आग में 15 टेंट जले, कोई जनहानि नहीं



**एजेंसी, प्रयागराज**

**महाकुंभ** मेले में सेक्टर 22 के बाहरी क्षेत्र में चमनगंज चौकी के पास वीरवार को एक टेंट में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर 15 टेंट जलकर खाक हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने के लिए मार्ग नहीं होने से दमकल की गाड़ियों को आने में दिक्कत हुई। हालांकि, आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई और न ही कोई घायल हुआ। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के मुताबिक, यह टेंट अनधिकृत तौर पर लगाया था। इस आग में 15 टेंट जल गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, न्यायिक जांच आयोग मौनी अमावस्या के स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत की घटना की जांच की।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मागांधी के शहादत दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें शहरी कांग्रेस एवं नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी के नेतृत्व में भावभीनी श्रद्धांजलि दी है तथा उनके देश के लिए दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि देने वालों में शहरी कांग्रेस नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी, वरिष्ठ कांग्रेसी कमल कम्मी,संतोष संधू,राम स्वरूप चौधरी,नरेन्द्र मुंगरू सोनी , दौलत चौधरी,मोंटी चौधरी,तिलक राज चौधरी,संजीव कालिया,रमन कुमार,रोशन लाल,राकेश गौतम,संदीप कुमार,रिपन कपिल आदि शामिल थे।

### पड़ोसियों पर मारपीट, धमकियां देने का आरोप

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर के साथ लगते बेला गांव के श्रवण कुमार पुत्र प्रेम चंद ने अपने पड़ोसियों पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को शिकायत की है कि विपन कुमार, पुष्पेंद्र सिंह व योगिंद्र सिंह उसके मकान के पीछे पानी की पाइपों को तोड़ रहे थे, जब उन्हें ऐसा करने से रोका तो पुष्पेंद्र व योगिन्द्र सिंह ने उसे व उसकी पत्नी कश्मीरी देवी के साथ गाली-गलौज व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकियां दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करोट में प्रधानाचार्य अनीता कुमारी की अध्यक्षता में तथा सभी अध्यापकों की उपस्थिति में मोनाल ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा भारत स्काउट एंड गाइड इकाइयों के द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर की सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए रैली भी निकाली, जिसमें साहिल, सुजल, कार्तिक, शिवानी, भूमिका, स्नेहा, पल्लवी, नेहा, विशाल, राधिका, नवोदिता, वंश, आदर्श आदि बच्चों ने भाग लिया तथा सभी बच्चों ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### राष्ट्रपिता को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी महाविद्यालय भोटा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गइ तथा उन्हें याद किया गया। महात्मा गांधी के स्वार्थहीन योगदान और अहिंसा, शांति और सदभावना के प्रति उनकी अद्भुत प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। हमें महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित सत्य, अहिंसा और करुणा के मूल्यों को अपनाने का प्रयास करते हुए ऐसे समाज के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए, जो न्यायपूर्ण, समानतापूर्ण और शांतिपूर्ण हो, जहां हर व्यक्ति सम्मान और गरिमा के साथ जी सके। पूज्य बापू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि के द्वारा उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजकुमार धीमान, बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक, सभी छात्र व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### डंगा लगाकर ट्रांसफार्मर गिरने से बचाया



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** कई बार पंचायतों के कार्य खूब सुर्खियां बटोरते हैं और पंचायत प्रधान की विकास के प्रति सोच को भी दर्शाते हैं। बमसन विकास खंड की लग कड़ियार पंचायत में बिजली का ट्रांसफार्मर गिरने की स्थिति में था। पंचायत द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए ट्रांसफार्मर को प्रोटेक्शन वॉल लगाई गई जिससे किसी अनहोनी या अप्रिय घटना होने से बचाया जा सके। पंचायत प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि गांव की बिजली आपूर्ति का सामान्य रूप से बहाल भी रखा गया। बिजली बोर्ड के कक्कड़ सब-डिवीजन के एसडीओ अंकज गुप्ता ने बताया कि सरकारी संपत्ति को नुकसान से बचाने में पंचायत प्रधान राजेश ठाकुर ने सराहनीय कार्य किया है। (अनंत ज्ञान)

### युवाओं के लिए करियर बनाने का अवसर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि दसवीं-बारहवीं पास और आईटीआई डिप्लोमा धारक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए पीएम इंटर्नशिप स्कीम आरंभ की गई है। दसवीं-बारहवीं पास और आईटीआई डिप्लोमा धारक 21 से 24 वर्ष तक के युवक-युवतियां इस स्कीम की वेबसाइट पीएम इंटर्नशिप.एमसीए.जीओवी.इन पर अपनी इच्छा अनुसार कंपनियों एवं रिक्तियों का चयन करके आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने पात्र युवक-युवतियों से इस वेबसाइट का अवलोकन करने की अपील की है।

### मेडिकल कॉलेज में बसंत पंचमी महोत्सव 3 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गीता प्रचार प्रसार संस्थान हमीरपुर द्वारा सीनियर सिटीजन काउंसिल के तत्वाधान में 3 फरवरी को बसंत पंचमी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज के परिसर में स्थित धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान भोजनालय भवन की तृतीय तल पर किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता सीनियर सिटीजन काउंसिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं वित्त सचिव ओपी शर्मा करेंगे। इस दौरान सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। गीता प्रचार प्रसार संस्थान के महासचिव भगवान दास शास्त्री ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से अनुरोध किया है वे इस महोत्सव में भाग लें।

### खेल महाकुंभ में जजरी की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** खेल महाकुंभ भाग 3 का आयोजन कोडरा के मैदान में खेला जा रहा है। वीरवार को पहला मैच जजरी व भोटा के बीच शुरू हुआ। टॉस जीत कर भोटा टीम ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। भोटा टीम जीत के लिए 12 ओवर में 70 रन बनाए। वहीं, जजरी टीम ने 71 रन बना कर इस मैच में जीत हासिल की। इस दौरान सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का भी धन्यवाद किया।

# छात्र की हत्या मामले में वांछित अपराधी कन्हैया लाल गिरफ्तार

## जिला न्यायालय ने 2009 में उद्घोषित अपराधी किया था घोषित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**पुलिस ने चंडीगढ़ से किया गिरफ्तार, न्यायायिक रिमांड में भेजा**

उपमंडल नादौन के जसाई गांव के दुनी चंद पुत्र नारायण सिंह के पौते का सुनियोजित ढंग से प्लान बनाकर गांव में ही बहादुर सिंह के खेतों में काम करने वाले मजदूरों ने दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र मुनीष का अपहरण किया और फिरौती मांगी, उसके बाद उसे प्रताड़ित कर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। नादौन पुलिस थाना में नाबालिग युवक के अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस के पास जब छात्र के गुम होने की शिकायत मिली तो लगभग दो दिन बाद घर से कुछ दूरी पर झाड़ियों में स्कूल बैग के साथ मुनीष की लाश बरामद की थी। यह मामला वर्ष 2008 का है, जब मुनीष 17-04-2008 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कश्मीर तहसील नादौन में पढ़ाई करने गया था परंतु वह पाठशाला से जब 4 बजे छुट्टी होने पर भी घर न पहुंचा तो घरवालों ने उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि वह उस दिन न पाठशाला ही पहुंचा था, न ही किसी रिस्तेदार के घर गया गया था। स्थानीय निवासी बहादुर सिंह पुत्र दीवान चंद ने दुनी चंद को बताया कि उसके पास कन्हैया राम, रणजीत तथा बीरु सभी निवासी बरेली उत्तर प्रदेश परिवार सहित खेतीबाड़ी का काम करते थे तथा आज सुबह ही चले गए तथा 4.30 बजे बीरु व रणजीत ने उस दिन बहादुर सिंह से बात की तो वे दोनों दुनी चंद का फोन नंबर पूछ रहे थे। दुनी चंद के दूसरे बेटे प्रदीप कुमार ने अपने फोन से रात 8.10 बजे बीरु से बात की तो उसने प्रदीप कुमार को बताया कि वह इस वक्त आनंद बिहार दिल्ली में है तथा मुनीष कुमार उसके पास है। कल 12 बजे तक 22 लाख रुपए लेकर आ जाओ, नहीं तो मुनीष कुमार को मार देंगे। 15-20 मिनट के बाद फिर बात की तो बीरु व रणजीत ने बताया कि कम से कम 5 लाख रुपए आनंद विहार दिल्ली लेकर आ जाओ और उसके बाद फोन काट दिया।

जांच के दौरान मान खड्ड में उपरोक्त तीनों आरोपीयों के डेरे के पास मृतक मुनीष उर्फ मिंटु की लाश तिरपाल व घास में छुपाई हुई झाड़ियों से बरामद हुई थी, जिसकी इन्होंने निर्मम हत्या कर दी थी। इस दौरान क्षेत्र के लोगों में इस घटना के कारण काफी ज्यादा आक्रोश था तथा पूरे क्षेत्र में स्थिति बहुत ज्यादा तनावपूर्ण होने के कारण स्थानीय पुलिस को कानून व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्याधिक प्रयास करने पड़े थे। जांच के दौरान दिनांक 01-05-2008 को बीरु उर्फ वीरपाल, रणजीत उर्फ मोहित पुत्र सुखराम तथा कन्हैया पुत्र सुखराम सभी निवासीगण सिकंदरपुरा डाकखाना खेड़ा तहसील तिलहार जिला शाहजहांपुर (उप्र) को होशियारपुर से गिरफ्तार किया गया था तथा अभियोग में चालान तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। उपरोक्त उद्घोषित व्यक्ति कन्हैया लाल ट्रायल के दौरान से ही माननीय न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस कारण माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला हमीरपुर के न्यायालय से 03-03-2009 को इसको उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

**भेष बदलकर रह रहा था वांछित अपराधी**

पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि वीरवार को उद्घोषित अपराधी कन्हैया लाल को सेक्टर 32 चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया है तथा थाना नादौन में इस संदर्भ में मामला दर्ज कर उक्त उद्दघोषित अपराधी को वीरवार को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त उद्घोषित अपराधी को आगामी आदेशों तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह वांछित अपराधी भेष बदल कर रह रहा था, जिसे पुलिस की पीओ सैल की टीम ने गिरफ्तार किया है।

## नौहंगी पंचायत के करीब 6 गांवों के लोगों को 13 दिन से नहीं मिला पानी

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**जलशक्ति विभाग नहीं कर रहा है पानी की समस्या का कोई समाधान**

उपमंडल नादौन की नौहंगी पंचायत के आधा दर्जन गांवों के लोग पिछले 13 दिनों से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जलशक्ति विभाग से कई बार आग्रह किया लेकिन अभी तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। नौहंगी पंचायत के उपप्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि नौंहगी भूंपल स्कीम के अंतर्गत आने वाले गांव चौकी राजपूता, कैहरन, चैक, कुठियाणा उपरला, कथलाणी आदि गांवों में पानी की सप्लाई नहीं आ रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क निर्माण के दौरान एक पाइपलाइन टूटी है जिससे जलशक्ति विभाग द्वारा ठीक भी कर दिया है, लेकिन बावजूद इसके विभागीय लापरवाही के चलते पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है।

जलशक्ति विभाग व लोक निर्माण विभाग एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर पल्लू झाड़ लेते हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ठाकुर प्रकाश चंद ने कहा कि इन गांवों में विवाह सहित अन्य कार्यक्रम चले रहते हैं। पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाने पर विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि जो पानी की पाइप कोठी टैंक की टूटी थी, उसे ठीक किए चार दिन बीत गए हैं, लेकिन फिर पानी की समस्या बरकरार है।

उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मचारी कहते हैं कि पानी छोड़ दिया है, लेकिन वास्विकता यह है कि अभी भी पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने प्रशासन व विभाग के उच्च अधिकारियों से आग्रह किया है कि लोगों को पानी की समस्या से निजात दिलाई जाए।

जलशक्ति विभाग के एसडीओ अमित कुमार चौधरी का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन टूटी थी, उसे जोड़ दिया गया है। पानी क्यों नहीं आ रहा है, इसकी छानबीन की जाएगी और पानी की सप्लाई सुनिश्चित कर दी जाएगी।

## शोधार्थी देश और समाज के हित में करें नवाचार : प्रो. धीमान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शोध और नवाचार हमेशा समस्या के समाधान के लिए होना चाहिए, जिससे देश और समाज का भला हो सके। सभी छात्रों में समस्या को जानने और उसके समाधान के लिए प्रयास करने की प्रवृत्ति विकसित होनी चाहिए। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो. शशि धीमान ने प्रबंधन अध्ययन विभाग की दो दिवसीय ई-कार्यशाला के समापन सत्र में कही।

कुलपति ने कार्यशाला के समापन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक विशेष अतिथि रहे। इससे पूर्व कार्यशाला के संयोजक डॉ. शुभम शर्मा ने दो दिन के सत्रों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रो. धीमान ने कार्यशाला के आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला में तकनीकी विवि सहित प्रदेश व देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## 15 मार्च तक चलेगा 'मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ' अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला हमीरपुर में भी एक फरवरी से 15 मार्च तक 'मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ' अभियान चलाया जाएगा। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री ने बताया कि इस अभियान के तहत तहसील सुजानपुर की ग्राम पंचायत दाड़ला में किसानों को फसल बीमा योजना की पॉलिसी के दस्तावेज वितरित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पीएमएफबीवाई में नामांकित किसानों को ग्राम और पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों के माध्यम से फसल बीमा पॉलिसियों की हार्ड कॉपी वितरित की जाएगी। उपनिदेशक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य योजना के तहत नामांकित सभी ऋणी और गैर-ऋणी किसानों तक पहुंचना एवं उन्हें फसल बीमा के बारे में जागरूक कराना, प्रभावित किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना तथा उनकी आय को सुनिश्चित करना है, ताकि वे अपने कृषि कार्य को सुचारू ढंग से जारी रख सकें।

उपनिदेशक ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार द्वारा अधिसूचित खरीफ और रबी की फसल उगाने वाले बटाईदारों और काश्तकारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने वाले किसानों का स्वत: ही बीमा कर दिया जाता है जबकि, अन्य पात्र किसान अपना फोटो, पहचान पत्र, आधार कार्ड और अपनी भूमि के कागजात सहित बीमा कंपनी या नजदीकी लोकमित्र केंद्र, बैंक या ऑनलाइन माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं।

## आपदा प्रभावितों के लिए मददगार होगी 3-डी और लैगो तकनीक : राहुल चौहान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



कार्यवाहक उपायुक्त ने डीडीएमए की तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन किया।

किसी भी तरह की आपदा के कारण बेघर होने वाले लोगों के लिए बेहतर अस्थायी आश्रय यानि शैल्टर इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के सहयोग से यहां होटल हमीर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला वीरवार को संपन्न हो गई।

इस कार्यशाला में विभिन्न डिग्री कॉलेजों, अन्य शिक्षण संस्थानों, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनरों ने आधुनिक 3-डी और लैगो तकनीक से बनने वाले अस्थायी शैल्टरों के बारे में गहन जानकारी हासिल की। इस दौरान ब्रिटेन के बर्मिंघम के एस्टन विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को 3-डी और लैगो तकनीक की बारीकियां समझाईं। कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने कहा कि आपदा प्रभावितों के लिए 3-डी एवं लैगो तकनीक मददगार होगी।

कार्यवाहक उपायुक्त ने 3-डी और लैगो तकनीक से तैयार किए गए विभिन्न मॉडलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर एस्टन विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों डॉ कोमल राज आर्यल और डॉ. यी-चुंग लियू, डीडीएमए की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण अधिकारी समीक्षा शर्मा तथा जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रभारी भानु शर्मा ने कार्यवाहक उपायुक्त को कार्यशाला के दौरान करवाई गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यशाला के समापन अवसर पर एसडीएम संजीत सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस पर छात्रों ने दिया साफ-सफाई का संदेश



भूंपल स्कूल में राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूंपल में राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजेश गौतम जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर ने बच्चों को सफाई का महत्व समझाया और पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यालय के मैंगो इको क्लब के सदस्यों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे पेंटिंग, नारा लेखन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता और लघु नाटिका में हिस्सा लिया। जागरूकता रैली के माध्यम से छात्रों ने स्थानीय जनता को जागरूक किया और उनके साथ मिलकर स्थानीय इलाकों में सफाई की। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य राजरानी, जीएमएस धनियाल की मुख्याध्यापिका मोनिका एवं जीपीएस धनियाल के सीएचटी नवीन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कांता ढटवालिया बनीं महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत

### पति की मौत के बाद संभाली जिम्मेदारियां, पोस्ट ऑफिस में खुलवाए सबसे ज्यादा खाते, बनीं अभिकर्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**अन्य जरूरतमंदों की भी कर रहीं सहायता**

हमीरपुर जिले के बड़सर उपमंडल की कांता ढटवालिया (साहणी) ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर एक नया मुकाम हासिल किया है। जिले की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी कांता पोस्ट ऑफिस मे सबसे ज्यादा खाते खोलने वाली हमीरपुर की महिला बनी हैं।

बड़सर के बड़ाग्राम पंचायत से संबंध रखने वाली उक्त महिला ने 15 अक्तूबर से 31 नवंबर केवल डेढ़ माह के दौरान पोस्ट ऑफिस महारल मे विभिन्न केटागिरी मे 503 खाते खोल जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल करने की उपलब्धि प्राप्त की है।

गत साल भी कांता ढटवालिया जिला स्तर पर पहला स्थान हासिल कर चुकी है। इस उपलब्धि के लिए पोस्ट ऑफिस डिवीजन के अधिकारीयों ने उन्हें सम्मानित करके प्रोत्साहित किया है। पंचायत बड़ाग्राम के चौकी गांव से संबंध रखने वाली कांता ढटवालिया किसी परिचय की मोहताज नहीं है। छोटी सी उम्र में पति की अचानक मृत्यु के बाद दुखों का बड़ा पहाड़ सिर पर लेकर अपने छोटे-छोटे तीन बच्चों के लालन-पालन की चिंता मे गहरे तनाव में चली गई थी। जब होश संभाला तो पूरी जिंदगी का अकेलापन और तीन बच्चों की जिम्मेदारी सिर पर थी, लेकिन कांता ढटवालिया ने हार नहीं मानी और हिम्मत दिखाते हुए पोस्ट ऑफिस मे स्माल सेविंग अभिकर्ता का काम शुरू किया।

इस फील्ड में ही मुकाम को छुआ जिसके दम पर उन्होंने तीन बच्चों को पढ़ाया लिखाया, डिग्रियां करवाई, शादियां करवाई। कड़ी मेहनत को गले लगाकर कांता ने समाज मे और अपने कार्य क्षेत्र मे भी नाम कमाया। आज उनका बेटा बीटेक इंजीनियर है, जबकि दोनों बेटियां भी डिग्री होल्डर हैं।

चुनौतियों का हर समय सामना करने वाली कांता हर साल अपने घर पर भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन भी करवाती है। कांता ढटवालिया क्षेत्र की बहुत सी महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। उनकी प्रेरणा से दर्जनों महिलाएं समाज में कड़ी मेहनत से खुद का नाम कमा रही हैं। यह उनकी कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि छोटी उम्र से ही संघर्षशील रही है और लगातार दूसरी बार जिला स्तर का इनाम अपने नाम किया है। यही नहीं कांता अपने बुरे वक्त को न भूलकर आज समाज के जरूरतमंद परिवारों को भी सहारा बनी हैं और उनके बच्चों को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करती है। कांता ढटवालिया का कहना है कि पति का साथ छोटी उम्र में छूट गया था। उस समय मेरी हालत यह थी कि मैं भी मौत को गले लगा लूं, लेकिन छोटे-छोटे बच्चों की तरफ देखकर हिम्मत बांधी और पोस्ट ऑफिस में स्मॉल सेविंग का कार्य शुरू किया।

इस दौरान कई परेशानियां भी झेलीं, लेकिन मैंने मेहनत को ही हथियार बनाया। आज भगवान की कृपा से मैं पूर्ण रूप से साधन-संपन्न हूं। भगवान की कृपा से मुझे लगातार दूसरी बार जिला स्तर पर सबसे ज्यादा खाते खोलने के लिए सम्मान मिला है। इसके लिए मैं उन तमाम खाता धारकों व अपने शुभचिंतकों की आभारी हूं, जिन्होंने मेरा साथ व मार्गदर्शन किया।

## सनातनी होने का प्रमाण पत्र भाजपाइयों से लेने की आवश्यकता नहीं : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देशवासियों की धार्मिक और भावनात्मक आस्थाओं के प्रतीक धार्मिक उत्सवों को भाजपा नेता राजनीतिक इवेंट बनाने की राजनीति कर करोड़ों भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचाने का कार्य करते हैं। कौशल ने सनातन धर्म को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस नेताओं पर



की जा रही बयानबाजी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि हिंदू अथवा सनातनी होने का प्रमाण पत्र किसी भी देशवासी को भाजपाइयों से लेने की आवश्यकता नहीं है और किस व्यक्ति को किस प्रकार से अपनी आस्था को व्यक्त करना है, इसकी शिक्षा दीक्षा भी कोई भाजपा हेडक्वार्टर से नहीं लेगा। देश के करोड़ों लोग अपने घरों में सत्य नारायण की कथा करवाते हैं अपने घरों के समीप स्थित मंदिरों में रोज पूजा-अर्चना करते हैं, क्या भाजपाइयों की नजर में वह सनातनी हिंदू नहीं हैं। कौशल ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ करोड़ों देशवासियों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है, मगर भाजपा द्वारा इसे राजनीतिक प्रचार का माध्यम बनाया जा रहा है, जो बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। कौशल ने कहा कि मन में खोट और जहन में नफरत रखने वाले भाजपाई डुबकियां लगाने से पवित्र होने वाले नहीं हैं।

**अनदेखी** ग्रामीणों को टैक्सी कर कक्कड़ पटवार भवन में करवाने पड़ रहे कार्य

## बजट न होने से अमरोह पटवार भवन खस्ताहाल

**एसके शर्मा, जाहू**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत अमरोह पंचायत के गांव तन अमरोह में पटवार भवन गिरने के कगार पर है, जिसकी वजह से यहां के पटवारी को कक्कड़ के भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। यह पटवार घर को बने हुए 25 वर्ष से भी अधिक समय हो गया है, जिसकी अब स्थिती नाजुक बनी हुई है। इस समय अमरोह का पटवारी कक्कड़ पंचायत के पटवार भवन में बैठकर लोगों के कार्यों को निपटा रहा है।

अमरोह पंचायत के अंतर्गत पड़ने वाले 10 गांवों के ग्रामीणों भुक्कड़, अमरोह, गुदवीं, तन अमरोह, वाहल, नमलाख, बजोरा, वैरींभंटा, शाहीदाघाट को अपना जमीन से संबंधित व अन्य कार्यों को करवाने के लिए 7 किलोमीटर की दूरी तय करके कक्कड़ पटवार भवन में जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों में अमरोह पंचायत के उपप्रधान योगराज, सुभाष चंद, तारा चंद कौंडल, प्रभुराम, सुरेश ठाकुर, संजय



अमरोह पटवार भवन का पटवारी कक्कड़ पटवार भवन में बैठकर कर रहा कार्य।

**लोगों ने सरकार से की नया भवन बनाने की मांग**

प्रेमी, जगदेव ठाकुर, चमन लाल, कश्मीर सिंह, सरोज कुमारी, कमलेश कुमारी, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, अशोक कुमार, देश राज, अमर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा तन अमरोह पटवार भवन के लिए बजट का प्रावधान न करने की वजह से ग्रामीणों को अपने जमीन से संबंधित व अन्य कार्य करवाने के लिए कक्कड़ पटवार भवन में जाना पड़ रहा है जिसकी दूरी लगभग 7 किलोमीटर पड़ती है।

इनका कहना है कि अमरोह से बसों का अभाव होने की बजह से टैक्सी करके कक्कड़ पटवार भवन में कार्य करवाने के लिए जाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि तन अमरोह पटवार भवन लगभग 25 वर्ष पुराना है और इसकी हालत खस्ता हो चुकी है परन्तु प्रदेश सरकार व प्रशासन की अनदेखी के चलते इसका खामियाजा अमरोह पंचायत के ग्रामीणों का भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने प्रदेश सरकार व प्रशासन से मांग की है कि तन अमरोह पटवार भवन को अतिशीघ्र डिस्म्मेंटल किया जाए और नए भवन के लिए बजट का प्रावधान करवाया जाए।

अमरोह पंचायत की प्रधान वीना कुमारी ने बताया कि तन अमरोह पटवार भवन की हालत बहुत ही दयनीय होने की वजह से पटवारी कक्कड़ पटवार भवन में बैठ रहा है, जिसकी वजह से ग्रामीणां को अपने कार्य करवाने के लिए 7 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के बारे में प्रशासन का अवगत करवाने के बावजूद भी तन अमरोह पटवार भवन के लिए बजट का प्रावधान नहीं किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलना हमारे लिए प्रेरणा का विषय : भारती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर, सुजानपुर**



महात्मा गांधी को नमन करते गणमान्य।

गांधी चौक हमीरपुर में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुमन भारती की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुमन भारती ने कहा कि बापू जी का जीवन ही उनका संदेश था। उनके संदेश में सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह की भावनाएं छिपी हुई हैं। उनकी सोच देश को एक व अखंड रखने के लिए आवश्यक है। हम उनके जीवन दर्शन को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलना हमारे लिए प्रेरणा का विषय है। इस मौके पर पूर्व विधायिका अनीता वर्मा, एपीएमसी चेयरमैन अजय शर्मा, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष टोनी ठाकुर, डॉ पुष्पेंद्र वर्मा, तेज नाथ, आरसी डोगरा, पुरषोत्तम कालिया, नीलम ठाकुर, राजेश आनंद, देवीदास शहंशाह, अखिलेश चौधरी, विवेक कटोच, निशा कटोच, अश्वनी शर्मा, शिवांशु धीमान, चंद्रशेखर, संतोष कुमार, मुकेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं, सुजानपुर में भी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुजानपुर टीहरा में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया तथा दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की आजादी की लड़ाई के स्तंभ थे, जिन्होंने पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सुरेंद्र गुप्ता, कै. चंबेल सिंह, नप पूर्व अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मनोज ठाकुर, बीना धीमान, मनोज गुप्ता, विनय शर्मा, सिद्धार्थ वालिया, संजीव राणा व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर में ई-स्कूटर में लगी आग

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के मासियाना घाट के पास एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में अचानक आग लगने की घटना सामने आई है। स्कूटर पूरी तरह जलकर राख हो गया, लेकिन गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। पीड़ित स्कूटर मालिक ने घटना की शिकायत ओला कंपनी से की, जिसके बाद कंपनी के कर्मचारी स्कूटर को जांच के लिए ले गए हैं।मासियाना गांव के निवासी रवि शर्मा अपने ओला स्कूटर पर लखमन सिद्ध मंदिर गए थे, जो गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर है। मंदिर के पास उन्होंने स्कूटर खड़ा किया और जैसे ही सीढ़ियां चढ़ने लगे, अचानक स्कूटर में आग भड़क उठी। देखते ही देखते स्कूटर पूरी तरह आग की चपेट में आ गया। वहां मौजूद मजदूरों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक स्कूटर जलकर नष्ट हो चुका था। ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। देशभर में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिसके बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। अब देखना होगा कि कंपनी की रिपोर्ट में इस आग का कारण क्या निकलता है और इस पर क्या कदम उठाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)



### सोलन में चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने बसाल में कबाड़ की दुकान से सामान चोरी के मामले में मंडी जिला के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक कृष्ण लाल निवासी जिला सोलन ने पुलिस चौकी शहर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थे कि यह बसाल रोड चंबाघाट में कबाड़ की दुकान चलाता है। 6 जनवरी को इनकी और इनके ही पड़ोस में स्थित राजेंद्र कुमार की कबाड़ की दुकान से कोई अज्ञात व्यक्ति कबाड़ का सामान चुराकर ले गया। जिसमें चोर, पुरानी सोलर बैटरियां, पखे, फ्रिज इत्यादि कुल 1,90,000 रुपए की कीमत का सामान चुरा ले गए थे। जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान मौका पर लगे सीसीटीवी फुटेज व संदिग्ध मोबाईल नम्बरों की जांच के आधार पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा मामले में संलिप्त 3 आरोपियों मंगल सिंह पुत्र मस्त राम निवासी गांव भियुली मंडी, रिंकू उर्फ काला पुत्र कर्मू निवासी गांव मलथेर बल्ह व सोनू पुत्र सागर ब्युली मंडी, जिला मंडी को उपरोक्त अभियोग में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके उनका 3 दिन का पुलिस हिरासत डिमांड हासिल किया गया। मामले की जांच जारी है।

### 8 ग्राम चिट्टे समेत मां-बेटा गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। ताजा मामले में पांवटा साहिब थाना पुलिस ने चिट्टे (स्मैक) और नकदी के साथ एक मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ये दोनों नशे के अवैध कारोबार में लिप्त हैं। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों के घर पर छापा मारा। पुलिस ने वार्ड नंबर 10, कृपाल शिला गुरुद्वारा, देवी नगर, पांवटा साहिब में रहने वाली सुंदरी पत्नी बादल और उसके बेटे अक्षय को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा और 63,000 रुपए नकद बरामद किए गए। पुलिस को सूचना थी कि यह मां-बेटा नशे का अवैध व्यापार करते हैं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### चिट्टे व नशीली दवाई संग एक दबोचा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/कुपवी।** उत्तराखंड बॉर्डर पर कुपवी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान नशीली दवाई और चिट्टे के साथ युवक को हिरासत में लिया गया है। एएसआई सत प्रकाश एवं उनकी टीम द्वारा उत्तराखंड सीमा के समीप मीनस पुल पर नाकाबंदी की गई थी । इस दौरान रात करीब दो बजे पुलिस टीम ने उत्तराखंड की तरफ से आ रहे गांव कलारा डाकघर नेरवा निवासी एक युवक को 2.07 ग्राम चिट्टे और एक शीशि प्रतिबंधित कोडीन फॉस्फेट एंड ट्रिपरोलिडीन के साथ हिरासत में लिया। युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है ।

### जेसीबी की चपेट में आया ऑपरेटर, मौत

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पुलिस थाना अर्की के तहत जेसीबी की चपेट में आने से ऑपरेटर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शहजाद पुत्र अबदुल रशीद निवासी गांव जलाडी, जिला चंबा ने थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह जेसीबी ऑपरेटर काम करता है और काफी समय से सुरेंद्र पाठक की जेसीबी को ऑपरेट करने का कार्य कर रहा है। आज कल यह अपनी उपरोक्त जेसीबी गांव धारठ में नरेश ठाकुर के प्लाट की कटिंग का काम कर रहा था। इसके साथ ही सुरेंद्र पाठक की दूसरी जेसीबी भी मौके पर इसी प्लाट में कटिंग का काम कर रही थी। इस मशीन पर संजय कुमार पुत्र देशराज बालु गलोआ, जिला कांगड़ा बतौर ऑपरेट्रर काम कर रहा था। कटिंग करते समय संजय से मशीन अनियंत्रित होकर ढलान की तरफ लुढ़क गई और वह मशीन की चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में संजय की मौके पर ही मौत हो गई।

### जहरीला पदार्थ निगल कर की आत्महत्या


**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट के अंतर्गत धुंदन पंचायत के पंचायत सदस्य द्वारा जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विगत दिन एक व्यक्ति ने थाने में फोन करके जानकारी दी कि बड़यार नाला एयर श्मशानघाट में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। मृतक व्यक्ति की पहान धुंदन पंचायत के एयर गांव का सुखराम पुत्र प्रेमाराम के रूप पहचान हुई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास बारीकी से निरीक्षण में पाया कि शव से करीब 10 मीटर की दूरी पर जहरीली कीटनाशक खाली शीशि बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर उपस्थित स्थानीय प्रधान शकुंतला शर्मा, संजीव कौशल, दौलत राम व धनीराम के ब्यान कलमबद्ध कर शव का अर्की अस्पताल पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा प्रथम दृष्टि के आधार पर आत्महत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

# परौर-पधर एनएच की खत्म होगी असमंजस

## सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज बोले-चक्की रेल पुल जल्द होगा कंप्लीट

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

कांगड़ा-चंबा के लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता ने उन्हें इसलिए ही भारी मतों से जिताया है, ताकि वह गांव की छोटी-छोटी समस्या को विश्व की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में उठा सकें। उन्होंने कहा कि वह बड़ी बेबाकी से अपनी बात लोकसभा में रख रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद पहली बार जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आए सांसद ने भारी जनादेश देने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में सबसे बड़ी जरूरत रेल सेवा के विस्तार की है। उन्होंने कहा कि मैंने इस क्षेत्र की लाइफ लाइन टॉय ट्रेन के बरसात के दिनों में बंद होने का मसला भी बखूबी उठाया और उसके बाद ही यह रेल सेवा बहाल हुई। चक्की खड्ड पर बने रेल पुल के निर्माण का काम भी बड़ी तेजी से चल रहा है। मैं अधिकारियों को लेकर वहां गया था। मैंने खुद उस पुल का निरीक्षण किया। जल्द ही पुल का काम कंप्लीट हो जाएगा। मैंने रेल मंत्री से भी इस बाबत बात की और उन्होंने प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस पुल को जल्द कंप्लीट करवाने के आदेश दिए हैं। अभी इस रूट पर दो ट्रेनें चल रही हैं, लेकिन जब यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा तो बाकी ट्रेनें भी दौड़ पड़ेंगी।

परौर से लेकर पधर तक नेशनल हाईवे को लेकर असमंजस शीघ्र ही खत्म हो जाएगा। मैंने दो दिन पहले ही यह मसला केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उठाया है। इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों के साथ नूरपुर में बैठक कर चुका हूं। पुराने कंसल्टेंट के जाने के बाद नया कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए मात्र एक आवेदन आया था, जिस पर फैसला नहीं लिया जा सकता।

उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही नया कंसल्टेंट रख लिया जाएगा और काम शुरू हो जाएगा। मेरे सांसद बनने से पहले काम कछुआ गति से चला हुआ था, लेकिन जबसे मैं सांसद बना मैंने अधिकरियों के साथ बैठक कर यह मसला नितिन गडकरी से उठाया है। उन्होंने शीघ्र ही परौर से लेकर पधर तक एनएच पर काम शुरू करने के लिए कह दिया है। सांसद ने पठानकोट-मंडी फोरलेन को शीघ्र पूरा करने की बात भी कही।

### टांडा अस्पताल का होगा विस्तार

**कांगड़ा** जिले में एकमात्र बड़ा सरकारी अस्पताल है और बाकी सारे अस्पताल रेफर अस्पताल बन चुके हैं। क्या पीजीआई की तर्ज पर टांडा अस्पताल का भी विस्तार होगा? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा हम कोशिश जरूर करेंगे, लेकिन टांडा की मैनेजमेंट राज्य सरकार के हाथ में है। स्वास्थ्य की दृष्टि से इस लोकसभा क्षेत्र में अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। अगर नीयत अच्छी हो, नीति अच्छी हो तथा अपनी मांग को तर्कों के आधार पर रखने का माद्दा हो तो निश्चत रूप से समस्या का हल हो जाता है।

### मेरे संसदीय क्षेत्र में बने पीजीआई का सैटेलाइट सेंटर

**उन्होंने** कहा कि मैं पीजीआई का सैटेलाइट सेंटर अपने लोकसभा क्षेत्र कांगड़ा-चंबा के सेंट्रल पैलेस में बनवाने के लिए प्रयासरत हूं। इस मसले को लेकर मैं प्रश्न अवश्य उठाऊंगा, ताकि लोगों को अपडेटड स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकें।

# प्रदेशभर में 9वीं व 11वीं की परीक्षाएं 5 मार्च से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश भर में ली जाने वाली शैक्षणिक सत्र 2024-25 वार्षिक कक्षा 9वीं तथा 11वीं कक्षा की डेटशीट घोषित कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 5 से 18 मार्च तक आयोति की जाएगी, जबकि कक्षा 11वीं की परीक्षा 5 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित की जाएगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा दोपहर 12:45 से शाम 4 बजे तक ली जाएगी।

प्रदेश शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मेजर विशाल शर्मा ने वीरवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रश्नों के उत्तर देते रागय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तरपुस्तिका पर भी वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों को अपराहून 12:45 बजे प्रश्न पत्र के साथ उत्तरपुस्तिका भी आबंटित की जाएगी। परीक्षार्थियों को 15 मिनट का समय प्रश्न पत्र पढ़ने उत्तरपुस्तिका के पृष्ठों की गणना करने व सही पाये जाने के उपरांत ही उत्तरपुस्तिका पर अपना विवरण दर्ज करने हेतू दिया गया है, परीक्षा अपराहून 1:00 बजे ही आरंभ होगी। उन्होंने कहा कि जिन विषयों को दर्शाया गया है, के प्रश्न पत्र बोर्ड द्वारा उपलब्ध नहीं करवाए जाएंगे तथा इन विषयों के प्रश्न पत्र विद्यालयों द्वारा रखयं तैयार करवा कर परीक्षा संचालित करवाई जाए। प्रैक्टिकल परीक्षाएं संबंधित राजकीय एवं संबद्धता प्राप्त विद्यालयों ने लिखित परीक्षा से पूर्व आन्तरिक रूप से संचालित करवाई जाएगी।

**नवमीं कक्षा की डेटशीट**

| तिथि | विषय |
|---|---|
| 5 मार्च | गणित |
| 7 मार्च | सामाजिक विज्ञान |
| 10 मार्च | अंग्रेजी |
| 11 मार्च | फाईनेशियल |
| 12 मार्च | हिंदी |
| 13 मार्च | आर्ट बी |
| 15 मार्च | संस्कृत, उर्दू, पंजाबी |
| 17 मार्च | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी |
| 18 मार्च | आर्ट ए |

**11वीं कक्षा की डेटशीट**

| तिथि | विषय |
|---|---|
| 5 मार्च | अंग्रेजी |
| 6 मार्च | पब्लिक एडमिस्ट्रेशन |
| 7 माच | जियाग्राफी |
| 10 मार्च | फाइन आर्ट, फिजिक्स |
| 11 मार्च | हिंदी उर्दू |
| 12 मार्च | इकोनोमिक्स |
| 13 मार्च | सायक्लोजी |
| 15 मार्च | एकाउटेंसी बायेलोजी |
| 17 मार्च | इतिहास |
| 18 मार्च | फिलोप्सी |
| 19 मार्च | संसस्कृत |
| 20 मार्च | बिजनेस स्टडी, कमीस्ट्री |
| 21 मार्च | पाल्टीकल साईस |
| 22 मार्च | नृत्य |
| 24 मार्च | फिजिकल एजूकेशन |
| 25 मार्च | नागरिक शास्त्र |
| 26 मार्च | गणित |
| 27 मार्च | संगीत |

# महाकुंभ में लहड़ा की 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला लापता

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

गलोड़ क्षेत्र के लहड़ा गांव की प्रीतो देवी पत्नी छोटू राम उम्र 78 साल प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला में लापता हो गई है। पांच दिन पहले स्थानीय पंडित वासुदेव शर्मा प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए इस क्षेत्र से बस के माध्यम से 50 लोगों का एक जत्था लेकर रवाना हुए थे।



प्रयागराज में आजकल बहुत ही ज्यादा भीड़ है और इसी भीड़ में 28 जनवरी को प्रयागराज में जब सभी श्रद्धालु कुंभ मेले में घाट की ओर पैदल स्नान के लिए जा रहे थे, उसी समय प्रीतो देवी अपने जत्थे से बिछुड़ गई। प्रीतो देवी अनपढ़ है और सिर्फ पहाड़ी भाषा ही जानती है। प्रीतो का बेटा वीरवार सुबह ही टैक्सी पकड़कर अपनी माता को पूर्व प्रधान राकेश कुमार के साथ ढूंढने के लिए प्रयागराज रवाना हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज में यह महिला एक शुक्ला परिवार को मिली थी और उन्होंने अपने साथ इसे रिक्शे पर बिठाया मगर महिला का मानसिक संतुलन डर की वजह से बिगड़ चुका है और उस परिवार से भी यह महिला बिछुड़ गई है। प्रीतो देवी के कुंभ में लापता होने से पूरा परिवार परेशान हो गया है वहीं कुछ लोग पंडित वासुदेव को भी ऐसे बुजुर्ग लोगों को इतनी ज्यादा भीड़ में लेकर जाने पर भी तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी इस महिला को ढूंढने की अपील की जा रही है।

## हिमाचल भाजपा में बनती दिखाई दे रही चिंताजनक स्थिति : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज का समय भाजपा का स्वर्ण युग है। नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनना पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद केवल दूसरा उदाहरण है। 500 वर्षों के बाद राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर की धारा 370 को समाप्त करना और विकसित भारत का निर्माण भारत के इतिहास का अत्यंत सौभाग्यपूर्ण समय है। पूरे भारत में भाजपा आज एक महा शक्ति के रूप में खड़ी है।



उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हिमाचल भाजपा में चिंताजनक स्थिति बनती दिखाई दे रही है। इसके कारण पूरी पार्टी में चिंता व्याप्त है। पार्टी एक परिवार की तरह होती है। नए लोग आते हैं, परंतु पुराने लोगों के मान-सम्मान में कोई अंतर नहीं आना चाहिए। हिमाचल प्रदेश भाजपा के सभी नेताओं से उन्होंने आग्रह किया है कि मिल-बैठ कर आज की स्थिति को ठीक करें। नए आने वाले नेताओं को पूरा मान-सम्मान भी मिले, परंतु पार्टी में पुराने नेताओं का मान सम्मान बराबर रहे। एक तरफ पूरे भारत में पार्टी का शानदार स्वर्ण युग और दूसरी तरफ हिमाचल में पार्टी की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। प्रदेश के सभी नेता इस स्थिति को ठीक करें।

# राज्यसभा सांसद इंदुबाला ने दिल्ली में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में किया प्रचार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यसभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी ने दिल्ली में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर प्रचार किया। उन्होंने दिल्ली वासियों को दिल्ली में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों पर भरोसा करने की सलाह दी और कांग्रेस और आप पार्टियों के दुष्प्रचार से आगाह किया।




उन्होंने कहा कि पंजाब और हिमाचल की सरकारें महिलाओं को केवल एक हजार रुपए मासिक नहीं दे पाई हैं तो दिल्ली में अढ़ाई हजार रुपए मासिक कहां से दे पाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल सत्ता हथियाने के लिए मतदाताओं को सब्ज बाग दिखा रहे हैं, जबकि भाजपा दिल्ली को विश्व स्तरीय सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 25 सालों में दिल्ली में कांग्रेस और 'आप' ने मिलकर शासन किया और दिल्ली को बर्बाद किया है और अब लोगों को एक मौका भाजपा को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं, युवाओं और पेशेवर लोगों के लिए नए अवसर पैदा करेगी तथा राजधानी में खुशहाली का नया दौर शुरू होगा।

# विधानसभा अध्यक्ष ने महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर रिज मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश के लिए महात्मा गांधी के संघर्षों व विचारों को याद किया गया।



उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सत्यनिष्ठा एवं अहिंसा के पुजारी थे व देश को आजाद करने के लिए महात्मा गांधी ने अहम भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन दर्शन को अपनाकर अनेक महापुरुषों ने अपने जीवन का उद्धार किया है तथा समाज को नई राह दिखाई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज का दिवस उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों व सैनिकों को समरण करने का दिन है, जिन्होंने इस देश की आजादी व रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हम सभी को उन महान विभूतियों द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण कर आगे बढ़ना होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने महात्मा गांधी और शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन धारण किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन-गायन एवं राम धुन की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा, उपाध्यक्ष वन विकास निगम केहर सिंह खाची, पूर्व सांसद एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पार्षदगण, अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य को-ऑपरेटिव बैंक देवेंद्र श्याम, महाधिवक्ता अनूप रत्न, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## हिमाचल को नहीं चाहिए नए आईएएस-आईपीएस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल सरकार ने इस बार नए आईएएस-आईपीएस को लेकर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र द्वारा हिमाचल सरकार को भेजे गए पत्र के जवाब में राज्य सरकार ने 2025 बैच के लिए आईएएस-आईपीएस लेने को इनकार किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू से चर्चा के बाद कार्मिक विभाग ने केंद्र को जवाब भेज दिया है। सूत्रों की माने तो सरकार ने हिमाचल में आईएएस-आईपीएस की कैडर स्ट्रेंथ को कम करने के लिए यह फैसला लिया है। छोटे से राज्य हिमाचल में पहले ही 153 आईएएस का कैडर है। इनमें से 107 डायरेक्ट आईएएस और 40 प्रमोशन के लिए सीनियर एचएएस अफसरों में से भरे जाते हैं। बता दें कि केंद्र सरकार हर साल सभी प्रदेश से आईएएस-आईपीएस की डिमांड पूछती है, ताकि उसी हिसाब से राज्यों को अधिकारी प्रदान किए जा सकें।

**केंद्र के पत्र का सरकार ने दिया जवाब; ब्यूरोक्रेसी के दबाव में शांता को पलटना पड़ा था फैसला**


पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी नए आईएएस-आईपीएस लेने से इनकार किया था। मगर तब ब्यूरोक्रेसी का दबाव में उन्हें फैसला पलटना पड़ा था। इस बार मुख्यमंत्री सुक्खू ने किसी की परवाह किए बगैर आईएएस-आईपीएस लेने को इनकार कर दिया।

# पसंदीदा लोगों पर करोड़ों लुटाने वाले सीएम को नए अधिकारियों से परहेज क्यों : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी से जारी बयान में कहा कि सुक्खू सरकार हर दिन अपने अजीबो-गरीब हरकतों से प्रदेश का नुकसान कर रही है।

सुक्खू सरकार द्वारा आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को लेने से इनकार करने के मामले में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री दागदार अधिकारियों को अपने सलाहकार मंडल की फौज में शामिल करते हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश के विकास में अपना योगदान देने वाले अफसरों को लेने से इनकार करते हैं।



अपने चहेते मित्रों और नजदीकी लोगों पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाने वाले मुख्यमंत्री को प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों से ऐतराज क्यों है। जब आज सरकार नए अधिकारी नहीं लेगी तो कल प्रदेश को आवश्यकता के अनुसार अधिकारी कैसे मिलेंगे। उन अधिकारियों का काम कौन करेगा। क्या मुख्यमंत्री अधिकारियों के काम अपने मित्रों से ही करवाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि हम संघीय व्यवस्था में रहते हैं। यह हमारे संविधान द्वारा दी गई व्यवस्था है। संघीय व्यवस्था हमारे संविधान की एक खूबी है। जहां केंद्र और राज्य के बीच विभिन्न मुद्दों पर परस्पर समन्वय और सहमति से काम किया जाता है, लेकिन वर्तमान सरकार हर प्रकार के नियम कानून का उल्लंघन करने में विश्वास रखती है। अगर सरकार अधिकारियों को नहीं लेगी तो जो काम अधिकारियों के हैं उन्हें कौन करेगा। सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश में चल रही समस्त व्यवस्थाओं का पतन करना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

## जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी कंप्लीट उनके राशन कार्ड अनब्लॉक करे विभाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश के जिन उपभोक्ताओं ने अपने राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी करवा ली है उनके राशन कार्ड शीघ्र अनब्लॉक करने की मांग प्रदेश डिपो संचालक समिति ने की है।

समिति के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कवि ने प्रेस बयान में कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने समय रहते ई-केवाईसी नहीं की थी, उनके राशन कार्ड विभाग द्वारा ब्लॉक कर दिए गए थे। इनमें से अधिकांश उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया है, लेकिन अभी तक भी बहुत सारे राशन कार्ड ब्लॉक हैं। जिन राशन कार्डों में पांच साल से कम आयु वाले बच्चों की ई-केवाईसी नहीं हुई है, विभाग ने पहले इनकी ई-केवाईसी भी अनिवार्य बताते हुए ऐसे राशन कार्डों को भी ब्लॉक कर दिया था, लेकिन विभाग ने उसके बाद इस निर्णय को वापस लेकर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की ई-केवाईसी की अनिवार्यता को खत्म कर दिया था। बावजूद इसके अभी भी इस तरह के सभी राशन कार्डों को अनब्लॉक नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में इस माह सस्ते राशन से वंचित उपभोक्ताओं को अगले माह भी सस्ते राशन से वंचित रहने का डर सताने लगा है। कवि ने विभाग से मांग की है कि ऐसे राशन कार्डों को शीघ्र अनब्लॉक किया जाए, ताकि उपभोक्ता अगले माह सस्ते राशन का लाभ उठा सकें।

**हलचल** — एक गुट प्रतिभा को हटाना चाहता, हॉली-लॉज में आस्था रखने वाले करना चाहते हैं कंटीन्यू

# हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष को बदलने की चर्चाएं हुई तेज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष को बदलने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कांग्रेस का एक धड़ा प्रतिभा सिंह को हटाना चाह रहा है, जबकि हॉली-लॉज में आस्था रखने वाले नेता प्रतिभा सिंह को कंटीन्यू अध्यक्ष के तौर पर देखना चाहते हैं। प्रतिभा सिंह का अध्यक्ष के तौर पर 3 साल का कार्यकाल 25 अप्रैल 2025 में पूरा हो रहा है। इसलिए सियासी गलियारों में उन्हें बदलने की ज्यादा हलचल नजर आ रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू की दिल्ली में बीते कल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात ने इन चर्चाओं को बल दिया है।



दिलचस्प बात यह है कि प्रदेश में पूर्व में जब-जब वीरभद्र सिंह मुख्यमंत्री रहे हैं, तो उनके सीएम रहते हुए कांग्रेस अध्यक्ष की कमान हमेशा विरोधी खेमा के नेता के पास रही है। इनमें विद्या स्टोक्स, कौल सिंह ठाकुर और सुखविंद्र सिंह सुक्खू शामिल रहे हैं। हाईकमान ऐसा इसलिए करता है, ताकि एक ही गुट के स्थापित नेता मनमानी न कर सके। इस वजह से राठौर का नाम ज्यादा चर्चा में है और मुख्यमंत्री की पसंद के नेता का अध्यक्ष बनने पर संशय है।

राजनीति के जानकार बताते हैं कि हाईकमान के लिए प्रतिभा को हटाने का फैसला लेना आसान नहीं होगा, क्योंकि प्रतिभा को बदलने का मतलब सीधे तौर पर वीरभद्र सिंह की लीगेसी को चुनौती देने जैसे होगा। ऐसे में हाईकमान सोच समझकर निर्णय लेगी, क्योंकि 26 अप्रैल 2022 में हाईकमान ने ही 'वीरभद्र कार्ड' खेलते हुए प्रतिभा को अध्यक्ष बनाया था।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद बड़ा फेरबदल

**माना** जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हिमाचल में नया संगठन बनेगा। नया संगठन बनाने से पहले हाईकमान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को लेकर फैसला ले सकती है, यह प्रतिभा सिंह को कंटीन्यू करने और बदलने से जुड़ा हो सकता है।

### हाईकमान की पसंद राठौर

**वहीं,** अध्यक्ष पद के लिए हाईकमान में कुछ शीर्ष नेताओं की पसंद कुलदीप राठौर हैं। राठौर पूर्व में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में ठियोग के विधायक है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी हाईकमान ऐसा अध्यक्ष चाह रहा है, जो सरकार पर लगाम लगा सके। इसके लिए हाईकमान राठौर को सबसे बेहतर विकल्प मान रहा है। कुलदीप राठौर को सुक्खू कैंप का विरोधी माना जाता है।

### सुक्खू खेमा अवस्थी को बनाना चाह रहा अध्यक्ष

**पार्टी** सूत्र बताते हैं कि सुक्खू खेमा अर्की से विधायक संजय अवस्थी का नाम अध्यक्ष पद के लिए आगे कर रहा है। संजय अवस्थी पूर्व में प्रदेश कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट भी रह चुके हैं। अवस्थी पर सहमति नहीं बनती, तो मंत्री रोहित ठाकुर और अनिरुद्ध में से भी किसी एक का नाम अध्यक्ष पद के लिए आगे किया जा सकता है। इसके लिए एक मंत्री को कैबिनेट से ड्रॉप करना करना होगा।

### 85 दिन से बिना संगठन के कांग्रेस

**फिलहाल** प्रदेश में कांग्रेस 85 दिन से बगैर कार्यकारिणी के है। इस वक्त प्रदेश में इकलौती प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह बची हैं। बाकी पूरी राज्य, जिला व ब्लाक कार्यकारिणी खड़गे ने भंग कर रखी हैं। इस वजह से कांग्रेस नेता अढ़ाई महीने से अधिक समय से नए संगठन में पदों के लिए लॉबिंग में जुटे हैं। सीएम सुक्खू से पहले प्रतिभा सिंह, मुकेश अग्निहोत्री और दूसरे कांग्रेस नेता भी बीते दो महीने से बारी बारी हाईकमान से जाकर मिल रहे हैं।

## कसौली के विधायक कर रहे भेदभाव की राजनीति : सहजल

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** भाजपा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सहजल ने कसौली विधानसभा में होने वाले कार्यों को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने विधायक विनोद सुल्तानपुरी पर भेदभाव की राजनीति के आरोप लगाते हुए कहा की विधायक भाजपा के कार्यों पर अपनी पट्टिका लगा रहे हैं तथा उनके समय लगी हुई पट्टिकाएं गिरवा रहे हैं।

उन्होंने कहा की उनकी सरकार में जनता के साथ सीधा संवाद करने के लिए जनसभा की जाती थी तथा ज्यादातर मामले वहीं निपटा दिए जाते थे, परंतु आज कसौली विधानसभा में 1000 से अधिक निशानदेही लंबित पड़ी हैं। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था भी चरमराई हुई है। उद्योग पलायन कर रहे हैं परवाणू के एकमात्र अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है जिस पर सरकार कोई कार्य नहीं कर रही है।

पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने कहा की परवाणू में लंबे समय से नगर परिषद परवाणू में कार्यकारी अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया है। कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार तत्कालीन सहायक आयुक्त महेंद्र सिंह को दिया गया था जो की वर्तमान में उपमंडल अधिकारी कसौली हैं, परंतु परवाणू में सहायक आयुक्त के रूप में शेफाली शर्मा द्वारा पदभार सँभालने के बाद भी कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त भार उपमंडल अधिकारी के पास है। जिस कारण परवाणू और कसौली दोनों कार्यालयों में लोगों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा कसौली मंडल के दोनों अध्यक्ष मदन मोहन मेहता व लक्ष्मी दत्त अत्री, नगर परिषद परवाणू पार्षद किरण चौहान, पूर्व पार्षद ध्यान सिंह, राज कुमार घई, भाजपा परवाण नगर प्रभारी अवतार जम्वाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कुष्ठ रोग के लक्षणों व इलाज के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर वीरवार को खंड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से सिविल अस्पताल डाडासीबा में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार फोतेदार के निर्देशानुसार कुष्ठ रोग निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पंकज कौंडल एवं डॉ. नवतेज सिंह ने की। इसमें नरेश कुमार स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य कर्मचारी और 50 आशा ने भाग लिया। डॉ. पंकज कौंडल ने कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया डॉ. पंकज कौंडल ने बताया कि शरीर पर हल्के पीले व तांबे के रंग के दाग आना, जिसमें खुजली न होना, त्वचा का सुन्न होना, हाथ पैर या आंखों का कमजोर होना, आंख की पलक बंद नहीं होना कुष्ठ रोग के लक्षण हैं। इसका संपूर्ण इलाज 6 से 12 महीने में किया जा सकता है।

### धीरा स्कूल ने दी यातायात नियमों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा जिला कांगड़ा के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने रैली के जरिए धीरा बाजार में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सुबह स्कूल की प्रार्थना सभा में भी बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में विभिन्न अध्यापकों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई व यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।यह जानकारी धीरा स्कूल के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने दी।

### चेन वुड कटर का एक हफ्ते में करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन विभाग द्वारा पेड़ों को काटने में उपयोग किए जाने वाले चेन वुड कटर की रजिस्ट्रेशन करने का अभियान शुरू किया हुआ है। इसी कड़ी में बन खंड अधिकारी फतेहपुर ब्रह्म सिंह ने गुरुवार को मिमीया के माध्यम से फतेहपुर के पंजीकृत ठेकेदारों को आगामी एक सप्ताह के भीतर चेन वुड कटर की रजिस्ट्रेशन विभाग के पास करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि फतेहपुर में विभाग के पास करीब 25 ठेकेदार पंजीकृत हैं, जिनमें आधे ठेकेदारों ने अपने चेन वुड कटर की रजिस्ट्रेशन करवा ली है। उन्होंने रजिस्ट्रेशन करवाने से छूटे ठेकेदारों से भी अपील की है कि वे एक सप्ताह के भीतर रजिस्ट्रेशन करवा लें। इस मौके पर जुनाट बीट वन रक्षक सुरेंद्र सिंह, फतेहपुर बीट वनरक्षक हरमिंद्र सिंह, दिनी बीट वन रक्षक शशि पाल उपस्थित रहे।



### गुरु रविदास व डॉ. अंबेडकर की तस्वीरें बांटीं

**अनंत ज्ञान, गगल।** श्री गुरु रविदास महासभा खंड इकाई कांगड़ा द्वारा गांव राजल, नंदरूल, कोठडू एवं पटियार में गुरु रविदास समाज के घरों व गांवों में गुरु रविदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो वितरित किए गए। इस अवसर पर समाज के लोगों ने इस सराहनीय कार्य के लिए महासभा का धन्यवाद किया और समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का वादा भी किया। हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा के अध्यक्ष कमल सरोच ने बताया के हमारा लक्ष्य है कि लोगों को जागृत करने के लिए घर-घर यह फोटो पहुंचाई जाएं। कमल ने बताया के 11 फरवरी को शोभायात्रा एवं 12 फरवरी को भंडारा, मेडिकल कैंप एवं अन्य कार्यों के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श भी हुआ है।

### स्टूडेंट्स ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमनी में प्रधानाचार्य विजय कुमार की अगुवाई में लोगों को यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए रैली निकाली। अध्यापकों के साथ छात्रों ने स्कूल परिसर से लेकर पंजाब नेशनल बैंक शाखा धडूं तक लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया। रैली में बच्चों ने नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों की पालन करनी चाहिए। प्रधानाचार्य विजय ने बच्चों को जागरूक किया। लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों ने बताया कि कैसे सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करने पर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

# कृषि विशेषज्ञों ने बताए फसलों में लगने वाली बीमारियों के उपचार

## कृषि विभाग नूरपुर ने सुलयाली लौहारपुरा में लगाया किसान शिविर

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

ब्लाक नूरपुर के सुलयाली में कृषि विभाग द्वारा किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कृषि विभाग नूरपुर विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. शैलेश पाल सूद तथा जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर से विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. अंजू ठाकुर, कृषि विकास अधिकारी डॉ. रीता ठाकुर ने किसानों को कृषि संबंधी जानकारी दी। किसानों को गेहूं की फसल तथा सब्जियों को लगने वाली बीमारियों तथा उससे कैसे बचाव किया जा सकता है उसके बारे में जानकारी दी गई तथा खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण किया गया।

शिविर में आए किसानों को जैविक दवाइयां, एक सेब, एक प्लम व प्याज की पनीरी वितरण की गई। विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. शैलेश पाल सूद ने कहा कि कृषि विभाग का आज एक दिवसीय शिविर लगाया गया है। इस कैंप के आयोजन में अरुण पठानिया ने अहम सहयोग किया इस कैम्प में लगभग पचास किसानों ने भाग लिया और इस कैंप में मुख्य भूमिका जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर से विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. अंजू ठाकुर, कृषि विकास अधिकारी रीता ठाकुर ने निभाई इन्होंने किसानों को जैविक नियंत्रण के बारे में जानकारी दी और मुफ्त में जैविक दवाइयां वितरित कीं और खेत में जाकर पीला रतवा की जांच की कृषि विभाग नूरपुर द्वारा जो सुलयाली में निम्सा क्लस्टर है, उसके तहत किसानों को प्लम, सेब के पौधे तथा प्याज की पनीरी भी दी गई और इसके साथ ही कृषि विभाग की स्कीमों की जानकारी दी तथा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी का प्रयोग एवं खेतों में उसका कैसे स्प्रे करना है उसके बारे में जानकारी दी गई।

विशेषज्ञ अंजू ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा सुलयाली लौहारपुरा पंचायत में किसान जागरूकता शिविर लगाया है और हमें बुलाया गया है। हम जैव नियांण प्रयोगशाला पालमपुर से है। इस शिविर में पचास किसानों ने भाग लिया है हमने किसानों को जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर के बारे जानकारी दी तथा उन्हें बताया कि इस प्रयोगशाला में कौन-कौन दवाइयां बनाई जाती हैं। वहीं, जैव कीटनाशक के बारे जानकारी दी गई। इसके साथ ही हमने सुलयाली, लौहारपुरा देवभराडी के निकट एरिया का दौरा किया और 15- 20 किसानों के खेतों में पीला रतवा की जांच की। निरीक्षण में हमने देखा कि अभी इन खेतों में पीला रतवा कही भी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### कृषि विवि के पुस्तकालय को मिली वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन : कुलपति

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय ने 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' के लिए 'इन्फ्लिबनेट लाइब्रेरी एवं इन्फॉर्मेशन नेटवर्क' से सदस्यता प्राप्त कर ली है। यह जानकारी देते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर नवीन कुमार ने बताया कि ओएओएस के माध्यम से विश्व के प्रमुख प्रकाशकों एलसीवियरए टेलर एंड फ्रांसिसए वाइलेए ऑक्सफोर्ड प्रेस आदि के 13000 के करीब ई-जर्नल आदि विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए उपलब्ध हो गए हैं। उन्होंने छात्रोंए शिक्षकों व शोधकर्ताओं से इन बहुमूल्य संसाधनों का भरपूर उपयोग करने का आह्वान किया है, ताकि शोध की गुणवत्ता बनी रहे। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. आरके असरानी ने बताया कि विश्वविद्यालय के पुस्तकालय द्वारा ई.संसाधनों को छात्रों एवं शिक्षकों के लिए कैंपस के अंदर और कैंपस के बाहर भी उपलब्ध करवाए जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। पुस्तकालय में कंप्यूटर लैब वाई-फाई की सुबिधा से लैस है, जिसमे शोधकर्ता इन ई-संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं।

### सालगिरह मुबारक



अबादा बराना (ऊना) के रोबिन द्विवेदी और दीक्षा को शादी की पहली सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# ज्यादातर रोड एक्सीडेंट की वजह है लापरवाही या सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी : प्रदीप

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**



**लॉरेट फार्मेसी संस्थान ने मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह**

लॉरेट फार्मेसी संस्थान ने स्वास्तिक ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के सहयोग से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया। इस कार्यक्रम की थीम 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर धर्मशाला प्रदीप कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम में स्वास्तिक ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल की डायरेक्टर पूनम और इंस्ट्रक्टर गणेश भी मौजूद रहे। संस्थान के प्रबंधक एवं निदेशक प्रोफेसर डॉ. रण सिंह और प्राचार्य एवं निदेशक प्रोफेसर एमएस आशावत ने मुख्यातिथिओं का स्वागत किया। डॉ. रण सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा का मतलब है सड़क सुरक्षा नियमों और विनियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। वहीं, रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर प्रदीप ने विद्यार्थियों को बताया कि हमारा उद्देश्य वर्तमान और भावी पीढ़ी में सुरक्षित सड़क व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण, इसलिए सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और हमेशा हेलमेट, सीट बेल्ट और सड़क सुरक्षा संकेतों जैसे चेतावनी संकेत, अनिवार्य संकेत तथा सूचनात्मक संकेत आदि का ध्यान रखें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करें। संस्थान के 300 से ज्यादा छात्र-छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अंत में डॉ. सीपीएस वर्मा ने धन्यवाद भाषण दिया। इस अवसर पर एचओडी डॉ. विनय पंडित एवं डॉ. सीपीएस वर्मा के अलावा डॉ. अमरदीप, डॉ. प्रवीन, डॉ. अदिति कौशिक, प्रो. शिव कुमार खुशवा तथा स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मलाडू के गणेश चंद ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की शिकायत

# गज खड्ड में नियमों को ताक पर रखकर खनन कर रहे क्रशर संचालक

**अनंत ज्ञान, जवाली**



शाहपुर विधानसभा के तहत लंज में पड़ती मलाडू में गज खड्ड में क्रशर संचालकों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। इससे सरकारी खजाने को चपत लग रही है। इसको लेकर स्थानीय निवासी गणेश चंद ने इस बारे में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज की करवाई है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं कि गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी लंज साथ ही लगती है और चौकी के सामने से रोजाना सैकड़ों टिप्पर नियमों को ताक पर रख मैटीरियल लेकर जाते हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। उन्होंने बताया कि गज खड्ड का जेसीबी व पोकलेन से सीना छलनी किया जा रहा है जिससे पेयजल

**पुलिस व माइनिंग विभाग पर मिलीभगत के आरोप**

स्कीमें भी प्रभावित हो रही हैं, लेकिन इसकी कोई सुध लेने वाला नहीं। उन्होंने माइनिंग विभाग के कर्मचारियों पर भी मिलीभगत के आरोप जड़े हैं। गणेश चंद ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उद्योग मंत्री, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री व जिला माइनिंग अधिकारी से मांग उठाई है कि ऐसे लोगों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### अवैध खनन बर्दाश्त नहीं होगा : डीएसपी

**इस** बारे में डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा नियमित तौर पर नियमों की अवहेलना पर चालान किए जाते हैं। फिर भी लंज के समीप अवैध खनन के बारे में जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है जल्द ही मौका पर निरीक्षण किया जाएगा। अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# कमेटी प्रधान पर जातिसूचक शब्द प्रयोग करने का आरोप

## चाह में शिवा प्रोजेक्ट में जमीनी विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज

**राकेश डोगरा, डरोह**

पुलिस थाना भवारना के तहत आती ग्राम पंचायत चांदड़ बमियाल के गांव चाह में लग रहे शिवा प्रोजेक्ट में जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार ने शिवा प्रोजेक्ट के लिए बनाई गई एक लोकल कमेटी के प्रधान पर जातिसूचक शब्द प्रयोग करने का आरोप लगाया है, जिसके संदर्भ में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है, इस मामले की जांच खुद पालमपुर के डीएसपी लोकेंद्र नेगी कर रहे हैं। उन्होंने मोके पर जाकर बयान दर्ज किए हैं।

जानकरी के मुताबिक चांदड़ बमियाल के चाह गांव में साठ-सत्तर किसानों की लगभग 250 कनाल भूमि पर शिवा प्रोजेक्ट एक प्लांट लगा रहा है। फरवरी व मार्च में यहां प्लांटेशन का काम शुरू होने वाला है। विभाग ने लोकल कमेटी के माध्यम से सभी किसानों से एमओयू साइन करवाता है। जिस जमीन का विवाद है, वह जमीन गद्दो देवी की है। गद्दो देवी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन अब उनका बेटा रिंकू उस जमीन पर प्लांटेशन करवाने से मना कर रहा है, क्योंकि रिंकू के उस एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं है। एमओयू के मुताबिक जिनकी जमीन पर यह प्लांटेशन होनी है, उनको अपनी जमीन साफ करवा कर देनी है। लेकिन रिंकू ने अपनी जमीन पर यह सब करने से मना कर दिया है और कमेटी प्रधान पर जातिसूचक शब्द प्रयोग करने का आरोप लगाया है। हालांकि जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया है पंचायत के लोग उस व्यक्ति के साथ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विजय गुलेरिया ने गांव की स्थिति सुधारने को को अपनी जेब से लगभग चार लाख रुपए लगा दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

> **पुलिस** ने हमारे बयान दर्ज किए हैं जमीनी विवाद को लेकर विजय गुलेरिया ने जातिसूचक शब्द प्रयोग किए हैं जिसकी शिकायत की गई थी।
> **-रिंकू, शिकायतकर्ता, निवासी चाह।**

> **सारे** आरोप निराधार हैं। गांव मेरे साथ है। किसी तरह के जातिसूचक शब्दों का प्रयोग नहीं हुआ है। बिना मतलब के काम में अड़ंगा डाला जा रहा है।
> **-विजय गुलेरिया, निवासी चाह।**

### प्यारे लाल की याद में बीड़ में पहली फरवरी को लगेगा रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष और लंबे समय तक बीड़ पंचायत के प्रधान रह चुके स्व. प्यारे लाल शर्मा की याद में उनके जन्म स्मृति दिवस पर पहली फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में रक्तदान शिविर और निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उनके बेटे एवं बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में कई विशेषज्ञ डॉक्टर लोगों का निशुल्क चेकअप करेंगे। कैंप का सारा खर्च अनुराग शर्मा वहन करेंगे। वह अपनी तरफ से टीबी मरीज के लिए विशेष किट भी उपलब्ध करवाएंगे। बीड़ पंचायत के प्रधान सुरेश ठाकुर ने बताया कि कैंप का आयोजन 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इसमें समस्त रोगों से जूझ रहे लोगों के लिए स्परोमेट्री टेस्ट और मूत्र संबंधी जिन लोगों को दिक्कत आ रही है, उनका यूरोफ्लोमेट्री टेस्ट निशुल्क किया जाएगा। पिछले साल भी कैंप का आयोजन किया गया था। सुरेश ठाकुर ने बताया कि बीड़ और बैजनाथ या अन्य आसपास क्षेत्र के लोग इस कैंप का लाभ उठा सकते हैं।



# कुष्ठ रोग निवारण में गांधी का अतुल्य योगदान : डॉ . आकांक्षा



**अनंत ज्ञान, नगरी**

**चचिया स्कूल में मनाई राष्ट्रपिता की पुण्य तिथि**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर 30 जनवरी को राजकीय माध्यमिक स्कूल चचिया में खंड चिकित्सा अधिकारी गोपालपुर डॉ. अनुपमा सिंह के निर्देशानुसार कुष्ठ रोग निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आकांक्षा द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग निवारण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अतुल्य योगदान रहा है।

इसमें स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विजय कुमार, सीएचओ स्वाति एवं ऐएचसी संजीव कुमार मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. आकांक्षा ने कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण हैं शरीर पर हल्के पीले से तांबे के रंग के दाग आना जिसमें खुजली न होना, त्वचा का सुन्न होना, हाथ पैर या आँखों का कमजोर होना आंख की पलक बंद नहीं होना। कुष्ठ रोग का संपूर्ण इलाज 6 से 12 महीने में किया जा सकता है। बच्चों को टीबी के बारे जानकारी दी गई।

### होला के किसानों ने सीएम को सुनाया अपना दुखड़ा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडू महादेव की ग्राम पंचायत चांदड़ बमियाल के गांव होला के लगभग साठ किसान परिवारों की उपजाऊ व खेती योग्य जमीन साथ लगती मोल खड्ड के किनारे है। हर बरसात में यहां इन किसानों की जमीन धीरे धीरे मोल खड्ड की ओर खिसक रही है। कुछ समय पहले गांव के लोगों ने पैसे इकट्ठे कर बाड़बंदी व तार लगाकर इस पर लाखों रुपए भी खर्च किए, लेकिन इसका नतीजा भी शून्य रहा।ज़ब भी बरसात आती है तो उनके खेतों में तबाही करके जाती है, आज हालात यह है कि इन किसानों की लगभग नब्बे प्रतिशन भूमि एक सीर से बाईं तरफ कट रही है किसान चाह कर भी इसमें कुछ नहीं कर पा रहे।

**कहा, मोल खड्ड में समा रही उनकी उपजाऊ जमीन**

यहां के किसानों की अनाज व सब्जियों की फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है, जिससे किसान काफी मायूस हैं। यहां के उप प्रधान मिलाप चौधरी ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनकी जमीन बचाने के लिए मोल खड्ड के किनारे डंगा लगाया जाए जिसके लिए विभाग मौका देखे, ताकि उनकी आजीविका फिर से पटरी पर लौट सके।

# तिब्बत समर्थन में आगे आए यूरोपीय संसद के 20 सदस्य

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज**

तिब्बत के लिए समर्थन बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में यूरोपीय संसद के 20 से अधिक सदस्यों नें औपचारिक शुरुआत की है। तिब्बती हवाले से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद में शुरू किया गया, जिसमें 7 यूरोपीय संसद सदस्यों और एक दर्जन यूरोपीय संघ के सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले संसदीय सहायकों ने भाग लिया, जबकि यह दिन बहुत व्यस्त था और लगभग उसी समय होलोकॉस्ट स्मारक मनाया जा रहा था। लिथुआनिया से यूरोपीय संसद सदस्य प्रो. जालिमास और तिब्बत के लंबे समय से मित्र ने समूह के उद्देश्यों और लक्ष्यों का परिचय दिया।

उन्होंने तिब्बती लोगों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उनके मौलिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपने भाषण में, प्रो. जालिमास ने कहा तिब्बत के यूरोपीय संसदीय मित्रों की स्थापना तिब्बती मुद्दे का समर्थन करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम तिब्बती लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की वकालत करने और यूरोपीय संसद में उनकी आवाज को सुनने के लिए अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हैं। ब्रसेल्स में तिब्बत कार्यालय की प्रतिनिधि रिग्जिन जेनखांग ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह यूरोपीय संसद में तिब्बत के लिए एक बड़ा दिन था।

इसके बाद उन्होंने तिब्बत के अंदर बिगड़ती स्थिति, जिसमें तिब्बत में हाल ही में आए भूकंप भी शामिल हैं, के बारे में संक्षिप्त पृष्ठभूमि जानकारी दी। उन्होंने दलाई लामा के 90वें जन्मदिन को करुणा के वर्ष के रूप में मनाने के बारे में भी बात की। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधि जेनखांग ने जून में टोक्यो में आयोजित होने वाले तिब्बत पर आगामी 9वें विश्व सांसदों के सम्मेलन के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और यूरोपीय संसद के सांसदों से अनुरोध किया कि यदि उन्होंने पहले से ऐसा नहीं किया है तो वे अपनी भागीदारी की पुष्टि करें। (अनंत ज्ञान)

### सीनियर असिस्टेंट सुरेंद्र कुमार की हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** तहसील ज्वालामुखी के सीनियर असिस्टेंट सुरेंद्र कुमार की हृदय गति रुकने से दुखद मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनकर तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसर गया। मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक और मृदु भाषी सुरेंद्र कुमार की 9 माह बाद अक्टूबर में माह में सेवानिवृति थी, लेकिन परमात्मा को कुछ और ही मंजूर था। उपमंडल कार्यालय नागरिक व तहसील के अधिकारियों, कर्मचारियों, टाईपिस्टों, एडवोकेटों आदि ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।



### डाडासीबा कॉलेज में एनएसएस कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में वीरवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर मुख्यतिथि डॉ. संजीत सिंह ठाकुर सोशल वर्क केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश कैंपस देहरा की अध्यक्षता में शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के अधिकारी प्रो ख़ेम चंद ने मुख्यातिथि का स्वागत अभिनंदन किया। वहीं, मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के आदर्श मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**धार्मिक** | ज्वालामुखी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गुप्त नवरात्र का शुभारंभ

# सरकार ज्वालामुखी के विकास को वचनबद्ध : संजय

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के अलौकिक दिव्य शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गुप्त नवरात्र वीरवार से शुरू हो गए। 30 जनवरी से शुरू हुए नवरात्र का 7 फरवरी को समापन होगा। ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन ने कन्या पूजन करके झंडा चढ़ाने की रस्म निभाकर नवरात्र का शुभारंभ किया। इस अवसर संजय रतन ने कहा कि ज्वालामुखी उत्तरी भारत की सुप्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल है। सुक्खू सरकार ज्वालामुखी के विकास के लिए बचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी शहर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। ज्वालामुखी मंदिर की परिक्रमा के लिए प्राचीन मंदिरों टेडा मंदिर, अंबिकेश्वर मंदिर, अर्जुन नागा मंदिर तथा प्राचीन मंदिरों को संपर्क मार्गों से जोड़ा जाएगा। इसके लिए सुक्खू सरकार ने श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान किया है, ताकि उन्हें यहां किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो और ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु यहां आ सकें। उन्होंने मंदिर प्रशासन को मंदिर व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मंदिर प्रशासन की ओर से मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने विधायक संजय रत्न को मां ज्वालादेवी जी की चुनरी व सिरोपा भेंट किया। इस मौके पर कार्यवाहक एसडीएम अंशु चंदेल, तहसीलदार राहुल शर्मा, दिव्यांशु भूषण, मंदिर न्यास सदस्य एवं पुजारी कपिल शर्मा, शैलेंद्र शालू, अभिनेंद्र, उदय शंकर, राजन चौधरी, वीरेंद्र सूद, दीपक शर्मा, सुधीर वैद्य, अश्वनी दत्त (जानू) तथा तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



ज्वालामुखी मंदिर में मां की पवित्र ज्योतियों के दर्शन करते विधायक संजय रतन।

# लकोठीवंडा, दियोल, धंडू कंगराहड़ में गहराने लगा पेयजल संकट

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जल शक्ति विभाग मंडल जवाली के अधीन पंचायत कोठीबंडा, दियोल, धंडू कंगराहड़ में गर्मियों की आहट से पहले ही पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है। लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं तथा

**टैंकरों से पानी मंगवाकर गुजारा कर रहे ग्रामीण**

टैंकरों से पानी मंगवा कर गुजारा कर रहे हैं जिस कारण आर्थिक व मानसिक परेशानी हो रही है। पेयजल आपूर्ति न होने के कारण नल शोपीस बनकर रह गए हैं। घरों में पानी की टंकियां खाली पड़ी हैं तथा टॉयलेट पर रखी टंकियां भी खाली हैं जिस कारण टॉयलेट में बदबू फैल रही है।

ग्रामीण सुरेश भारद्वाज, अजय कुमार, जगरूप सिंह, रोशन लाल, सुरजीत कुमार, ओंकार सिंह सहित पंचायतवासियों ने कहा कि नल शोपीस बन गए हैं। कभी हफ्ते में एक बार पानी मिल रहा है और उसमें भी प्रेशर न होने के कारण चार-पांच बाल्टी ही भर पाती हैं। नहाने, कपड़े धोने, पशुओं को पिलाने के लिए पानी नहीं है।



लोगों ने कहा कि हम कई बार जल शक्ति विभाग जवाली के कार्यालय में लिखित शिकायत कर चुके हैं, परंतु आश्वासनों के सिवाए कुछ नहीं हो रहा है। लोगों ने कहा कि अगर समस्या का कोई समुचित हल न हुआ तो खाली वर्तन लेकर विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### क्या कहते हैं विभाग के सहायक अभियंता

**इस** बारे में जल शक्ति विभाग उपमंडल कोटला के सहायक अभियंता विजय नाग से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल स्कीमों का जलस्तर कम हो जाने के कारण यह समस्या आ रही है।

# कांगड़ा एयरपोर्ट को क्षेत्र का सबसे बढ़िया हवाई अड्डा बनाएंगे : सीएम

## एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए जल्द पूरा कर लिया जाएगा भूमि अधिग्रहण का कार्य

**अनंत ज्ञान, गगल**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, जो वीरवार को नूरपुर दौरे पर थे, अचानक शाम को कांगड़ा हवाई अड्डे पर हेलिकॉप्टर में रिफ्यूलिंग के लिए लैंड हुए। इस दौरान उन्होंने कुछ बातें एयरपोर्ट पर निदेशक धीरेंद्र सिंह से कीं। हवाई अड्डा निदेशक ने मुख्यमंत्री से स्पष्ट किया कि एरोसिटी बन जाने से हवाई यात्रियों को बड़े-बड़े आलीशान होटलों में सुविधा मिलती तथा एयरोसिटी में बड़ा शॉपिंग कंपलेक्स होता है, जिनमें यात्रियों को विभिन्न विभिन्न आवश्यकता अनुसार सुविधा मिल जाती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव में एयरपोर्ट की कमेटी ने प्रस्ताव रखा था कि कांगड़ा एयरपोर्ट को कांगड़ा धर्मशाला के नाम पर जाना जाए, ताकि यात्रियों को ऑनलाइन बुकिंग करने में कोई दिक्कत न हो। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने एडीएम हरीश गज्जू को प्रस्ताव रखने के लिए कार्रवाई करने को कहा। जवानों की संख्या 98 तक बढ़ाने के बारे में भी स्वीकृति मिल गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया के जल्द भूमि अधिग्रहण का कार्य निपटा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संभावना व्यक्त की के कांगड़ा एयरपोर्ट क्षेत्र का सबसे बढ़िया हवाई अड्डा बनकर उबरेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री एडीएम डॉ. हरीश गज्जू भी उपस्थित थे। इसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हेलिकॉप्टर द्वारा शिमला को रवाना हो गए।।


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नूरपुर दौरे से लौटने के बाद कांगड़ा एयरपोर्ट का जायजा लेते हुए।

# सुक्खू सरकार के व्यवस्था परिवर्तन से आम जनता दुखी : अरुण मेहरा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक अरुण कुमार मेहरा ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखे प्रहार किए हैं। वीरवार को नगरोटा में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार के व्यवस्था

- **प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल टांडा में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं**
- **हिम केयर कार्ड न चलने से लोगों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य लाभ**

परिवर्तन से दुखी है। प्रदेश के दूसरे नंबर के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई हुई हैं। हिम केयर कार्ड न चलने से लोगों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोग मौत का ग्रास बन रहे हैं।

हिम केयर कार्ड निजी अस्पतालों में न चलने से टांडा मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, लेकिन वहां भी मरीजों को राहत नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय विकास कार्य ठप हो चुके हैं।

### टांडा अस्पताल परिसर में नेता के निजी अस्पताल के होर्डिंग्स

**पूर्व** विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज के परिसर में एक नेता के अपने निजी अस्पताल की होर्डिंग्स जगह-जगह लगी हुई हैं। क्या टांडा मेडिकल कॉलेज को ऐसे कोई आदेश दिए गए हैं कि इन मरीजों को इस निजी अस्पताल में रेफर किया जाए। नगरोटा बगवां 100 बिस्तरों का अस्पताल है, पर न तो अल्ट्रासाउंड हो रहे हैं न ही ईएनटी का कोई विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात है। अगर कोई विशेषज्ञ डॉक्टर है भी तो उसकी नाइट ड्यूटी लगाई जा रही है। विशेषज्ञ की नाइट ड्यूटी किसके इशारे पर लगाई जा रही है।

ठेकेदारों का कोई भुगतान सरकार नहीं कर पा रही है। इस मौके पर नगरोटा बगवां भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौधरी, बड़ोह के मंडल अध्यक्ष अजीत राणा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना चौधरी, नवयोग भारद्वाज, मधु शर्मा, आशा वालिया, जोगिंदर कपूर, सुरिंदर वालिया, उत्तम वालिया व हिमांशु इत्यादि मौजूद थे।

## कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** चढ़ियार में कुष्ठ रोग निवारण दिवस खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने कहा कि कुष्ठ रोग न तो पूर्व जन्मों का फल के कारण होता है न ही भगवान का दिया हुआ कोई अभिशाप है, बल्कि जैसे दुसरी बीमारियां किटाणुओं के कारण फैलती है ठीक उसी प्रकार कुष्ठ रोग माइकोवैकटिरियम लैप्री नामक वैकटिरिया के कारण होता है। इस दिवस के मौके पर लोगों को रोगियो से भेदभाव नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है तथा कुष्ठ रोगियों की तलाश व जन साधारण को जागरूक किया जाता है कि इस बीमारी का इलाज पूरी तरह संभव है,पूरा कोर्स करने के पश्चात रोगी स्वस्थ हो जाता है। इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलावर सिंह दियोल ने कहा कि कुष्ठ रोग से जुड़े लांछन या कलंक के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना ही इस दिन का उद्देश्य है यह रोग त्वचा, तंत्रिकाओं व उपरी शवशन पथ की श्लैषिमक सतहों और आंखों को प्रभावित करता है।

## ट्रैक्टर मालिकों ने सांसद को बताई समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** पिछले कई दिनों से लगातार हो रहे ट्रैक्टरों के चालानों को लेकर आज काफी संख्या में नूरपुर क्षेत्र के ट्रैक्टर मालिक और ऑपरेटर लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज से उनके निवास स्थान पर मिले। सांसद ने उनकी समस्याएं ध्यान से सुनकर एसपी नूरपुर और एसडीएम नूरपुर से फोन पर बात की। उन्होंने उनसे इन ट्रैक्टर्स चालकों और मालिकों की समस्या शेयर की। सांसद ने आश्वस्त किया कि उनके चालान अब नहीं होंगे बशर्ते वे अपनी सभी कागजात साथ रखें। उन्होंने कहा कि एक ट्रैक्टर अपने साथ तीन घरों का पालन पोषण करता है और अगर इस तरह से धड़ाधड़ उनके चालान होते रहे तो उनके ट्रैक्टर्स घरों में खड़े हों जाएंगे।

# सीएम ने स्व. सुजान सिंह को दी श्रद्धांजलि

## दिल्ली से हेलिकॉप्टर के जरिए विधायक भवानी के घर पहुंचे मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली से हेलिकॉप्टर के माध्यम से फतेहपुर में विधायक भवानी पठानिया के निवास स्थान पहुंचे। यहां पर सीएम सुक्खू ने पूर्व मंत्री दिवंगत सुजान सिंह पठानिया के चतुर्थ वार्षिक श्राद्ध में शामिल होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, विक्रमादित्य सिंह, चंद्र कुमार सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व विधायकों ने भी दिवंगत सुजान सिंह पठानिया को श्रद्धांजलि दी। यूं तो सीएम सुक्खू का पहले आने का प्रोग्राम नहीं था,लेकिन पिछले कुछ दिनों से घर बैठे कांग्रेसियों की जुगलबंदी मुकेश एंड कंपनी से दिखने-सुनने लगी है।



मसलन विप्लव ठाकुर,आशा कुमारी,ठाकुर सिंह भरमौरी सरीखे कांग्रेसी भी फतेहपुर में जुट रहे थे तो सीएम सुक्खू ने भी सियासत की नजाकत को समझते हुए उडान भरना ही ठीक समझा।

# प्रदेश में इस बार एमबीबीएस सीटों के आवंटन में बड़ा गड़बड़झाला : विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश के पूर्व एडवोकेट जनरल एवं हाईकोर्ट के एडवोकेट विनय शर्मा ने फेक डोमेसाईल से एमबीबीएस सीटें प्राप्त करने का आरोप लगाया है। धर्मशाला में वीरवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एमबीबीएस सीटों में हिमाचल प्रदेश में इस बार भी सीटों के आवंटन में बड़ा गड़बड़झाला हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व के वर्ष में 12 छात्रों ने जबकि इस बार करीब 150 उम्मीदवारों ने फेक तरीके से हिमाचल के कोटे की सीटें प्राप्त कर ली है। एडवोकेट ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी एएमयू को इस विषय में लिखित में शिकायत दे चुके हैं, लेकिन अब तक उक्त मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। विनय शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के एक सौ फीसदी एमबीबीएस सीटों के कोटे में से 20 फीसदी राष्ट्रीय स्तर के लिए ओपन रहती है, जबकि 80 फीसदी सीटों पर हिमाचल के छात्रों को ही दाखिला प्रदान किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी तरह से हिमाचल को छोड़ चुके लोग जो कि अब अन्य राज्यों के स्थाई बांशिदें बन चुके हैं। इतना ही नहीं संबंधित राज्यों में उनके बोनोफाईड व अन्य दस्तावेज भी बन चुके हैं। इसके बाद अब उनके बच्चे एमबीबीएस के लिए अप्लाई कर रहे हैं, तो संबंधित राज्यों में उन्हें सीटें नहीं मिल रही है, जबकि वह वहां पर चयन न होने पर हिमाचल के डोमेसाईल जिसमें बोनोफाईड सर्टिफिकेट बनवा रहे हैं। ऐसे में 150 के करीब उम्मीदवारों की ओर से दोहरे दस्तावेजों को अपने पास रखकर दोनों राज्य में जमा करवाकर भी दाखिले प्राप्त किए जा रहे हैं।



## नशा, सड़क सुरक्षा एवं बाल विकास संरक्षण पर जागरूक किए प्रशिक्षु

**कोहली, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में वीरवार को संस्थान के बच्चों को नशे के दुष्परिणाम व इससे बचने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स राजिंदर जसवाल ने जागरूक किया । इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों से अपने समाज और साथियों को भी इसके दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा बेचने और फैलाने वालों की हेल्प लाइन नंबर 1908 पर शिकायत करें। जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस थाना शाहपुर के उप सहायक निरीक्षक विपिन सिंह ने बच्चों को यातायात व सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी तथा बच्चों को हमेशा हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने का आग्रह किया। इस दौरान जिला के बाल विकास संरक्षण के अधिकारी मनमोहन चौधरी ने बच्चों को पोस्को एक्ट और साइबर क्राइम की विस्तृत जानकारी बच्चों के साथ साझा की। (अनंत ज्ञान)

# वर्षा के लिए इंद्रुनाग की शरण में पहुंचे जलशक्ति विभाग के अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में पानी की और बारिश न होने की समस्या गंभीर होती जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए जल शक्ति विभाग धर्मशाला के अधिकारियों ने प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इंद्रुनाग मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जब वर्षा नहीं होती, तो इंद्रुनाग देवता की पूजा करने से वे प्रसन्न होकर बारिश करते हैं।

इसी आस्था के तहत जल शक्ति विभाग के कांगड़ा सर्किल के एससी और धर्मशाला के अधिशासी अभियंता सुमित कटोच, सहायक अभियंता पंकज चैधरी, जूनियर इंजीनियर सुनील भाटिया समेत अन्य अधिकारियों ने खनियारा स्थित इंद्रुनाग मंदिर में नतमस्तक होकर विधिवत पूजा-अर्चना की। अधिशासी अभियंता सुमित कटोच ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस साल भी बारिश में भारी कमी देखने को मिल रही है, जिससे पानी के स्त्रोत सूखते जा रहे हैं यदि जल्द ही वर्षा नहीं हुई, तो धर्मशाला में जल संकट और अधिक गहरा सकता है। इसी को लेकर इंद्रुनाग देवता के समक्ष प्रार्थना की गई कि वे कृपा करें और धर्मशाला में वर्षा हो, जिससे स्थानीय लोगों को जल संकट से राहत मिले। एससी सर्किल कांगड़ा ने बताया कि पानी का समस्या न हो जिसके चलते आज इंद्रुनाग देवता की पूजा-अर्चना और कन्या पूजन करवाया गया पूजा-अर्चना के बाद अधिकारियों ने आशा जताई कि इंद्रुनाग देवता उनकी प्रार्थना स्वीकार करेंगे और जल्द ही धर्मशाला में बारिश होगी, जिससे पानी की किल्लत समाप्त हो सकेगी।

# गेहूं पीली पड़ने लगी, मटर की 50 फीसदी फसल सूखी

## किसानों पर इस बार मौसम की दोहरी मार, जिले में सूखे जैसे हालात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिले में शुष्क ठंड के साथ लगातार पड़ रहे पाले से किसानों की फसलें खराब होने लग गई हैं। इस बार बारिश के लिए लंबे इंतजार से किसानों को चिंता सता रही है। वहीं, दूसरी ओर पिछले दिनों से पड़ रही लगातार पाले की सफेद चादर से फसलों के रंग में भी असर दिखाई दे रहा है।

पाले के कारण यहां गेहूं की फसल पीली पड़नी शुरू हो गई और खेत भी सूखे हो चुके हैं। लिहाजा किसानों पर इस बार मौसम की दोहरी मार पड़ रही है। पिछले चार माह से सूखा चल रहा है। किसान ओमप्रकाश, विजय अत्री, राम सिंह, राकेश चौधरी, बाल कृष्ण, महेंद्र समेत अन्य किसानों का कहना है कि बारिश के कारण खेत सूखे पड़े हैं। अगर जल्द बारिश नहीं हुई तो फसल पूरी तरह से सूख जाएगी।

### महंगी खाद से खेती की लागत बढ़ी, कमाई घटी



**महंगी** कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और खाद आदि से किसानों की फसल लागत में वृद्धि हुई है। ऐसे में खेती करना पहले से महंगी होती जा रही है। किसानों को पड़ रही मौसम की मार से फसल बर्बाद होने की कगार पर खड़ी हो गई है। जिले में मटर की फसल 30 से 50 फीसदी तक सूख गई है। किसान पूर्ण रूप से आलू की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं। गेहूं और जौ की फसल पीली पड़ गई है। लहसुन और प्याज पर भी सूखे की मार पड़ रही है।

### नदियों में जलस्तर गिरा

**कांगड़ा** जिले में पिछले लंबे समय से वर्षा नहीं हुई है। धौलाधार पर्वतों पर भी हिमपात न के बराबर हुआ है, जिसके कारण नदियों का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। वर्षा न होने के कारण चंगर क्षेत्रों के लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। सिंचाई को छोड़कर यहां लोगों को पीने के पानी के लिए भी कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ गया है। जिला में बारिश में अब तक 100 प्रतिशत कमी दर्ज की गई है। बारिश-बर्फबारी न होने के चलते सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। निचले इलाकों में बारिश न होने के चलते गेहूं और अन्य फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। ऐसे में किसानों-बागवानों की परेशानियां बढ़ती हुई नजर आ रही हैं।

# सतीश को चुना बीड़ होटल एसोसिएशन का अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

- **बलवंत राजपूत को संस्था का महासचिव चुना गया**

बीड़ होटल एसोसिएशन यानी भाषा की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था के संरक्षक दिनेश पाल की अध्यक्षता में स्थानीय कैंप कस्बा क्योर में संपन्न हुई। बैठक में पिछली मीटिंग में हुए प्रस्तावों को अनुमोदित करने के बाद हाल ही में संगठन के चुनाव पर चर्चा करने के बाद घोषणा की गई कि सतीश अबरोल को संस्था का अध्यक्ष और बलवंत राजपूत को संस्था का महासचिव चुना गया है।

बताते चलें कि चुनाव के लिए इन पदों पर एक-एक ही नाम सामने आया था, जिन्हें सदन ने ध्वनिमत से पास कर दिया। साथ ही सर्वसम्मति से इस मौके पर बाकी कार्यकारिणी की भी घोषणा कर दी गई। इसमें करनल ज्योतिंद्र पाल को मुख्य सलाहकार, राजीव जमवाल को सलाहकार, डॉ. रक्षक पाल और राजवीर राणा को उपाध्यक्ष, बीके सोनी जी को कोषाध्यक्ष, अंकित सूद को मीडिया प्रभारी व वरुण शर्मा को सचिव के पद की जिम्मेवारी दी गई। यह नियुक्तियां 3 वर्ष के लिए की गई हैं। इस मौके पर तीन नए सदस्यों करनल ज्योतिंद्र पाल, अंकित सूद और राजीव जमवाल को फाउंडर सदस्य बनाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किया गया।

बीड़ होटल एसोसिएशन अपने सदस्यों के हितों के लिए काम करने के साथ-साथ क्षेत्र में होटल रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउस इत्यादि का कचरा प्रबंधन भी देखती है, जिसमें पिछले तीन वर्षों से बहुत ही बढ़िया ढंग से चलाया जा रहा है। समय-समय पर संस्था द्वारा बिलिंग लैंडिंग साइट और क्षेत्र की सड़कों और जंगलों में भी स्वच्छता के कार्यक्रम किए जाते हैं साथ ही हर वर्ष लगभग 200 से ऊपर पौधों का रोपण किया जाता है। समय-समय पर प्रशासन का सहयोग भी भाषा को मिलता रहता है। दिनेश पाल ने आशा व्यक्त की है कि नई कार्यकारिणी हमारी संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य बखूबी से करेगी।

## शाहपुर में युवा कांग्रेस का सम्मेलन कल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की युवा कांग्रेस का सम्मेलन 1 फरवरी को 10: 30 बजे मंगलम पैलेस पलवाला गोहजू में होगा। शाहपुर मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष सुरजीत राणा, सुनील बलौरिया, शाहपुर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांश कटोच ने बताया कि सम्मेलन के मुख्यातिथि प्रदेश के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया होंगे।

## रैत के नागणपट में निकाली राधा-कृष्ण की झांकी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विकास खंड रैत ग्राम पंचायत नागणपट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य हरि महाराज ने अमृत वर्षा करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्णा श्रीमद् भागवत गीता में कहते हैं कि ईश्वर प्रकाश रूप में प्रत्येक इंसान के घर में विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण सद्गुरु की शरण में जाकर ईश्वर की तत्व स्वरूप को जानकर ही हम मोह बंधन से छूट सकते हैं श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य आयोजक जगरैण ने बताया कि इस अवसर पर आज राधा-कृष्ण की झांकी निकाली गई श्रीमद् भागवत कथा में गीत संगीत के माध्यम से कलाकारों ने भक्ति संगीत से खूब समां बांधा उन्होंने उपस्थित जनसमूह को थिरकने पर विवश कर दिया।



## सूरजपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला कांगड़ा द्वारा उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत गांव सूरजपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अगुवाई अधिवक्ता सनम पठानिया द्वारा की गई ।जिसमें अधिवक्ता द्वारा लोगों को विभिन्न सरकारी सुविधा ,कानूनी सहायता, मुआवजा, आदि अधिकारों के बारे में गांववासियों को अवगत कराया गया। इस मौके पर गांव के गण मान्य लोग भी मौके पर मौजूद रहे।

# कैंटीनी मंढीर के एंकर रवनीत ने खूब हंसाए श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के स्टूडेंट्स

## रंगारंग कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों ने भी दी नृत्य-गीत की प्रस्तुति

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

कैंटीनी मंढीर के एंकर रवनीत ने श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज में बच्चों और स्टाफ को खूब हंसाया। उन्होंने अपने कैंटीनी मंढीर का रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। इस रंगारंग कार्यक्रम में एंकर रवनीत ने बच्चों से बहुत हंसी खुशी के साथ सवाल-जवाब किए। इस रंगारंग कार्यक्रम पर बच्चों ने अलग-2 गतिविधि पेश की जैसे नृत्य, गीत, शायरी आदि।

इस कार्यक्रम में ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने कहा कि कैंटीनी मंढीर के एंकर रवनीत ने श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी कॉलेज आने पर आपका बहुत ज्यादा दिल से स्वागत है। कैंटीनी मंढीर कार्यक्रम वैसे तो नए यूथ का प्रोग्राम है। इस प्रोग्राम से बच्चों को फुल कॉन्फिडेंस मिलता है और वे अपने दिल की बाते एक-दूसरे को बता सकते हैं। कैंटीनी मंढीर प्रोग्राम में डॉ. राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, डॉ. नवदीप सवाल, सजय पंडित,अश्वनी शर्मा स्टाफ तथा स्टूडेंट्स आदि शामिल थे। (अनंत ज्ञान)



कैंटीनी मंढीर के एंकर रवनीत को गुलदस्ता भेंट करते हुए।

**अपील** पंजाब और केंद्र की मोदी सरकार से की कड़ी कार्रवाई की मांग

# अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने से वाल्मीकि समाज आहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पंजाब के अमृतसर जिले में 26 जनवरी को पुलिस थाना कोतवाली से करीब 150 कदम की दूरी पर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर एक युवक द्वारा हथौड़े मारे जाने और वहां बनी संविधान की किताब के नजदीक आग लगाने की घटना के विरोध में वीरवार को धर्मशाला में वाल्मीकि समुदाय की ओर से विरोध-प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर समुदाय के युवाओं ने नारेबाजी कर पंजाब सरकार और केंद्र सरकार से ऐसे मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज धर्मशाला के प्रधान रमन कुमार ने कहा कि जो भी असामाजिक तत्व बाबा साहेब अंबेडकर की एक प्रतिमा को तोड़ेगा तो हम एक हजार प्रतिमा लगवा देंगे, लेकिन जब ऐसे समाज विरोधी लोगों की हड्डियां टूटेंगी तो जोड़ने वाला नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि समाज में हो रही इस प्रकार घटनाओं से देश का माहौल खराब करने की कोशिशें की जा रही हैं। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने से वाल्मीकि समाज को गहरा दुख पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि देश के सविधान निर्माता के साथ हर प्रकार की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पंजाब व केंद्र की मोदी सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि पंजाब के अमृतसर जिले की इस घटना में जब उक्त युवक बाबा साहेब की प्रतिमा को तोड़ रहा था, तो उस समय आसपास के लोगों ने उसे देखा लिया और उन्होंने तत्परता दिखाते हुए उक्त युवक को पकड़ लिया साथ ही पुलिस को सूचित कर दिया था। अमृतसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ने के विरोध में विभिन्न संगठनों में आक्रोश था। इसी के चलते इन संगठनों के बंद के आह्वान पर मंगलवार को पंजाब के मोगा, होशियारपुर, जालंधर, लुधियाना, फगवाड़ा सहित कई शहरों और गांव में बाजार बंद रहे।



## दहेज के लोभियों ने एक और नवविवाहिता की ले ली जान

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में दहेज के लोभियों की ओर से एक ओर नवविवाहिता की जान ले ली। पठानकोट के गांव नाजोवाल में घटित हुए इस मामले की जिला पुलिस की ओर से तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपित ससुर को काबू कर लिया गया है, जबकि पति तथा सास फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। आरोपितों की पहचान वरिंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह तथा सोनम कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए मृतक के भाई गुलशन कुमार ने बताया कि उसकी बहन नेहा की शादी वरिंद्र सिंह के साथ गत माह हुई थी। गत दिवस उन्हें फोन आया था कि उनकी बहन नेहा ने कमरे का अंदर से दरवाजा बंद कर लिया है। जब वे नेहा के ससुराल आए तो देखा कि उसकी लाश पंखे के साथ लटक रही थी तथा प्रतीत हो रहा था जैसे उसे मार कर पंखें से लटकाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

## भाजपा ने अंबेडकर के कार्यों को किया याद



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** भाजपा मंडल रोहडू अध्यक्ष विजय मेहता की अध्यक्षता में चल रहे संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत रोहडू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केंद्र मेलठी में करछारी, शलान, कलगांव व कुपड़ी बूथ एवं ग्राम केंद्र शील में शील, बराल, भढोली व गंगानगर बूथ में कार्यक्रम आयोजित किया गया और डॉ. भीम राव अंबेडकर को स्मरण कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को रेखाकिंत किया गया। इस दौरान पूर्व किसान मोर्चा रोहडू के उपाध्यक्ष बिट्टू थोपटा, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला जामटा, कटलाह पंचायत का प्रधान हैप्पी कलान्टा, मिनाक्षी, बूथ अध्यक्ष देव राज कपटा, सुशील चौहान, मनीष दत्ता, गोबिंद झामटा व पवन बाजटा मौजूद रहे।

## विकास कार्यों में विकास खंड चौपाल अव्वल

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** विकास खंड चौपाल के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। जीपीडीपी यानी ग्राम पंचायत विकास योजना बनाना तथा उसे स्वीकृत करवाने में चौपाल विकास खंड ने प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल किया है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा योजना बनाने और इसे स्वीकृत करवाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी तय की गई है। अभी तक मात्र तीन ब्लॉक्स ने शत प्रतिशत जीपीडीपी लक्ष्य हासिल किया है। जिसमें यह कार्य सर्वप्रथम विकास खंड चौपाल ने यह लक्ष्य हासिल किया है।

## विद्यार्थियों ने प्राप्त किया व्यवहारिक प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** व्यावसायिक शिक्षा में नेशनल स्किल कॉलीफिकेशन फ्रेम वर्क के द्वारा चलाए जा रहे ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत पटुखर स्कूल के रिटेल विषय के विद्यार्थियों की सुन्नी के आरके मॉल, साईं मार्ट और सुन्नी स्थित अमरटैक्स शो रूम में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रोजगार कौशल के बारे में बताना तथा सशक्त बनाना है तथा विषयों की विस्तृत जानकारी बच्चों को प्राप्त हो इसी प्रयास से बच्चों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## जुन्गा में मनाया विश्व कुष्ठ रोग निवारण दिवस

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** कुष्ठ रोग का निदान संभव है जिसका इलाज सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है। यह बात सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुन्गा में वीरवार को विश्व कुष्ठ रोग निवारण दिवस के उपलक्ष्य उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दी। जिसकी अध्यक्षता भड़ेंच पंचायत के प्रधान मदन मोहन ने की। जबकि डॉ. पॉल सहायक निदेशक राज्य फोरेंसिंक प्रयोगशाला, अरूण रावत निदेशक ग्लाईड इन बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टेरियम लेपर जीवाणु के कारण होने वाली बीमारी है। उन्होने बताया कि कुष्ठ रोग संक्रमण के लक्षण दिखने में कई वर्ष लग सकते हैं।

## कयूंथोली पीएचसी का तीन बार हुआ उद्घाटन पर नहीं भवन

# लोग ढाई दशक से इलाज को तरसे

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

चौपाल उपमंडल की दूरदराज ग्रामपंचायत किरण के कयूंथोली में पूर्व भाजपा और कांग्रेस सरकार द्वारा एक पीएचसी का दो बार उद्घाटन किया गया, परंतु यह स्वास्थ्य केंद्र जमीन पर कहीं भी नजर नहीं आ रहा है, जिसका नतीजा यह है कि पंचायत के करीब एक दर्जन गांवों के लोग ढाई दशक से इलाज को तरस गए है।

पंचायत के लोगों को बच्चों के टीकाकरण और अन्य बीमारी के इलाज के लिए भी तीस किलोमीटर दूर उत्तराखंड के त्यूणी जाना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार उत्तराखंड के लोग भी किरण के लोगों का यह कह कर उपहास उड़ाते है कि बच्चों के टीकाकरण के लिए त्यूणी आने वाले यह हिमाचल के उस क्षेत्र के लोग है जहां पर पीएचसी का दो दो बार उद्घाटन हो चुका है।

ग्राम पंचायत के थंगाड़ वार्ड मेंबर देवेंद्र सिंह ने इस पीएचसी की कहानी सुनाते हुए आरोप लगाए कि इस का 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने चुनाव से पहले नौ अक्तूबर को उद्घाटन किया था, जिसे भाजपा सरकार ने डिनोटिफाई कर दिया और फिर जाते जाते 14 अक्तूबर 2022 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राजीव सहजल ने एक बार फिर उद्घाटन कर पंचायत के भोले भाले लोगों को बेवकूफ बना डाला। हद तो तब हो गई जब वर्तमान सरकार ने सत्ता संभालते ही इसे एक बार फिर डिनोटिफाई कर पिछले साल एक बार फिर इसका उद्घाटन कर डाला सरकार द्वारा किए जा रहे इस मजाक से क्षेत्रवासी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

थंगाड वार्ड के सदस्य देवेंद्र ने बताया कि एक उद्घाटन पट्टिका किसी के घर के अंदर तो एक किसी के घर के बाहर दीवार पर सुसज्जित है। देवेंद्र ने बताया कि कई वर्ष पूर्व थंगाड़ में एक डिस्पेंसरी हुआ करती थी, जोकि 8 अगस्त 1998 को पहाड़ी से गिरे एक पत्थर की चपेट में आकर तहस नहस हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

**इलाज के लिए लोग 30 किमी दूर उत्तराखंड जाने को मजबूर**




कयोंथली पीएचसी की उद्घाटन पट्टिकाएं।

### स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की उठाई मांग

**किरण** पंचायत के वरिष्ठ नागरिक विजय जुर्टा, पूर्ण चंद शर्मा, राकेश सिंगटा, वार्ड मेंबर थंगाड़ देवेंद्र चौहान, पूर्व उप प्रधान करम सिंह एवं दलिया सिंह, कुंदन सिंह पूर्व वार्ड मेंबर रीना देवी, गुमान सिंह, महिला मंडल प्रधान सीमा चौहान, शीला चौहान, आदि ने मुख्यमंत्री सुक्खू से गुहार लगाईं है कि ग्राम पंचायत किरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि का चयन होने तक इसे किसी निजी भवन में चलाया जाए ताकि लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

## ट्रक दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** थाना सुन्नी के तहत सुन्नी लुहरी मार्ग पर खैरा के समीप ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से ट्रक चालक की मौत हो गई जबकि दुर्अघटना में गंभीर रूप से घायल हुए अन्य सवार की शिमला ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या एचपी 5363 रामपुर से सुन्नी की ओर आते समय खैरा नामक स्थान के पास सड़क से बाहर होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को ग्रामीणों द्वारा हेल्पलाइन 112 से दुर्घटना के बारे सूचित किया गया।ट्रक में दो व्यक्ति सवार थे। मृतक की शिनाख्त ट्रक चालक प्रेमचंद (52 वर्ष) पुत्र कर्म चंद निवासी जोगिंद्रनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है जबकि ट्रक में सवार दूसरे घायल व्यक्ति जयपाल (27) पुत्र शीशराम ग अर्की के तौर पर हुई है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सुन्नी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने उसे आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया लेकिन शिमला जाते वक्त अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सुन्नी अस्पताल लाया गया।

## कुष्ठ रोग का उपचार संभव: सीएमओ



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जाखू हिल्स शिमला में वीरवार को विश्व कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला डॉक्टर राकेश प्रताप ने बताया कि कुष्ठ रोग निवारण दिवस वैश्विक स्तर पर कुष्ठ रोग को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने, रोगियों को इलाज के लिए प्रेरित करने और कुष्ठ रोग को लेकर फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के उद्देश्य से हर साल 30 जनवरी को मनाया जाता है। इस बीमारी का इलाज पूरी तरह संभव है, और सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इस बीमारी की दवा निशुल्क उपलब्ध है। कुष्ठ रोग के प्रति भेदभाव समाप्त करने के लिए विद्यालय में सभी उपस्थित 305 विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को इस मौके पर शपथ दिलाई गई।

## देवभूमि स्वर्ण संगठन के अध्यक्ष बने अशोक



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सुन्नी के अशोक कंवर को देव भूमि स्वर्ण संगठन द्वारा जिला शिमला के अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार तैनाती की गई है। संगठन ने अशोक को यह जिम्मेदारी सौंपने पर जिला इकाई ने खुशी जाहिर की है और आशा व्यक्त की है कि वह अपनी उत्कृष्ट क्षमताओं और अनुभव के साथ क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और वह अपने पद पर फिर से इसी कर्तव्य में उत्कृष्ट कार्य करेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। संगठन के अध्यक्ष अमर चंद राठौर ने उनके पद संभालने के लिए बधाई दी।

## आईजीएमसी में खून की भारी कमी, रक्तदान कैंप 1 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, शिमला**

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में खून की भारी कमी के मद्देनजर उमंग फाउंडेशन रिज मैदान पर 1 फरवरी को रक्तदान शिविर लगाएगा। इसका उद्देश्य ब्लड बैंक में रक्त की कमी से बेहाल मरीजों को राहत पंहुचाना है।

उमंग फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद योगाचार्य ने बताया कि आईजीएमसी में भर्ती मरीजों को ब्लड बैंक आवश्यकता के अनुरूप रक्त उपलब्ध नहीं कर पा रहा है।

मरीजों को रक्तदाता ढूंढ कर लाने के लिए कहा जाता है। प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों से आए हुए मरीजों को ऐसे में दर-दर की ठोकरें खानी पड़ती हैं। हैरानी की बात है कि आईजीएमसी का ब्लड बैंक खून की भारी कमी होने के बावजूद स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों से रक्तदान के लिए कोई अपील भी जारी नहीं करता।

विनोद योगाचार्य के अनुसार इस वर्ष उमंग फाउंडेशन का यह दूसरा रक्तदान शिविर है। उन्होंने सभी वर्गों विशेष कर युवाओं से रक्तदान शिविर में आने की अपील की ताकि गंभीर मरीजों का जीवन बचाया जा सके।

**युवाओं से रक्तदान शिविर में आने की अपील की**

## राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के चलते 2 को हिमाचल पहुंचेंगे छात्र

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसआईईएल टूर हिमाचल प्रदेश समन्वयक अंकुश वर्मा ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के 32 छात्र राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2025 के तहत हिमाचल प्रदेश में 2 फरवरी को पहुंचेंगे और 2 तारीख से 6 तारीख तक हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग परिवारों में रहेंगे। परिवारों में रहने के साथ-साथ ही वह हिमाचल प्रदेश के अंदरपरिवार में रहने के साथ-साथ ही वह हिमाचल प्रदेश के अंदर एडवांस स्टडी स्टेट म्यूजियम पर घूमेंगे और इस भ्रमण के तहत इस कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को जानेंगे। 32 छात्र नॉर्थ सीट से आए हैं जो 2 से 6 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश के शिमला में रहने वाले हैं।

## कांग्रेस पार्टी की सनातन विरोधी सोच क्यों: नंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत ऊपर संजौली बूथ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा विशेष रूप में उपस्थिति रहे उनके साथ बूथ अध्यक्ष राजेश शर्मा, बूथ सदस्य नीलम शर्म, सुमन दुबे और संजीवना शर्मा रहे। कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि क्या में गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो जाएगी?।

नंदा ने कहा कि क्या मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी किसी अन्य धर्म की आस्था के विषय में ऐसा कह सकते हैं? किसी और धर्म की आस्था को लेकर हम खिलवाड़ करने का सोच भी नहीं सकते हैं और ऐसी बयानबाजी कर नहीं सकते। सनातन के खिलाफ इस प्रकार के वचन, इस प्रकार के बोल शर्मनाक हैं। कांग्रेस को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए कि आखिरकार कांग्रेस पार्टी की ऐसी सनातन विरोधी सोच क्यों है?

## कुष्ठ रोग पर लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज आईजीएमसी शिमला में विश्व कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, डॉ. अमित सचदेवा द्वारा लिखित 'कुष्ठ रोग जागरूकता पुस्तिका' का वितरण किया गया।

इस पुस्तिका में कुष्ठ रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, लक्षण, इलाज, बचाव और सरकारी योजनाओं के बारे में सरल भाषा में बताया गया है। आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने कहा कुष्ठ रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है।

## रोटरी क्लब बिलासपुर ने 65 बच्चों को दिए स्वेटर्स




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रोटरी क्लब बिलासपुर ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला मंडी-माणवां व राजकीय प्राथमिक पाठशाला दनोह में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 65 बच्चों को ब्ल्यू डॉट की ऊनी स्वेटर्स प्रदान की हैं। दनोह स्कूल में 20 व मंडी-माणवां स्कूल में 45 बच्चों को करीब 26 हजार की राशि की ये स्वेटर्स प्रदान की गई हैं। रोटरी क्लब के प्रधान सुनित गुप्ता की अगुवाई में रोटरी क्लब के सदस्यों ने दोनों स्कूलों में जाकर यह स्वेटरें बच्चों को दीं। इस मौके पर रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान इंजीनियर एनआर शर्मा, पूर्व प्रधान इंजीनियर विनोद कौशल, पूर्व सहायक गवर्नर टीसी. सैणी, रोटरी क्लब के सचिव संजीव वात्स्यायन, चंदू राम ठाकुर, अश्विनी चोपड़ा व सेवानिवृत्त जिला शिक्षा उपनिदेशक दीप चंद ने सर्ि य भूमिका निभाई। मंडी माणवां स्कूल की मुख्य शिक्षिका सुनीता कौंडल व उनका स्टाफ, दनोह स्कूल मुख्य शिक्षिका निधि शर्मा व उनका स्टाफ भी मौजूद रहा। रोटरी क्लब प्रधान सुनित गुप्ता ने उन्हें बताया कि रोटरी क्लब बिलासपुर कई सेवा कार्यों को अंजाम दे रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों व स्कूलों में लाखों खर्च कर वाटर कूलर व पानी की टंकियां क्लब ने लगवाई हैं। इसके अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई में मदद करना, छात्रवृत्तियां देना, उन्हें शिक्षण सामग्री देना जैसे अनेकों कार्य रोटरी क्लब बिलासपुर द्वारा किए जा रहे हैं।

## शिवांशु व वंश का छात्रवृत्ति योजना के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, दधोल।** शिक्षा खंड घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला पट्टा से दो बच्चों शिवांशु व वंश शर्मा का चयन एससीईई सोलन द्वारा संचालित स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत 1,80,000 रुपए की राशि तीन सालों तक बच्चों को दी जाती है। शिवांशु कुमार पुत्र सतीश कुमार गांव बगड़वान राजकीय प्राथमिक पाठशाला पट्टा में अध्यनरत है। इसी विद्यालय के छात्र वंश शर्मा पुत्र अशोक शर्मा गांव सौग डाकघर डगार तहसील घुमारवीं में जिला बिलासपुर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इस छात्र ने भी परीक्षा को पास किया था लेकिन नवोदय विद्यालय में चयन होने के कारण इस को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पाएगा। विद्यालय प्रभारी मंजुल शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय और इलाके के लिए बहुत ही हर्ष की बात है। इसके लिए उन्होंने दोनों बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

## झंडूता में नहीं हो रहे एक्स-रे, मशीन खराब

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में एक्स-रे की सुविधा होने के बाद भी लोगों को पैसे खर्च करके बाहर से एक्स-रे कराने पड़ रहे हैं। इसके लिए उन्हें दोगुनी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आने वाले लोगों का कहना है कि लगभग एक महिने से इस मशीन का यही हाल है यह काम नहीं कर रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता आस पास के विभिन्न इलाकों को कवर करता है। इस अस्पताल से सैकड़ों लोग हर दिन इलाज पाते है। यह अस्पताल झंडूता उपमंडल के एक तिहाई क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं की पूर्ति करता है।यह अस्पताल झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर क्षेत्र को कवर करता है और यहां पर अव्यवस्थाओं का आलम है। ना ही कोई पार्किंग सुविधा है। जिस कारण लोगों को भारी खर्च करके बिलासपुर जाना पड़ता है। यह अस्पताल 20 पंचायतों को कवर करता है। लेकिन सुविधाएं बहुत ही कम है। उपमंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ परमिंदर ने फोन के माध्यम से बताया कि इस मशीन का एक पार्ट खराब हो गया है। जिसे जापान से मंगवाया गया है। जैसे ही मशीन का वह पार्ट यहां पहुंच जाएगा। तो एक्स रे मशीन को ठीक कर दिया जाएगा।



## बिलासपुर शहर में सीवरेज योजना का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने जल शक्ति विभाग को बिलासपुर शहर में सीवरेज योजना का निर्माण कार्य शुरू करने लिए औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 93.30 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस योजना के लिए बजट का प्रावधान भाजपा सरकार के समय कर दिया गया था। इसके तहत नई सीवरेज लाइन बिछाने के साथ दो ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाए जाने हैं।

शहर में सीवरेज व्यवस्था को सुधारने के लिए यह योजना कारगर साबित होगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित औपचारिकताएं पूरी करके इसका काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लेते हुए त्रिलोक जम्वाल ने सदर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पेयजल व सिंचाई योजनाओं के साथ ही अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि पंजगाईं, द्रोबड़, बरमाणा, बैरी व धारटटोह आदि क्षेत्रों के लिए कोलडैम से 14 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल योजना का निर्माण किया गया है। हालांकि यह योजना शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी यह पूरी तरह से फंक्शनल नहीं हुई है। इससे सभी इलाकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इसे जल्द से जल्द सुचारु तरीके से शुरू किया जाए। इसके अलावा धार, बरमाणा, कैंचीमोड़, सोलग-जुरासी, बिनौला व रघुनाथपुरा में 6 सबमर्सिबल हैंडपंप भी जल्द चलाए जाएं, ताकि लोगों को इनका लाभ मिल सके।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि हवाण, तल्याणा, चलैहली व भलस्वाए आदि पंचायतों में पेयजल समस्या के समाधान के लिए भाजपा कार्यकाल में एक योजना का काम शुरू किया गया था। इसके तहत भटोली के पास से पानी लिफ्ट किया जाना है।

इस योजना का काम भी जल्द पूरा किया जाए, ताकि संबंधित इलाकों की जनता को समस्या से निजात मिल सके। कुठेड़ा, लद्दा व मैहरी काथला आदि क्षेत्रों में पानी की समस्या है। वहां सरकाघाट क्षेत्र से पानी आता है। उन्होंने अधिकारियों को उक्त क्षेत्रों में पेयजल समस्या दूर करने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बिलासपुर शहर में पेयजल की पर्याप्त व सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी अधिकारियों से चर्चा की।

### गर्मियों के मौसम से पहले जरूरी व्यवस्था करें

त्रिलोक जम्वाल ने आने वाले गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को समय रहते जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस बार बारिश अपेक्षाकृत कम होने से गर्मियों में जलस्रोतों का स्तर घटने की संभावना है। इससे कई पेयजल योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे पैदा होने वाली समस्या के निपटारे के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी जाएं, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

## मुख्यमंत्री के संभावित नयना देवी दौरे को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्यमंत्री के आगामी दिनों में श्री नयना देवी जी के संभावित दौरे के संदर्भ में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में वीरवार को बचत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जिन परियोजनाओं का उद्घाटन अथवा शिलान्यास प्रस्तावित है, उनकी सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को प्रस्तावित सभा स्थल का निरीक्षण कर वहां आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त दौरे के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, जनसभा स्थल, हेलिपैड, परिवहन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान कोई असुविधा न हो और सभी योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके।

## घुमारवीं में खुले में बह रही गंदगी लोगों का बदबू से जीना हुआ मुहाल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर में लोगों की सहूलियत के लिए बनाई गई सीवरेज योजना अब लोगों के लिए सुविधा के बजाए मुसीबत बन गई है। 25 वर्ष का समय बीत जाने के बावजूद भी अभी तक इस योजना का विस्तारीकरण नहीं हो पाया है। यही कारण है कि दशकों पुरानी यह योजना आज शहर के लिए छोटी पड़ने लगी है। इस वजह से आए दिन पूरे शहर में सीवरेज का खुले में सड़कों पर बहना, सीवरेज चैंबर ओवरफ्लो होना अब आम बात हो गई है। शहर के लोग सीवरेज की इस अवयवस्था के कारण परेशान हं। यह घुमारवीं के गांधी चौक के पास का है, जहां कुछ रिहायशी घरों के नजदीक सीवरेज चेंबर का गंदा पानी खुले में बह रहा है। नाले के बीचों-बीच बनाए गए यह चैंबर पिछले कई महीनों से ओवरफ्लो होकर खुले में बह रहे हैं तथा यह सारी गंदगी इस नाले के जरिए शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाली सीरखड्डु में घुल रही है।

इस गंदगी से शहर के साथ-साथ दर्जनों गांव के लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ किया जा रहा है, क्योंकि इसी सीरखड्डु से दर्जनों गांवों को पेयजल योजनाओं के तहत पीने का पानी सप्लाई किया जाता है, जिससे लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है, लेकिन विभागीय नींद है कि टूटने का नाम ही नहीं ले रही है। यही नहीं इस ओवरफ्लो चैंबर से आसपास रहने वाले लोगों का बदबू से जीना दूभर हो गया है। खुले में बहती यह गंदगी न केवल बीमारियों को न्योता दे रहा है, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन की भी सरेआम धज्जियां उड़ाता नजर आ रहा है।



स्थानीय लोगों फारुख, एजाज, सतीश, अनिल, तारेक, अरमान,और सतपाल आदि का कहना है कि शहर के बीचों-बीच बनाए गए इस चैंबर को ठीक करने की गुहार वह नगर परिषद तथा जल शक्ति विभाग से पहले भी लगा चुके हैं, लेकिन समस्या का हल नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि कुछ महीने पहले जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता मौके पर आकर इस चैंबर को ठीक करने का आश्वासन दिए गए थे लेकिन आज तक इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

उधर, नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने कहा सीवरेज की जिम्मेवारी जलशक्ति विभाग की है। विभाग को इस बारे में पहले भी अवगत करवाया जा चुका है। एक बार फिर से विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत करवाया जाएगा ताकि जल्द से जल्द इस समस्या का हल किया जाए और लोगों को राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## सूबे में ग्लैंडर्स बीमारी के बढ़ते मामलों से पशुपालक घबराए

**गोपाल कपिल, झंडूता**

हिमाचल प्रदेश में ग्लैंडर्स बीमारी के बढ़ते मामलों ने पशुपालकों और प्रशासन को सतर्क कर दिया है। यह संक्रामक रोग खासतौर पर घोड़ों और खच्चरों में पाया जाता है, लेकिन इंसानों में भी फैलने की आशंका बनी रहती है। कुल्लू और मंडी जिलों में इस बीमारी के लक्षण मिलने के बाद पशुपालन विभाग सक्रिय हो गया है और घोड़ा पालकों से सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। ग्लैंडर्स एक घातक संक्रमक बीमारी है। ग्लैंडर्स एक जीवाणुजनित बीमारी है, जो बैक्टीरिया से फैलती है। संक्रमित घोड़ों और खच्चरों के शरीर में गांठें बन जाती हैं, उनकी त्वचा पर फोड़े हो जाते हैं, और मुंह-नाक से खून निकलने लगता है। इस बीमारी का संक्रमण इंसानों में भी हो सकता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। हिमाचल में बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग ने संयुक्त रूप से एक विशेष टीम बनाई है, जो प्रभावित इलाकों में जाकर परीक्षण कर रही है। सैलानियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, घोड़ों के स्वास्थ्य की जांच के लिए नए नियम बनाए जा रहे हैं। संक्रमित जानवरों को आइसोलेट करने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। (अनंत ज्ञान)

## श्रद्धासुमन — मंत्री राजेश धर्माणी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# अहिंसा, प्रेम व एकता को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं नगर परिषद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने गांधी के विचारों और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा के उनके सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत हैं। धर्माणी ने कहा कि महात्मा गांधी ने न केवल भारत की आज़ादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि उन्होंने दुनिया को शांति, सहिष्णुता और समानता का संदेश भी दिया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान थे। उन्होंने सभी नागरिकों से गांधीजी के आदर्शों को अपनाने और समाज में शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में धर्माणी ने युवाओं से अपील की कि वे महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों को अपनाकर देश के विकास में योगदान दें। गांधी का जीवन दर्शन हमें सिखाता है कि सच्ची सेवा और निष्ठा से ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है।



इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्षा रीतासहगल उपाध्यक्ष श्याम शर्मा पार्षद राकेश, कपिल, मदन,एचपीएमसी के अध्यक्ष सतपाल, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने गांधी के सिद्धांतों को आत्मसात करने और समाज में अहिंसा, प्रेम व एकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया निक्षय वाहन का रूट प्लान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी विपिन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत जिला भर में 1 से 28 फरवरी तक टीवी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से निक्षय शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसके लिए विभाग ने नि-क्षय वाहन का रूट प्लान जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नि-क्षय वाहन जारी रूट प्लान के अनुसार विभाग के चिकित्सा अधिकारी विभिन्न चिकित्सा खंडों के चिन्हित ग्राम पंचायतों में जाकर नि-क्षय शिविर के माध्यम से संवेदनशील एवं क्षय रोग के संभावित लक्षणों युक्त लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

### बेसहारा गोवंश का सहारा बने परवेज अली बट्ट



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** प्रदेश सरकार के द्वारा उपमंडल सलूणी के अंतर्गत आने वाले मंजीर में स्थापित गोसदन के सुचारू संचालन हेतु तीसा के खुशनगरी निवासी बट्ट परिवार सबसे पहले आगे आया है। बट्ट परिवार के बड़े बेटे प्रदेश मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं बट्ट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने मंजीर गोसदन के एक गोवंश को गोद लिया है। वहीं गोसदन में रखे जाने वाले पशुधन को सर्दी से बचाने हेतु गोसदन के भवन के चारों और तिरपाल की व्यवस्था इत्यादि हेतु 31 हजार रुपए गो सदन संचालकों को भेंट किए हैं। वीरवार को बट्ट नर्सिंग कॉलेज बोंखरी मोड़ में परवेज अली बट्ट से मिलने पहुंचे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार व महासचिव अजय कुमार के आग्रह पर फौरन हामी भरते हुए बट्ट ने मंजीर गोसदन के एक गोवंश को गोद लिया वहीं गोसदन के भवन के चारों और तिरपाल लगवाने व अन्य व्यवस्थाओं हेतु 31 हजार रुपए प्रदान किए।

### बसंत पंचमी पर होगी पतंग प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा पहली बार पतंग महोत्सव बसंत पंचमी का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसे पूर्ण रूप से रैंकर वैली क्लासीस जेल रोड द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि महोत्सव का आयोजन 2 फरवरी को 11 बजे से शाम 4 बजे तक पड्डल के ऊपरी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें पतंग प्रतियोगिता, साथ में स्वयं सहायता समूहों द्वारा मंडी के प्रसिद्ध परंपरागत व्यंजनों सिड्डू, कचौर, गलगल का छाछा इत्यादि के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिसमें कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुरानी परंपरा को संजोने व बच्चों को नशे से हो रहे दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। इस आयोजन में दोनों श्रेणियों के विजेताओं को प्रथम स्थान 2100 रुपए, द्वितीय स्थान पर 1500 रुपए व तृतीय स्थान पर 1100 रुपए की धनराशि प्रदान किए जाएंगी।

### कूड़े की शिकायतों को लेकर किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम मंडी की टीम द्वारा कूड़े की शिकायतों को लेकर वार्ड नंबर 5 मंगवाई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई कर्मियों की मौजूदगी में टीम द्वारा उन सभी लोगों के घरों में कूड़ा शुल्क की रसीदों को चैक किया गया। इसके साथ ही उन लोगों को भी ट्रेस किया गया, जो कूड़ा शुल्क नहीं देते हैं। ऐसे किराएदारों के मकान मालिकों को टीम द्वारा नगर निगम कार्यालय मंडी बुलाया गया है, ताकि इन लोगों से पूछताछ करने के उपरांत कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

### नगर परिषद ने संवारा शहीद नरेश चौक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में जारी किये गये कैलेंडर में पर्यावरण संबंधित 50 गतिविधियों को चिन्हित किया गया था, जिसके तहत सुंदरनगर स्थित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला द्वारा नगर परिषद सुंदरनगर के सहयोग से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय प्रयोगशाला के प्रभारी वैज्ञानिक चमन लाल के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने नगर परिषद के साथ मिलकर शहीद नरेश चौक का पर्यावरण संवारा और वहां आसपास बिखरे पड़े प्लास्टिक व कचरे को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान के तहत करीब चार क्विंटल कचरा एकत्रित कर और आगामी प्रसंस्करण व निपटान के लिए नगर परिषद को सौंप दिया गया। चमन सिंह ने बताया विभाग का यह अभियान आने वाले दिनों में जारी रहेगा।

### सुकोढी पुल को रानी खैरगढ़ी चौक का नाम देने की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आने वाले समय में स्वतंत्रता दिवस, पूर्ण राज्यत्व दिवस व गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों के मौके पर मुख्य अतिथि पहले रानी खैरगढ़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करें तत्पश्चात महात्मा गांधी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर परेड की सलामी लें। यह मांग राजपूत सभा ने उठाई है। सभा ने यह भी मांग की है कि शहर का सुकोढी पुल जहां पर रानी खैरगढ़ी की प्रतिमा स्थापित की गई है उस चौक का नामकरण भी रानी खैरगढ़ी के नाम से किया जाए। सभा के अध्यक्ष कर्नल एमके मंडयाल, महासचिव सीताराम वर्मा, मुख्य संरक्षक कमल पठानियां, उप संरक्षक गंगाराम ठाकुर, संरक्षक कर्नल टीपीएस राणा व कर्नल प्रताप सिंह ने बताया कि रानी खैरगढ़ी का स्वतंत्रता संग्राम में विशेष योगदान रहा है इसलिए उनका सम्मान किया जाना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यहां पर प्रतिमा की स्थापना में भी राजपूत सभा का विशेष योगदान रहा है। जिसके लिए पूर्व सांसद स्वर्गीय रामस्वरूप शर्मा ने उद्घाटन किया था।

### आत्महत्या को रोकने के लिए लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंमानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को रोकने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपन ठाकुर ने बताया की जिले में कुछ स्कूलों में स्कूली छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को रोकने के लिए जागरूकता शिविर शुरू किये थे ,जिन के तहत आज राजकीय बरिष्ठ विद्यालय करियां ओर मैहला के छात्रों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविरों के लिए डॉ. करण हितेषी और सीआर ठाकुर- एमईआईओ को नियुक्त किया गया है।

# दिल्ली चुनाव पर डलहौजी में सियासत तेज

## आरोप-प्रत्यारोप चरम पर, राजनीतिक दल कर रहे अपनी-अपनी जीत का दावा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

राजधानी दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, जिसके चलते आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर हैं। विधानसभा क्षेत्र डलहौजी में भी राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यहां आम लोग दिल्ली चुनावों को पर चाय की दुकानों, नुक्कड़ों पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं, तो वहीं स्थानीय राजनेताओं में भी लगातार बढ़ती बयानबाजियां दिल्ली चुनावों को और भी ज्यादा दिलचस्प बना रही हैं। बता दें कि दिल्ली चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी अपने वर्चस्व को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, तो वहीं देश के सिंहासन पर काबिज भारतीय जनता पार्टी बीते 27 साल बाद दिल्ली में अपनी वापसी सुनिश्चित करना चाहती है।

कांग्रेस पार्टी भी दिल्ली के पड़ोसी राज्य हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में मुंह की खाने के बाद दिल्ली में लगातार दो बार करारी शिकस्त के बावजूद एक जोरदार चुनौती पेश करना चाहेगी।

वहीं, आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त योजनाओं के सुनियोजित घोषणा पत्र जारी कर दिए हैं । देखना यह होगा कि दिल्ली की जनता किस पार्टी पर अपना विश्वास जताती है। (अनंत ज्ञान)

### 'आप' दा मुक्त होगी दिल्ली : डीएस ठाकुर



**भारतीय** जनता पार्टी के विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के मौजूदा विधायक डीएस ठाकुर का दिल्ली चुनाव को लेकर कहना है कि इस बार दिल्ली 'आप' दा मुक्त होगी तथा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों पर भरोसा करते हुए दिल्ली के लोग भारतीय जनता पार्टी पर अपना भरोसा दिखा रहे हैं। पार्टी पूर्ण रूप से जीत को लेकर आश्वस्त है। इस बार दिल्ली में भगवा ही लहराएगा, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में हर क्षेत्र में हुए भ्रष्टाचारों का जो नंगा नाच दिखाया है, उसका जवाब दिल्ली के लोग इन विधानसभा चुनाव में जरूर देंगे।

### नतीजे हैरान करने वाले होंगे : आशा कुमारी



**डलहौजी** विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व शिक्षा मंत्री हिमाचल प्रदेश आशा कुमारी ने दिल्ली चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। उनका कहना है कि दिल्ली चुनावों को लेकर कोई भी टिप्पणी करना व्यर्थ है, परंतु इस बार दिल्ली चुनावों के नतीजे हैरान करने वाले जरूर होंगे।

### चौथी बार भी आम आदमी पार्टी ही बनाएगी सरकार : सरीन



**दिल्ली** विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के हिमाचल प्रदेश के प्रवक्ता मनीष सरीन ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि दिल्ली के मतदाता बहुत ही प्रबुद्ध हैं। वह शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, बिजली व पानी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना बहुमूल्य मतदान करते हैं तथा इन सभी मुद्दों पर हमेशा आम आदमी पार्टी ही काम करती आई है, जिसका नतीजा यह है कि जनता ने लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली देश का पहले ऐसा प्रदेश बनने जा रहा है जो कांग्रेस पार्टी मुक्त प्रदेश होगा, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी गाली-गलौज तथा भ्रष्टाचार के झूठे आरोपों पर इस बार का चुनाव लड़ रही है । दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल पर विश्वास करती है। उनके द्वारा दी गई गारंटी पर भरोसा करती है। यही कारण है कि चौथी बार भी दिल्ली में आम आदमी पार्टी प्रचंड बहुमत से अपना वर्चस्व कायम कर सरकार बनाएगी।

# जिले के लोक कलाकारों का 5 फरवरी तक होगा पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में लोक कलाकारों का पंजीकरण तथा श्रेणीकरण किया जा रहा है।



तुकेश शर्मा।

जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने बताया कि जिला चंबा से संबंधित लोक कलाकारों के पंजीकरण तथा श्रेणीकरण के जारी अभियान की निरंतरता में 5 फरवरी, 2025 तक समस्त लोक कलाकार अपना पंजीकरण विभाग के रंगमहल स्थित कार्यालय में करवा सकते हैं।

तुकेश शर्मा ने बताया कि लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन, लुप्त हो रही या हो चुकी पुरातन मौलिक सांस्कृतिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने तथा लोक कलाकारों को यथासमय मंच प्रदान करने के लिए यह पंजीकरण अभियान आरंभ किया गया है।

साथ में उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में पंजीकृत लोक कलाकारों द्वारा हासिल की गई नई उपलब्धि या किसी प्रतिष्ठित संस्था-विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र को भी पंजीकृत करवा सकते हैं।

पंजीकरण और श्रेणीकरण से कलाकारों को आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों, उत्सवों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मंच उपलब्ध होने में सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश के सभी जिलों में पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात पंजीकृत कलाकारों की सूची उनके ग्रेड सहित विभागीय वेबसाइट पर अपलोड होगी। इससे पंजीकृत कलाकारों को बार-बार ऑडिशन की प्रक्रिया से भी नहीं गुजरना होगा।

जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि जिन कलाकारों ने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम (8 बजे से 10 बजे) में सात बार, राष्ट्रीय स्तर के मेलों में पांच बार तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले में तीन बार प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आइडल, सारेगामा आदि में विजेता या उपविजेता, यूथ फेस्टिवल में विजेता या उपविजेता, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम में तीन बार भाग लेने वाले म्यूजिकल ग्रुप या सांस्कृतिक दल संबंधित मेला अधिकारी से जारी प्रमाण पत्र तथा रेडियो और दूरदर्शन या किसी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान या विभाग से चयन प्रक्रिया में कलाकार पासपोर्ट साइज फोटो ग्राफ एवं आधार कार्ड सहित विभाग के रंग महल स्थित कार्यालय में अपना पंजीकरण तथा श्रेणीकरण करवा सकते हैं।

# साहल-राजनगर सड़क में 2 दिन वाहनों की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**1 से 2 फरवरी तक सड़क बंद रखने के आदेश जारी**

उपमंडल दंडाधिकारी प्रियांशु खाती ने चकलू-पलेही-कोटी संपर्क सड़क के उन्नयन कार्यों के चलते साहल से राजनगर (थडी मोड़ के नजदीक) तक, चंबा-चकलू-कोटी संपर्क मार्ग पर सभी वाहनों के आवागमन को लेकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं ।

आदेश 1 फरवरी से 2 फरवरी 2025 तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेश के अनुसार सभी वाहनों को थडी मोड़ से पलेई-कोटी मुख्य सड़क से कोटी की ओर भेजा जाएगा।

आदेश में कहा गया है कि




सहायक अभियंता लोक निर्माण उपमंडल कोटी द्वारा कियाणी-राजनगर-चकलू-कोटी संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्यों के चलते साहल से राजनगर (थडी मोड़ के नजदीक) सड़क के हिस्से में कटिंग के प्रस्तावित कार्यों को शुरू करने से पत्थर-मलवे इत्यादि के गिरने से लोगों की सुरक्षा को लेकर लिए सूचित किए जाने के पश्चात आदेश जारी किए गए हैं ।

हालांकि जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आपातकालीन और आवश्यक आपूर्ति वाहनों को आवागमन की अनुमति दी जाए । साथ में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि आपातकालीन स्थिति में आपातकालीन वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क को साफ रखा जाए।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि की अर्पित

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

देश भक्त सरदार अजीत सिंह यादगार सभा पंजपुला डलहौजी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर गांधी चौक डलहौजी में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करके उनके देश के प्रति बलिदान को याद किया गया।

इस अवसर पर डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए राष्ट्रपिता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान कोषाधिकारी डलहौजी मुनीश ठाकुर, वरिष्ठ नागारिक राकेश गुप्ता, प्रेम मेहरा, कोऑपरेटिव बैंक डलहौजी के शाखा प्रबंधक पवन कुमार , कर्मचारी प्रियंका, बाला, पुलिस विभाग से अश्वनी कुमार, सुनील कुमार, सुनील सिंह, महेंद्र सिंह,कलम के संस्थापक बलदेव खोसला, कवयित्री मोनिका उपस्थित रहे।

सभा के महासचिव वीरेंद्र ठाकुर ने समस्त देशवासियों की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि परसमस्त राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की पुष्पांजलि के उपरांत दो मिनट का मौन रखा गया ।

### 342.68 ग्राम चरस सहित ढाबा मालिक काबू

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल पुलिस ने रियुनी नामक स्थान पर एक ढाबा मालिक से चरस बरामद कर नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने गश्त दौरान सूचना मिली कि रियूनी में ढाबा मालिक सुरेश कुमार नेगी चरस की खरीद फरोख्त करता है।

तलाशी लेने 342.68 ग्राम चरस बरामद की गई । पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना चौपाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है ।

# कुष्ठ रोग को खत्म करने के लिए हर नागरिक का जागरूक होना जरूरी



कार्यक्रम के दौरान छात्राएं व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस का आयोजन किया गया जिस की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपन ठाकुर ने की।

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की छात्रों ने भी भाग लिया। छात्रों के लिए इस अवसर पर लेपरोसी से जुड़ी जानकारी के पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने बताया की देश में इस बीमारी को खत्म करने के लिए हर व्यक्ति को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना होगा।

### प्रधान ग्राम पंचायत कथेट निष्कासित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विकासखंड भटियात के अंतर्गत प्रधान ग्राम पंचायत कथेट को ग्राम पंचायत की आधी बैठकों- सभाओं से अनुपस्थिति के चलते हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं।

उपायुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि खंड विकास अधिकारी भटियात से इस संदर्भ में 23 मार्च, 2024 को प्राप्त हुई जांच रिपोर्ट के अवलोकन तथा 23 अप्रैल 2024 को जारी कारण बताओं नोटिस के तहत उनके उत्तर को संतोषजनक व तथ्यों के विपरीत पाया गया तथा उन्हें प्रधान पद से निलंबित किया गया। वहीं जांच में आरोप भी सिद्ध पाए गए हैं।

# बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में लगाया रोजगार मेला



**मुकेश कुमार, डलहौजी**

सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ वीरवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटस के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा रोजगार मेले के दौरान पुरुष अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए गए। उन्होंने बताया कि कंपनी प्रतिनधि द्वारा 32 अभ्यथियों का चयन कंपनी के लिए किया गया है। चयनित युवाओं को कंपनी द्वारा कुल 24550 रुपए (सीटीसी) प्रदान किया जाएगा जिसमें से कि चयनित अभ्यर्थी कुल 17051 रुपए कैश इन हैंड प्राप्त कर सकेंगे।

### मोबाइल हेल्थ टीमों के लिए करवाया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान,चंबा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मोबाइल हेल्थ टीमों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चंबा द्वारा मोबाइल हेल्थ टीमों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम और त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यलय सभागार मे किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिले में कार्य कर रही सभी मोबाइल हेल्थ टीमों के कार्य की समीक्षा की । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आए हुए प्रतिभागियों को निर्देश दिए कि जिले की हर आंगनबाड़ी और स्कूल में हर बच्चे की स्क्रीनिंग 100 प्रतिशत होनी आवश्यक है ओर इसे जल्द से जल्द पूरा करें ।

### सूडोकु 0058 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0057 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

# जड़ी-बूटियों का जंगलों से दोहन प्राकृतिक संपदा को खतरा : दिनेश

**ओपी शर्मा, भरमौर**



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ओरडीनेटर/ पैनेलिस्ट व पूर्व नोडल आफिसर राज्य मैडीसिनल प्लांटस बोर्ड डॉक्टर दिनेश कुमार ने प्रदेश के जंगलों से अंधाधुंध व अवैधानिक तरीके से जड़ी बूटियों के दोहन पर गहन चिंता प्रकट की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व वन विभाग को चेताया है कि प्राकृतिक संपदा की रक्षा के लिए समयानुसार नई संशोधित नीति बनाए अन्यथा अमूल्य वन संपदा जंगल से लुप्त हो जाएगी जिनका उपयोग फार्मेसियों में कई प्रकार के औषधीय निर्माण मे किया जाता है।

जंगली जड़ी बूटियों की मांग बढ़ने के कारण उन्होंने जंगल के नजदीक और जंगल के अंदर खाली स्थान पर भी इन विलुप्त हो रही जंगली जड़ी बूटियों को स्थानीय लोगों द्वारा सामूहिक खेती के द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान कर लगाने पर बल दिया जिससे जहां स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे वहीं जंगल में अवैध कटान व जंगली जड़ी बूटियों के दोहन पर भी रोक लगेगी ।

उन्होंने ने प्रदेश सरकार की केबिनेट द्वारा कशमल की जड़ो को निकालने के लिए समय सीमा 15 फरबरी तक बढ़ाने के कदम को किसान हित मे बताया वही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त निगरानी मे इस कदम पर वैज्ञानिक तरीके से कार्य करने की बात कही ताकि कशमल प्रजाति के साथ साथ अन्य वन संपदा का संरक्षण भी बना रहे।( अनंत ज्ञान)

### महाकुंभ स्नान के लिए जत्था रवाना



**अनंत ज्ञान, डलहौजी ।** महाकुंभ में स्नान हेतु गांव बनीखेत से भी श्रद्धालुओं का एक जत्था प्रयागराज उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुआ। बता दें कि बीते कल गुरुवार सुबह प्रिंस टूर एंड ट्रैवल एजेंसी डलहौजी की एक बस लगभग 30 श्रद्धालुओं को लेकर आज बनीखेत भुरु नाग देवता मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत रवाना हुई बता दें कि यह सभी श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान करने के उपरांत वापस लौटेंगे। इस यात्रा को लेकर सभी श्रद्धालु बड़े ही उत्साहित दिखे ।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

31 जनवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** द्वितीया (02:01): **नक्षत्र** शतभिषा (04:15), **पक्ष** : शुक्ल, **योग :** वरियान (03:32) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:13-12:56), **राहुकाल** (11:13 -12:34)।

**विशेष दिन**

1 फरवरी 2025 : वरद-कुंद चौथ कल।

1 फरवरी 2025 : गौरी तृतीया कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे। पारिवारिक जीवन शुभ रहेगा। बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते है।

**वृषभ:** व्यवहार आपको दूसरों को प्रभावित करने में मदद करेगा। जिम्मेदारी से भाग रहे है, संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

**मिथुन:** व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारियों में प्रवेश कर सकते हैं। अपने आप पर विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखें।

**कर्क:** नौकरीपेशा जातक बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे जो उन्हें प्रगति देगा। अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे।

**सिंह :** आपको अपनी प्रतिभा और निवेशित प्रयासों के लिए उचित मान्यता प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें।

**कन्या :** पारिवारिक-जीवन खुशियों से उज्वल रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी में पदोन्नति एवं तबादले के योग हैं।

**तुला:** सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य की उपेक्षा न करें। व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे।

**वृश्चिक:** व्यावसायिक क्षेत्र में आपके अपने वरिष्ठ और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध होंगे। आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी।

**धनु :** उद्यम शुरू करने या विवेकपूर्ण निवेश करने के लिए यह एक बहुत अच्छी अवधि है। अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें।

**मकर :** सफलता के अवसर मिलेंगे। नए अधिग्रहण हो सकते हैं। व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी।

**कुंभ :** परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी।

**मीन :** आत्मविश्वास बढ़ेगा और लंबित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा।


**खुशखबरी** बच्चों को अब ब्लैक बोर्ड से नहीं ऑनलाइन मिलेगा किताबों का ज्ञान

# होली में आधा दर्जन स्कूलों में शुरू होगी स्मार्ट कक्षाएं

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर के तहसील होली के करीब आधा दर्जन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इस शैक्षणिक सत्र से स्मार्ट क्लासेस लगेगी। स्मार्ट क्लासेस लगाने से पहले इन स्कूलों के अध्यापकों को संस्था द्वारा ट्रेन भी किया जाएगा। इसके लिए परियोजना ने परियोजना प्रभावित पंचायत के पांच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्मार्ट क्लासेस को इंस्टॉल भी कर दिया है।

स्मार्ट क्लासेस के दौरान यहां पर बच्चों को एनसीईआरटी की ऑनलाइन पढ़ाई करवाई जाएगी।




जिसके तहत बच्चों को अब ब्लैक बोर्ड व दूसरी समस्याओं से रूबरू नहीं होना पड़ेगा। अब यहां के बच्चे ऑनलाइन ही किताबों का ज्ञान अर्जित करेंगे।

गौरतलब है जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना परियोजना प्रभावित पंचायत में सीएसआर के तहत स्थानीय लोगों के उत्थान और सामाजिक कार्य को लेकर समय-समय पर कुछ न कुछ गतिविधियां करती रहती है। लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने व यहां के स्कूली बच्चों के लिए यह परियोजना लगातार पिछले के समय से कार्य कर रही है, जिसमें स्थानीय महिला मंडलों को समय-समय पर स्वरोजगार के लिए जोड़ने के लिए कार्य हो रहे हैं तो वहीं पर यहां के के स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता किट प्रदान करके स्कूली बच्चों के शारीरिक विकास के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

वहीं इसके तहत यहां के करीब आधा दर्जन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्युत परियोजना ने स्मार्ट क्लासेज द्वारा बच्चों को पढ़ाने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवा दिए गए हैं।( अनंत ज्ञान)

### स्मार्ट क्लास से जुड़ेंगे बच्चे

**जेएसडब्ल्यू** विद्युत परियोजना के सीएसआर के हेड अजय नाथ व सीएसआर के जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि विद्युत परियोजना प्रभावित पंचायत में परियोजना द्वारा सीएसआर के तहत अलग-अलग विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जिसके तहत लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा मिले इसके लिए परियोजना द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इस शैक्षणिक सत्र से आधा दर्ज स्कूलों में बच्चों को स्मार्ट क्लासेस से जोड़ा गया है। शीतकालीन अवकाश खत्म होने के साथ ही स्मार्ट क्लासेस से शिक्षा प्रदान की जाएगी।

जलना होगा, गलना होगा और हमें कदम मिलाकर एक साथ चलना होगा। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

## बच्चों ने बढ़ाया मान

हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों का रीडिंग लेवल पूरे देश में सबसे बेहतर पाया गया है। यह वाकई बेहद खुशी की बात है कि हिमाचल के छोटी कक्षाओं के बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश का नाम चमकाया है। हिमाचल प्रदेश ने 'असर' यानी एनुअल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट की वार्षिक रिपोर्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह रिपोर्ट एक गैर-सरकारी संगठन ने जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, छात्र नामांकन पूर्व कोविड महामारी के स्तर से अधिक हो गया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति का संकेत है। 'असर' की वार्षिक शिक्षा स्टेटस रिपोर्ट इस क्षेत्र में ग्रामीण शिक्षा की मिश्रित तस्वीर पेश करती है, जबकि अंकगणित और डिजिटल साक्षरता में उत्साहजनक वृद्धि देखी गई है। हिमाचल प्रदेश में पठन दक्षता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, लेकिन इस दफा अपेक्षाकृत बहुत ज्यादा सुधार देखा गया है।

भविष्य में यह वर्ष आगामी सालों के लिए एक किस्म से ट्रेंड सेट करेगा तथा बच्चे पढ़ने में और ज्यादा रुचि दिखाएंगे। हिमाचल के स्कूलों, विशेष रूप से सरकारी संस्थानों ने अधिकांश श्रेणियों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है। सरकारी स्कूलों में सीखने की प्रगति में तेज वृद्धि देखी गई है और अंकगणित कौशल में निजी संस्थानों से आगे निकल गया है। यह ग्रामीण शिक्षा में सुधार शुभ संकेत है। सरकारी स्कूलों में नामांकन में गिरावट महामारी से प्रेरित प्रवृत्ति के उलट होने का संकेत देती है, जिससे ग्रामीण स्कूलों में गुणवत्ता की धारणा और बुनियादी ढांचे के बारे में सवाल उठते हैं। हिमाचल प्रदेश अपनी निरंतर उत्कृष्टता के लिए अग्रसर है। आठवीं कक्षा के 84.2 प्रतिशत छात्रों ने पढ़ने की क्षमता और अंकगणितीय क्षमता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, यह भारत के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक है। भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद राज्य के उच्च शिक्षक जुड़ाव और बुनियादी ढांचे में सुधार दूसरों के लिए एक मॉडल पेश करते हैं। 'असर' के निष्कर्ष आधारभूत साक्षरता में लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। हिमाचल में भविष्य में भी प्राथमिकता पठन कौशल में सुधार बना रहना चाहिए।

शिक्षक प्रशिक्षण, बेहतर शैक्षणिक पद्धतियों और निरंतर नीतिगत फोकस के लिए अधिक जोर देने से सीखने की खाई को पाटने में मदद मिलेगी। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए सुक्खू सरकार का कदम उठा रही है। इनमें से एक महत्वपूर्ण कदम है 'माई स्कूल-माई प्राइड' कार्यक्रम, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप है। इसके अलावा, सरकार प्रतिष्ठित हस्तियों को सरकारी स्कूलों से जोड़ रही है। यह एक अच्छी पहल है, जिससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। स्पष्ट है कि सुक्खू सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए विभिन्न पहलों को लागू कर रही है। प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी अब सामने आ रहे हैं। शिक्षा सुधारों और नई शिक्षण नीतियों के चलते हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों की तुलना में रीडिंग स्किल्स के मामले में शीर्ष स्थान पर पहुंचना कई मायनों में हिमाचल की छवि को चार चांद लगा गया।

सरकार की इस दिशा में की जा रही पहल से आने वाले वर्षों में और भी बेहतर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। सुक्खू सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए राज्य सरकार एक बार फिर सख्त फैसला लेने जा रही है। राज्य में कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को मर्ज किया जाना भी इसी कड़ी का हिस्सा था तो वहीं, कुछ दिन पहले भी सरकार ने साहसी फैसला। पिछले साल सरकार ने 1049 प्राइमरी व मिडल स्कूलों को मर्ज किया था। अब प्राइमरी व मिडल के साथ हाई, वरिष्ठ माध्यमिक व कॉलेजों का भी मर्ज किया जाएगा।

नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले सरकार इसे लागू करेगी, ताकि बीच सत्र में बच्चों की पढ़ाई में कोई व्यवधान न पड़े। उच्च और प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने जिला उपनिदेशकों से सरप्लस शिक्षकों और पंजीकृत विद्यार्थियों की सूची मांगी है। राज्य सरकार कम छात्र संख्या वाले कॉलेजों को बंद करने का निर्णय ले सकती है। अगर सरकार ने यह कर दिखाया तो निश्चित रूप से प्रदेश में शिक्षा क्रांति के द्वार खुल जाएंगे। वैसे भी कम संख्या वाले कॉलेजों को चलाने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि यह महज सरकार का खर्चा ही बढ़ाते हैं। शैक्षणणिक संस्थान जरूरत के अनुसार ही खुलने चाहिए, इसी में समझदारी है। ■

# बदल गया इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना का स्वरूप


स्वतंत्रता के पश्चात भले ही देश और प्रदेश में चहुंमुखी विकास हुआ। लाखों लोगों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार मिला। सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें जीवन निर्वाह के लिए पेंशन दी जाती है। सैकड़ों लोगों को सरकार के अर्द्धसरकारी उपक्रमों में भी रोजगार मिला है। शिक्षित बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के मिले। जो युवा उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त हैं। उन्हें तो अच्छा पैकेज मिलता है। जो बिना किसी प्रशिक्षण के हैं, उनसे काम भी अधिक लिया जाता है, लेकिन वेतन इतना कम दिया जाता है जिससे उन्हें अपना या अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो जाता है। जिन लोगों को सरकारी, अर्द्धसरकारी या निजी क्षेत्र रोजगार नहीं मिल पाता। उन्हें अपना घर परिवार चलाना बहुत ही मुश्किल होता है।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

ऐसे लोगों को रोजगार के अन्य कोई छिटपुट साधन अपनाने पड़ते हैं। इसमें सबसे बड़ी परेशानी महिला वर्ग को होती है। पहले ग्रामीण क्षेत्र में कृषि एवं पशु-पालन मुख्य व्यवसाय रहा, लेकिन उसमें नौकरी की तरह नकद पैसा नहीं था, इसलिए जो सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार पाने में पिछड़ गए। वे गांव या आसपास के क्षेत्र में सरकारी क्षेत्र एवं ठेकेदारों द्वारा शुरू किए गए कार्यों में मेहनत मजदूरी करते।

अब ग्रामीण स्तर पर काम न के बराबर हो गए हैं। रोजगार से वंचित परिवार की महिलाएं धनाभाव में अपना जीवन व्यतीत कर रही है। सरकारी, अर्द्धसरकारी व निजी क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं को तो हर महीने वेतन या मानदेय के रूप में नकद पैसा मिल जाता है। मगर सरकार ने जिस श्रेणी की महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान योजना के लिए पात्र घोषित किया था। सचमुच ही उन्हें ऐसी योजना की नितांत आवश्यकता थी मगर अब इस योजना का स्वरूप ही बदल गया है। सुक्खू सरकार की यह अत्यंत सराहनीय योजना रही है, लेकिन अब इस योजना के पात्र महिलाओं के



चयन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की ग्रामसभा को दी गई है। ग्रामसभा अब अपने हिसाब से इस योजना का कार्यान्वयन करेगी। पहले गरीब व्यक्ति खेतीबाड़ी व पशुपालन से कुछ न कुछ पैसा जुटा कर जैसे-तैसे अपना गुजारा कर लेता था। अब ग्रामीण क्षेत्र में खेतीबाड़ी का कार्य जंगली जानवरों व लावारिश पशुओं ने खत्म कर दिया है। रही सही कसर तेजी से फैल रहे जहरीले फुलणू घास ने पूरी कर दी। पशुपालन का व्यवसाय भी खत्म होने के कगार पर है।

ग्रामीण स्तर पर भी यह स्थिति हो गई है कि दूध व दहीं भी बाजार से खरीदना पड़ रहा है। वर्तमान कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना एक सराहनीय प्रयास किया था, मगर इसका चयन ग्राम पंचायतों की आमसभा को दिए जाने से इस पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। अपने को इस योजना की पात्र समझने वाली महिलाओं को यह कहते सुना जा सकता है कि सरकार इस योजना को कागजी करवाई में उलझा कर रख दिया है। हालांकि चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने जो दस गारंटियों दी थी।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उसमें यह भी एक थी। जब घोषणा हुई थी तब यह कहा गया था कि प्रत्येक महिला को 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। बाद में जो फार्मूला बनाया गया, उसमें भले ही बहुत कम संख्या में महिलाएं आई है, लेकिन असल में वही जरूरतमंद महिलाएं हैं। उन्हें कहीं से भी नकद पैसा नहीं मिलता है। जिससे वह अपना जरूरी सामान आदि खरीद सकें। शुरू में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत निर्धन वर्ग के वृद्धजनों, विकलांगों या असहाय लोगों को पेंशन दी जाती रही। समाज का एक ऐसा वर्ग धनाभाव के कारण अनेक समस्याओं से ग्रसित रहा। उन लोगों की संख्या बहुत कम थी। इसके बावजूद कुछ ऐसे बुजुर्ग व महिलाएं रह गए थे। जिन्हें सीधे तौर पर कोई लाभ नहीं मिला रहा था। जिन लोगों को सरकारी या निजी क्षेत्र में रोजगार नहीं मिला था। बुढ़ापे में वे दूसरों के हाथ की ओर देखते थे।

उन्हें काफी तंगी से गुजरना पड़ता था तथा रोजमर्रा के खर्च के लिए दूसरे के आगे हाथ फैलाना ही पड़ता था। हिमाचल की सुक्खू सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना को लेकर असल में जरूरतमंद महिलाएं अत्यंत उत्साहित थी। उनका मानना था कि उक्त योजना के लागू होने से साधनहीन महिलाओं को आत्मनिर्भर होने में मदद मिलेगी तथा उन परिवारों को भी आर्थिक मदद मिलेगी। जो नकद राशि के लिए विभिन्न परिस्थितियों से जूझते रहते हैं। अर्थात जिन परिवारों के लिए सरकार की ओर से मासिक वेतन के नाम पर एक पैसा भी नहीं मिलता। उन परिवारों को तंगहाली में अपना जीवन यापन करना पड़ता है। इससे उनकी कई समस्याएं समय रहते हल नहीं हो पाती है। रोजमर्रा के समान खरीदने के लिए उन्हें समय पर पैसा नहीं मिलता।

नतीजतन उन्हें कई बुनियादी जरूरतों से वंचित रहना पड़ता है अथवा उधारी में सामान खरीदना पड़ता है। नियमित आमदनी न होने के कारण कई बार उधार की राशि इतनी बढ़ जाती है कि उसे एकमुश्त चुकाना मुश्किल हो जाता है। इसके लिए कई बार उन्हें घर की कोई अन्य चीज औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ती है। इनमें भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा प्रदेश सरकार की सामाजिक पेंशन योजना से सीधे तौर पर लोगों को लाभ मिला है। लेकिन आम महिलाएं कभी-कभार ही घर से निकलती है । अधिक्तर ग्रामीण क्षेत्रों में निजी बसें चलती हैं । आम ग्रामीण महिलाएं उनमें ही सफर करती हैं । उन्हें कभी-कभार ही तो कहीं जाना होता है । उनका भी यह आरोप है कि सरकार उनको ही सुविधाएं देती हैं । जनको सरकार की ओर से वितीय लाभ मिल रहे हैं । यह कड़वी सच्चाई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अश्लीलता का स्रोत-मीडिया या समाज?

हिंदी फिल्म जगत हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम या सोशल मीडिया के अन्य स्रोत, सब में अश्लीलता परोसी जा रही है।

ऐसा नहीं है कि अच्छे एवं शिक्षाप्रद वीडियो उपलब्ध नहीं हैं, परंतु तुलनात्मक रूप से अश्लील वीडियोज की संख्या भी बहुतायत में है। सोचने वाली बात यह है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? क्या मीडिया समाज को गलत दिशा में ले जा रहा है या समाज की गलत मानसिकता को ही मीडिया प्रदर्शित कर रहा है? समाज में यदि लोगों को पूछा जाए कि आप अश्लीलता भरे रीलस को क्यों देखते हैं, तो उसके लिए वे कहते हैं कि ऐसे वीडियो बनते हैं तो हम देखते हैं, अगर बने ही न तो हम देखेंगे क्यों? इसके विपरीत ऐसे वीडियो बनाने वालों को इसका कारण पूछा जाए, तो वे कहते हैं कि लोग ऐसे वीडियो पसंद करते हैं, तभी तो बनाए जाते हैं। इस प्रकार सभी एक दूसरे पर दोषारोपण करते हैं, परंतु इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ी एवं युवा वर्ग को भुगतना पड़ता है। पहले से ही युवा वर्ग में अधिकांश भाग नशे की गिरफ्त में है। ऊपर से अश्लीलता का यह सागर उनकी नैया को डुबोने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। मासूम युवा जब इस प्रकार की सामग्री को वीडियो या साहित्य के रूप में प्राप्त करता है, तो वह सही और गलत में अंतर नहीं कर पाता। ऐसे में कई बार वह गलत मार्ग पर चल पड़ता है और जब तक उसे होश आता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। वास्तव में मासूम किशोर व युवा वर्ग की इसमें गलती नहीं है। यही तो कलियुग की माया है, जो हमेशा आकर्षक रूप लेकर स्वयं को प्रस्तुत करती है। ऐसे में उचित मार्गदर्शन के अभाव में लोग भ्रमित हो जाते हैं।



लेखक : यश गोरा
योल कैंप (हि प्र)

लोग भूल जाते हैं कि प्रत्येक चमकने वाली पीली बस्तु सोना नहीं होती। फिर चाहे वह छोटे पर्दे पर दिखाए जाने वाले विज्ञापन हों या बड़े



पर्दे पर करोड़ों की कमाई करने वाली कोई फिल्म ही क्यों न हो। यदि इन सब में सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए अश्लीलता परोसी जा रही हो, तो इन सब का बहिष्कार ही करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी संस्कृति पर अप्रत्यक्ष रूप का प्रहार होता है।

धीरे-धीरे ये बातें व्यक्तियों के संस्कार का हिस्सा बनती जाती हैं। यही कारण है कि जिसे एक पीढ़ी के लोग अस्वीकार करते हों, उसे अगली पीढ़ी के लोग न केवल सहर्ष स्वीकार ही करते हैं, बल्कि इसके लिए वे पुरानी पीढ़ी को दकियानूसी या पिछड़ा हुआ घोषित करने से भी नहीं हिचकिचाते। इस सिलसिले में जहां तक अश्लीलता की बात है, तो यह एक गंभीर विषय बन जाता है। जब यह दूसरों पर असर कर रही होती है, तो सभी इसका आनंद उठाते हैं, परंतु जब इसका असर स्वयं पर होता है, तो सभी तिलमिलाने लगते हैं। यदि गहनता से विचार किया जाए, तो इसके लिए समाज का योगदान महत्वपूर्ण है। क्योंकि मीडिया, बाजार, कार्यालय इत्यादि सभी समाज के ही अंग हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

समाज यदि चाहे तो अश्लीलता पर लगाम लगा सकता है, परंतु उसे निष्पक्ष होकर कार्य करना होगा। अश्लीलता का पैमाना तय करते समय उसे समाज के हितों का ध्यान रखना होगा। वरना ऐसा न हो कि कोई व्यक्ति सेंसर बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गई फिल्म को देखने जाए, तो उसे पता चले कि यह परिवार के साथ देखने लायक नहीं है। हालांकि फिल्म व्यस्कों के लिए है या नहीं यह प्रमाण पत्र तो दिखा दिया जाता है, पर कुछ कामुक दृश्यों को स्थिति या कहानी की मांग कहकर हटाया नहीं जाता। समाज को यदि सोशल मीडिया व साहित्य से अश्लीलता का पलायन करना है, तो एक मानसिक रूप से स्वस्थ समाज का पुनर्निर्माण करना होगा। घर के साथ-साथ बाजार, कार्यस्थल सभी स्थानों पर स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण फैलाना होगा। कार्यालयों में जहां लोग न केवल अश्लीलता भरे वार्तालाप करते हैं, बल्कि सुनने वाले भी ऐसी बातों में रस लेते हैं और ठहाके लगाते हैं। वहां भी सामंजस्य बैठाना होगा। विपरीत-लिंगी के प्रति अपनी संकीर्ण विचारधारा को बदलना होगा। वरना इसका खामियाजा भी समाज के लिए हितकर नहीं हो सकता। दिल्ली का निर्भया कांड हो या जम्मू में महिला चिकित्सक के साथ की गई बर्बरता हो, ये सब संकीर्ण विचारधारा के ही परिणाम हैं। जहां तक अश्लीलता की बात है, तो एक निर्धारित आयु के पश्चात हालांकि यह व्यक्तिगत संज्ञान लेने योग्य हो जाता है, परंतु यह सार्वजनिक तौर पर कहीं हानिकारक तो नहीं, इस बात का ध्यान समाज को स्वयं करना होगा। समाज में हम सभी शामिल है, अतः पहल स्वयं से ही करनी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**महाकुंभ** में श्रद्धालुओं का जन-सैलाब उमड़ना ही था। भगदड़ की भी आशंकाएं बहुत अधिक थीं, क्योंकि कुछ श्रद्धालु सीमाओं को लांघने पर उतारू थे। रात में ही करीब 2 बजे बैरिकेड लांघन का दुस्साहस किया गया, अनुशासन तोड़ दिया गया, प्रशासन के निर्देशों को नकार दिया गया, नतीजतन भगदड़ मची और श्रद्धालु घायल हुए। कुछ गंभीर घायल भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताए हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया एजेंसियों ने मरने वालों की संख्या बताई है, लेकिन हम उसे अंतिम जिम्मेदारी नहीं मानते। यकीनन भगदड़ अप्रत्याशित होगी, तभी प्रधानमंत्री मोदी ने तीन घंटे में ही चार बार मुख्यमंत्री योगी को फोन किए और हालात की जानकारी लेते रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने भी फोन पर मुख्यमंत्री से बातचीत कर विस्तृत ब्यौरा लिया। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में हुए हादसे को 'दुखद' करार दिया है।

**रमेश चंद, धर्मशाला**

# प्रयागराज भगदड़ : प्रशासनिक लापरवाही या भक्तों का उन्माद?

प्रयागराज में हुई भगदड़ के बारे में सुनना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई। यह घटना निस्संदेह विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक चर्चाओं को जन्म देगी। विपक्ष आलोचना करेगा, जबकि सरकार अपने कार्यों को सही ठहराने का प्रयास करेगी, लेकिन जो लोग मर चुके हैं उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। प्रयागराज में संगम तट पर वर्ष 2013 के कुंभ मेले के दौरान 10 फरवरी दिन रविवार को मौनी अमावस्या का स्नान था। कुचलने और गिरने से 35 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। जिनका अस्पताल में कई दिनों तक इलाज चला था। 1954 में मौनी अमावस्या के दिन नेहरू जी ने संगम में स्नान किया, जो इस मेले का मुख्य आकर्षण था। इस कुंभ मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा भी हुआ।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री और स्वतंत्र पत्रकार

मौनी अमावस्या के स्नान के समय, एक हाथी नियंत्रण से बाहर हो गया और भगदड़ मच गई। इस दुर्घटना में करीब 500 लोग मारे गए। भगदड़ के बाद भीड़ को नियंत्रित करने और सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर्स का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, रात के समय मेले में रोशनी के लिए 1000 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थीं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद, कुंभ मेले में हाथियों के उपयोग पर हमेशा के लिए रोक लगा दी गई। अपने घर में छोटा-सा कार्यक्रम करिए उसको सकुशल संपन्न कराने में हवा निकल जाती है। एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है।

दस लोगों के लिए डिजाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का संबंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का



मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं। कुछ लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। लिखना और आलोचना करना बहुत आसान है लेकिन जहां पर लाखों, करोड़ों लोगों की भीड़ हो और उसमें भी बहुत बड़ी संख्या में बुजुर्ग हो। घाटों पर जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हो, बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करके बाहर निकल रहे हो और बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने जा रहे हों। हादसे की संभावना बनी रहती है और अफसोस हादसा हो ही गया।

हादसा कहीं भी हो सकता है। न इसमें पूरा प्रशासन का दोष है और न ही इसे विपक्ष की साजिश कहा जा सकता है। यह महज एक हादसा है। हादसे के बाद पूरे संगम क्षेत्र में स्थिति बिलकुल सामान्य है, लेकिन मीडिया अपने टीआरपी के लिए सनसनी पैदा कर रहा है, जबकि मीडिया की जिम्मेदारी है कि वह घटना (भगदड़) की वजह की रिपोर्टिंग पर करें।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सरकार के नियम, अनुशासन, चेतावनी का उसी आस्था से पालन करे। जब अयोध्या और काशी में आशातीत भीड़ हो गई है तो प्रयागराज में महाकुंभ में सम्मिलित श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान भी नहीं किया जा सकता। सभी लोग त्रिवेणी संगम में ही स्नान के लिए हठ न करें, चालीस किलोमीटर इधर और उधर, यानी अस्सी किलोमीटर तक फैला हुआ स्नानघाट बनाया गया है। वहीं स्नान कर कृपया व्यवस्था में सहयोग बनाएं।

ऐसा लगता है कि सरकार खुद को सर्वश्रेष्ठ आयोजक के रूप में दिखाने पर केंद्रित है, जबकि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन को बढ़ावा देने में अधिक रुचि रखते हैं, आम भक्तों की भावनाओं की उपेक्षा करते हैं। ब्रह्म कल्प के दौरान लगभग 45 दिनों तक, शाही स्नान (शाही स्नान) प्रतिदिन होता है, फिर भी हमारे धार्मिक नेताओं ने इसे श्रद्धालुओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंचाया है।

यदि सनातन धर्म पर चर्चा करने के लिए अक्सर टेलीविजन पर आने वाले धार्मिक व्यक्ति कल्पवास के इन 45 दिनों के दौरान प्रत्येक प्रहर के दौरान स्नान के महत्व पर जोर देते, तो भारी भीड़ को अलग-अलग दिनों में फैलाया जा सकता था, जिससे संभावित रूप से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता था। अत्यधिक प्रचार के कारण महाकुंभ में बेहिसाब भीड़ जमा हो गई। इसके अतिरिक्त वीआईपी यानी अति विशिष्ट को जरूरत से ज्यादा महत्व और आमजन को अनेक रास्तों पर रोकना या वापस भेजना या मोक्ष मार्ग पर अति विशिष्ट के लिए अलग मार्ग भी एक कारण। भगदड़ के लिए बस एक छोटी—सी गलती की ज़रूरत होती है। एक बात और असरदार या धनी लोग द्वारा अपने पैसों के दम पर सामान्य तीर्थयात्रियों का हक मार लेना, उनको पीछे धकेल देना। क्या यह पाप नहीं है? क्या गंगाजी इस तरह के पापियों के पाप धो पाएगी? दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## प्रथम परमवीर चक्र विजेता

**मेजर** सोमनाथ शर्मा भारतीय सेना की कुमाऊं रेजिमेंट की चौथी बटालियन की डेल्टा कंपनी के कंपनी-कमांडर थे, जिन्होंने अक्तूबर-नवंबर, 1947 के भारत-पाक संघर्ष में अपनी वीरता से शत्रु के छक्के छुड़ा दिए। उन्हें भारत सरकार ने मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया। परमवीर चक्र पाने वाले यह प्रथम व्यक्ति हैं। मेजर सोमनाथ ने अपना सैनिक जीवन 22 फरवरी, 1942 से शुरू किया। जब इन्होंने चौथी कुमाऊं रेजिमेंट में बतौर कमीशंड ऑफिसर प्रवेश लिया। उनका फौजी कार्यकाल शुरू ही दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुआ और वह मलाया के पास के रण में भेज दिए गए। 3 नवंबर 1947 को मेजर सोमनाथ शर्मा की टुकड़ी को कश्मीर घाटी के बदगाम मोर्चे पर जाने का हुकम दिया गया। 3 नवंबर को प्रकाश की पहली किरण फूटने से पहले मेजर सोमनाथ बदगाम जा पहुंचे और उत्तरी दिशा में उन्होंने दिन के 11 बजे तक अपनी टुकड़ी तैनात कर दी। तभी दुश्मन की करीब 500 लोगों की सेना ने उनकी टुकड़ी को तीन तरफ से घेरकर हमला किया और भारी गोला बारी से सैनिक हताहत होने लगे। 'दुश्मन हमसे केवल पचास गज की दूरी पर है। हमारी गिनती बहुत कम रह गई है। हम भयंकर गोली बारी का सामना कर रहे हैं फिर भी, मैं एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा और अपनी आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक डटा रहूँगा।' ■



**मेजर सोमनाथ शर्मा**
**जन्म :** 31 जनवरी, 1923
**शहादत :** 3 नवंबर, 1947



कविता

## खुशियों का बाजार

*सुदेश दीक्षित, बैजनाथ (कांगड़ा)*

*चोर उचक्के हैं इक्कट्ठे कोई पहरेदार नहीं है।*
*झूठ की दुकान चल निकली सच का कारोबार नहीं है।*
*अदालत में उसकी सब सिर झुकाए खड़े हैं।*
*सभी मुजरिम हैं वहां कोई सरदार नहीं है।*
*स्वर्ग चाहिए तो हर किसी को यहां।*
*हकीकत है कि मरने को कोई तैयार नहीं है।*
*ता उम्र सताया दो जून रोटी की खातिर बाप को।*
*मरने पर बेटा उसकी जायदाद का हकदार नहीं है।*
*किस पर भरोसा करें किस पर नहीं तुम्हीं बताओ।*
*सच में आदमी क्या कुत्ता भी वफादार नहीं है।*
*घूम कर देख लिया गम आज भी मुफ्त में मिलते हैं।*
*हरेक बोला फिरते कहां हो पगले खुशियों का बाजार नहीं है।*

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बच्चे की अच्छाई बाहर लाने के लिए प्यार और धैर्य की जरूरत

हरी-भरी पहाड़ियों के बीच बसे एक शांत और सुरम्य गांव में एक वृद्धा रहती थीं, जिन्हें सभी स्नेह से 'अम्मा' कहते थे। अम्मा अपनी मुस्कान, निस्वार्थ सेवा और अद्भुत पकवान बनाने के लिए प्रसिद्ध थीं। उनके स्नेहपूर्ण स्वभाव के कारण गांव के लोग उन्हें अपने परिवार का हिस्सा मानते थे। एक दिन गांव में एक नया लड़का आया, जिसका नाम राहुल था। राहुल एक तेज-तर्रार और जिज्ञासु लड़का था, लेकिन उसकी शरारतें उसे अक्सर मुसीबत में डाल देती थीं। वह बच्चों के साथ मजाक करता और लोगों को परेशान करता। राहुल की चंचलता से गांव वाले परेशान हो गए थे।



लेखक : दीपक कोहली
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक दिन अम्मा ने राहुल को ध्यान से देखा और उसकी शरारतों के पीछे छिपी चमक और उत्साह को महसूस किया। उन्हें विश्वास था कि यह ऊर्जा सही दिशा में लगाई जाए, तो राहुल एक बेहतरीन इंसान बन सकता है। एक दिन, जब राहुल शरारत के बाद परेशान होकर पेड़ के नीचे बैठा था, तब अम्मा ने उसे अपने पास बुलाया। अम्मा ने राहुल को अपने हाथों से बनी



मिठाई दी और धीरे-धीरे उससे बातें करना शुरू किया। उन्होंने उसे कहानियां सुनाई।

इसके बाद हर दिन अम्मा राहुल को कुछ नया सिखाती। कभी किसी बूढ़े किसान की मदद करना, तो कभी किसी घायल पक्षी का उपचार करना। शुरू में राहुल ने अम्मा की बातों को हल्के में लिया, लेकिन धीरे-धीरे अम्मा की दयालुता और स्नेह ने उसका दिल जीत लिया। वह अब अम्मा के साथ समय बिताने लगा और उनके दिए हर छोटे-बड़े कार्य को एक चुनौती की तरह लेने लगा। धीरे-धीरे राहुल ने महसूस किया कि दूसरों की मदद करना कितना संतोषजनक हो सकता है। समय के साथ, राहुल में बदलाव आने लगा।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अब वह अपने दोस्तों के प्रति दयालु, बड़ों के प्रति आदरपूर्ण और जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति रखने लगा। राहुल की शरारतें एक नए रूप में बदल गईं। वह बच्चों को हंसाने और गांव के कामों में मदद करने के लिए अपनी चतुराई का उपयोग करने लगा। इससे राहुल ने गांव वालों का दिल जीत लिया। गांव वाले राहुल के इस बदलाव को देख कर आश्चर्यचकित थे, क्योंकि उन्होंने राहुल में एक नई ऊर्जा और सच्चाई देखी, जो पहले उनके लिए सिर्फ एक उपद्रवी था।

एक दिन, गांव के लोग अम्मा के पास गए और राहुल में आए इस अद्भुत बदलाव के लिए उनका धन्यवाद किया। अम्मा मुस्कुराईं और बोलीं-'हर बच्चे में अच्छाई छिपी होती है। उसे बाहर लाने के लिए प्यार और धैर्य की जरूरत होती है। एक दीपक से दूसरा दीपक जलाने में कभी प्रकाश कम नहीं होता है। उस दिन के बाद, राहुल को 'गांव का दीपक' कहा जाने लगा। राहुल ने गांव के हर व्यक्ति के जीवन में उजाला भरने का काम किया और यह सब उस स्नेहमयी अम्मा की वजह से संभव हो पाया, जिन्होंने अपनी दयालुता से न सिर्फ राहुल का जीवन बदला, बल्कि पूरे गांव को एक नया संदेश दिया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# किरतपुर-मनाली फोरलेन पर गाड़ी से 892 ग्राम चरस बरामद




**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पुलिस थाना सुंदरनगर का नशे के व्यापार के खिलाफ जारी विशेष अभियान लगातार जारी है। ताजा मामले में थाना की पुलिस टीम ने पंजाब के रहने तीन युवकों के कब्जे से गुरुवार को 892 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने गुरुवार दोपहर किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

इस दौरान मंडी से बिलासपुर की ओर जा रही एक गाड़ी नंबर पीबी-10-सी डब्ल्यू-7374 को चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस टीम ने जब गाड़ी की चेकिंग की तो उसकी डिक्की में एक लिफाफे में 892 ग्राम चरस बरामद की गई। गाड़ी में चेकिंग के दौरान बैठे तीन आरोपियों की शिनाख्त संजू कुमार (37) पुत्र हरफूल चंद निवासी वार्ड नंबर-2 नजदीक टावर बुढलाडा डाकघर बुढलाडा जिला मानसा पंजाब, सोनू (35) पुत्र चरण दास निवासी खन्ना शहर गली नंबर-5, बसंत नगर मोहल्ला तहसील लुधियाना जिला लुधियाना पंजाब और नवदीप वर्मा (20) पुत्र तरसेम चंद नजदीक एफसीआई गोदाम वार्ड नंबर-7 बुढलाडा डाकघर बुढलाडा जिला मानसा पंजाब के तौर पर हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले में आगामी जांच अमल में ला रही है। आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## दो मामलों में 1.370 किलोग्राम चरस सहित 3 गिरफ्तार

**मंडी।** मंडी जिला पुलिस की नशे के खिलाफ जारी विशेष अभियान जारी है। इसके अंतर्गत जिला में दो मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। पहला एफआईआर पुलिस थाना जंजैहली और दूसरी हटली थाना में दर्ज हुआ है। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने कहा कि जिला के अंतर्गत दो मामले एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किए गए हैं और इनमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में जिला के जंजैहली क्षेत्र में एएनटीएफ कुल्लू टीम ने वार्ड पंच से चरस बरामद की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने क्षेत्र के जरोल पोस्ट आफिस के समीप नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान कैरी बैग को उठाए आ रहे आरोपी तोते राम(36) पुत्र गुमत राम गांव कटगाड डाकघर गाड़ागुशैणी तहसील बालीचौकी जिला मंडी की चेकिंग करने पर उससे 846 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य मामले में जिला के ही पुलिस थाना हटली के तहत लोअर भांबला में चेकिंग के दौरान पुलिस ने गाड़ी नंबर एचपी-36 एफ-5760 के चालक रणवीर सिंह(54) पुत्र रोशन लाल गांव व डाकघर सुनेहत तहसील देहरा जिला कांगड़ा और गाड़ी में बैठे दूसरे व्यक्ति राकेश कुमार(34) पुत्र सिकरू राम वार्ड नंबर-2 डाकघर व तहसील देहरा जिला कांगड़ा उम्र 34 साल के कब्जे से 524 ग्राम चरस बरामद हुई है।

## भूकंप और भू-स्खलन जोखिम न्यूनीकरण पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से 28 से 30 जनवरी तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सम्मेलन कक्ष में भूकंप और भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हो गई। कार्यशाला का समापन आज यहां अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के महत्व और आपदा न्यूनीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए विश्वास जताया कि यह कार्यक्रम प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा और प्रशासनिक तत्परता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस प्रशिक्षण के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी से विशेषज्ञों को बतौर संसाधन व्यक्ति आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण का उद्देश्य विभागीय अधिकारियों को आपदा प्रबंधन के नवीनतम तरीकों से अवगत कराना और क्षेत्र की आपदा न्यूनीकरण क्षमताओं को मजबूत बनाना था। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण विकास आदि ने भाग लिया।

# 'कुष्ठ मुक्त रहे समाज' के नारे से जागरूक किए लोग



हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए सीएमओ मंडी।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर नर्सिंग स्कूल क्षेत्रीय अस्पताल मंडी तथा दिव्य ज्योति स्कूल के क्षेत्रीय अस्पताल मंडी के प्रशिक्षुओं ने कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने के लिए मंडी शहर में जागरूकता रैली निकाली। महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर हर वर्ष कुष्ठ रोग निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने जन-जन की यही आवाज, कुष्ठ मुक्त रहे समाज नारे लगाकर लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र भारद्वाज ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला की समस्त पंचायतों की ग्राम सभाओं में जिला पंचायत अधिकारी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। लोगों को इस रोग निवारण के प्रति जागरूक करने के लिए 30 जनवरी से 14 फरवरी तक जागरूकता अभियान चलेगा।

**नर्सिंग स्कूल और दिव्य ज्योति स्कूल के प्रशिक्षुओं ने निकाली जागरूकता रैली**

उन्होंने कहा कि इस रोग से लोगों को घबराना नहीं चाहिए। अगर किसी को लक्षण दिखाई देते हैं तो वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर चेकअप करवाए, ताकि उपचार से समय रहते दवा से रोग की रोकथाम की जा सके।

डॉ. नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को समाप्त करने और उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कुष्ठ रोग एक बहुत ही कम संक्रामक रोग है जो चमड़ी में दाग तथा उस दाग में सुनापन व दर्द का अहसास होना या अहसास न होना रोग की पहचान होती है। इसके अलावा हाथ पैर में सूजन वह आंखों में कमजोरी चेहरे कान में सूजन आना जैसे लक्षण होते हैं। उन्होंने बताया कि जिला मंडी में बहुत ही कम कुष्ठ रोगी हैं और बहुत ज्यादा रोगी ठीक होकर अपने परिवार के साथ रह रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कुष्ठ रोग पर करवाई भाषण प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय उच्च पाठशाला बायला शिक्षा खंड सुंदरनगर मंडी में विश्व कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से मनाया गया। इस कार्यक्रम में पाठशाला के बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से आए हुए कर्मचारी वर्ग की ओर से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को 150 रुपए, द्वितीय को 100, तृतीय को 50, चतुर्थ को 50 व पांचवें स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 50 रुपए की राशि बतौर ईनाम प्रदान की। वर्तमान समय में विभिन्न रोगों व नशे से बचने के गुण भी स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी वर्ग द्वारा बच्चों को सिखाए गए व अंत में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

### सिंचाई योजना के बने चैंबर स्वयं ही खोल रहे किसान

**भीम बसेड़ू, महादेव।** बीएसएल परियोजना की नहर से सिंचाई के लिए संबंधित विभाग ने प्रबंध तो किया है मगर सही ढंग का ताला बंद कार्य नहीं किया है, जिससे सुंदरनगर के एक बड़े भाग में ये चैंबर उपेक्षित हालत में हैं क्योंकि किसानों को बुकिंग करवाने पर खेतों में पानी डालने की बारी-बारी सुविधा तो जरूर है लेकिन कुछेक लोग स्वयं ही पानी खोलने का जुगाड़ फिट किए हुए हैं जिससे पूरा पानी इसलिए भी नहीं मिलता, क्योंकि दूसरी जगह अन्य किसान खुद ही ऐसा ही जुगाड़ लगाकर पानी खोल देता है जिससे एक बड़ी अव्यवस्था सी बनी हुई है और अवैध तरीके का यह कारोबार बेरोकटोक जारी है जबकि इसके लिए एक वाटर गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है इसके बावजूद भी एक किस्म की जोर जबरदस्ती हो रही है। बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सिंचाई संबंधी उक्त चैंबरों के लिए ताला बंद सिस्टम बनाकर सिंचाई के पानी का वितरण प्रावधान में भी खासा सुधार कर चैंबरों के साथ हो रही गलत हरकत एवं सरकारी तकनीक पर हो रहे लगातार कुठाराघात को तुरंत रोका जाए और दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### दिन में लाइट ऑन, बेरोक हो रहा बिजली का दुरुपयोग



**भीम बसेड़ू, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना सुंदरनगर के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय की नाक तले यानी बीएसएल अस्पताल से सटे सुरक्षा कर्मी स्थल (सीआईएसएफ) की चारदीवारी पर लगी एक ट्यूब लाइट रात दिन जलती हालत में देखी जा सकती है। बिजली का यह खुल्लमखुल्ला दुरुपयोग अपने आप में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। एक ओर जहां बिजली की बचत करने की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं और दूसरी ही ओर एक ऐसा स्थान जहां परियोजना के चीफ इंजीनियर आदि का आने जाने का रास्ता सटा है और कार्यालय पास है इसके बावजूद भी बेरोकटोक यह सब हो रहा है जो एक बड़ी उन कर्मचारियों की लापरवाही है, जो बिजली संबंधी कार्य को सही से नहीं कर रहे हैं तथा बेखौफ हालत में मनमानी पर उतारू हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि बिजली का दुरुपयोग वर्षों से देखा जा रहा है, जिससे सरकार को चूना लगाया जा रहा है।

### एनएसयूआई ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र दिवस एनएसयूआई जिला मंडी इकाई के कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल की अध्यक्षता में विश्राम गृह सुंदरनगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने गांधीजी द्वारा दिखाए गए सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। एनएसयूआई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि उनके विचार आज भी राष्ट्रीय एकता को दर्शाते हैं। इस अवसर पर एनएसयूआई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल, पूर्व महासचिव कर्ण सिंह, मोहित कुमार, जुबेर, विशाल, दिव्या, निखिल, संजय, शुभम, साहिल व अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## गांधी जी के पथ पर चलने की लें प्रेरणा : सन्नी इपन्न

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह संयोजक सन्नी ईपन ने कहा कि महात्मा गांधी के बलिदान को शहीदी दिवस के रूप में मनाया। गांधीजी के जीवन पर उनकी माता और गुरु को खासा प्रभाव था। उनकी माता हिंदू होते हुए भी गीता और कुरान में कोई भेद नहीं करती थी। वर्तमान में अपने बच्चों को गांधीजी के पथ पर चलने की प्रेरणा देनी चाहिए।

गांधीजी के गुरु गोपाल कृष्ण गोखले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता होने के अलावा, सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी के संस्थापक भी थे। सोसायटी के साथ-साथ कांग्रेस और अन्य विधायी निकायों के माध्यम से उन्होंने सेवा की।

## 'आप' और भाजपा ने किया दिल्ली की जनता से धोखा : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

दिल्ली के सुंदरनगरी में कांग्रेस प्रत्याशी राजेश लिलोठीया के लिए हिमाचल कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है।

इस दौरान ब्रह्मदास चौहान ने आम आदमी पार्टी और उसके नेता केजरीवाल पर एक के बाद एक शाब्दिक बाण छोड़े। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में जनहित में कोई भी कार्य नहीं किया है, जिससे यहां की जनता हताश है।

वहीं केंद्र में भाजपा की सरकार है, मगर भाजपा ने दिल्ली के साथ हमेशा पक्षपात किया है, इसलिए भाजपा से भी दिल्ली की जनता का कोई लेना-देना नहीं है।


राजेश लिलोठीया के लिए प्रचार करते ब्रह्मदास चौहान व अन्य।

## संधोल के विकेश बने कमांडेंट



**रितेश, सरकाघाट।** संधोल के विकेश कुमार एक दशक भारतीय तिब्बत सीमा बल में इंस्पेक्टर पद पर सेवा देने के बाद उन्होंने अर्धसैनिक बल के कमीशन पास कर वो अब एसिस्टेंट कमांडेंट बन गए। संधोल के रूवाड़ा गांव से संबंध रखने वाले विकेश पिछले एक वर्ष एनएसजी कमांडों के रूप में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेवा दे रहें है।

इस सप्ताह पैतृक गांव में छूटी काट रहे थे कि बुधवार उनके यहां उनके सीधे कमांडेंट बनने की सूचना मिली तो समूचे गांव में खुशी का माहौल बन गया। विकेश कुमार के पिता श्री देव कटवाल भी अपनी सेवाएं सेना में दे चुके हैं।

## मिनी सचिवालय सुंदरनगर में कूड़े के लगे ढेर, लोग परेशान

**भीम बसेड़ू, महादेव**

मिनी सचिवालय सुंदरनगर का पिछवाड़ा जहां तरह-तरह के कूड़े करकट से अटा पड़ा है वहीं शराब की खाली बोतलें बिखरी पड़ी देखी जा सकती है।

इस महत्वपूर्ण स्थल पर शराब की खाली बोतलें पड़ी दिखना हैरानी कर देने वाली इसलिए भी है क्योंकि मिनी सचिवालय में पुलिस उपाधीक्षक का कार्यालय है वहीं साथ ही मार्ग के साथ पुलिस थाना सुंदरनगर है इसके बावजूद भी सार्वजनिक स्थानों पर खाना -पीना और शराब की खाली बोतलें फैलाना कितने बड़े दुस्साहस की बात है। जो भी हो पुलिस की नाक के नीचे इस तरह की गंदी हरकत शोभा नहीं देती जिसका सामाजिक असर बड़ा ही बुरा पड़ता है।



बुद्धिजीवी लोगों ने स्थानीय प्रशासन तथा उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही इस दिशा में सुधार करने के लिए बड़े पैमाने पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।(अनंत ज्ञान)

## सरकार ले रही किसान और बागवान विरोधी निर्णय : नारायण

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

सेब उत्पादक संघ लोकल कमेटी बालीचौकी की बैठक अध्यक्ष ओमचंद की अध्यक्षता में पंजाई में संपन्न हुई। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष नारायण चौहान और राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा ने भी भाग लिया।

राज्य कमेटी उपाध्यक्ष नारायण चौहान ने कहा कि आज सरकार और सरकार का तंत्र एक के बाद एक किसान और बागवान विरोधी निर्णय ले रहा है, जिस तरह से सरकार और सरकार का तंत्र किसानों की जमीन से बेदखली कर रही है यह पूरी तरह से हैरान कर देने वाला है। सेब उत्पादक संघ ने इसके साथ-साथ दवाई खाद व विभागों में खाली पड़े पदों पर भी गहनता से चर्चा की। बैठक में टकोली टोल प्लाजा पर भी गहनता से चर्चा की गई। संघ ने उम्मीद जताई कि टोल प्लाजा में खेती के उत्पाद को रियायत दी जाएगी।

सेब उत्पादक संघ ने इन तमाम मसलों को लेकर 4 फरवरी को लारजी में अधिवेशन का आयोजन किया है। अधिवेशन में फिर से इन मांगों पर चर्चा की जाएगी और आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

## भाषण प्रतियोगिता में वंदना प्रथम

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

बाल विकास परियोजना सराज द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माणी में 'वो दिन योजना' के अंतर्गत 'खंड स्तरीय जागरूकता एवं संवेदीकरण शिविर' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता, एनीमिया इत्यादि विषयों पर भाषण, पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में वंदना, पेंटिंग प्रतियोगिता में नैंसी ने और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में सक्रिना ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


शिविर में मौजूद गणमान्य लोग।

इन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। रमेश ठाकुर बाल विकास योजना अधिकारी सराज ने बच्चों को बताया कि माहवारी एक सामान्य प्रक्रिया है। माहवारी के दौरान लड़कियों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है। पाठशाला की 60 बेटियों को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। इस अवसर पर स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य, गाड़ागुशैणी एवं स्थानीय पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।(अनंत ज्ञान)

## भाजपा सरकार के समय से थमे विकास कार्य हुए शुरू : शांता

**रूपी ठाकुर, बरोट।** सुक्खू की सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। समूचे प्रदेश में विकास कार्यों की जो गति पूर्व की भाजपा सरकार के समय थम गई थी, मगर अब सुक्खू के नेतृत्व से समूचे प्रदेश में विकास ने तेज गति पकड़ी है।

छोटा भंगाल महिला कांग्रेस अध्यक्षा व बीडीसी सदस्य शांता कुमारी ने कहा कि गत माह चलाए गए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम तथा प्रदेश सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओं को चालू करने के लिए जनता सरकार का आभार जता रही है।

सरकार का यह सरकार गांव के द्वार जैसा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हर स्थान में पूरी तरह सफल रहा है।

## दुकानदारों के होंगे अस्थायी पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेले में गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री की बिक्री हो, दुकानदार स्वच्छता का ध्यान रखें, इसके लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाने के संकेत दे दिए हैं। मेले में दुकानदार बिना खाद्य सुरक्षा विभाग से अस्थायी पंजीकरण किए बिना कोई भी खाद्य सामग्री की बिक्री नहीं कर पाएगा।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मेले के दौरान घटिया खाद्य सामग्री की बिक्री को प्रतिबंधित करने और केवल

**गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री बिक्री के साथ स्वच्छता की जाएगी सुनिश्चित : अपूर्व देवगन**

गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मेले में आने वाले सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा विभाग से अस्थायी खाद्य सुरक्षा अनुमति (अस्थायी पंजीकरण) लेना अनिवार्य कर दिया गया गया है।

दुकानदार अस्थायी खाद्य सुरक्षा अनुमति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेले के दौरान दुकानदारों की सुविधा के लिए विभाग द्वारा अस्थायी लाइसेंस/पंजीकरण करने के लिए सहायता केंद्र प्रदर्शनी स्थल में भी स्थापित किया जाएगा।

मेले के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता की निगरानी करने के लिए एक कमेटी भी गठित की जा रही है। वहीं मौके पर ही खाद्य गुणवत्ता और मिलावट की भी जांच करेगी। मेले के दौरान पड्डल मैदान में दो मोबाइल टेस्टिंग वैन भी तैनात रहेंगी।

## गांव धारंडा और तलवाली के बीच पुल बनाने की उठाई मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव**

तहसील सुंदरनगर के अंतर्गत आते गांव तलवाली और धारंडा के बीच बहती खड्ड पर पुल बनाने की मांग लंबित पड़ी है। यह वह पैदल राहगीरों का रास्ता है जहां से नाचन



विधानसभा क्षेत्र सहित सुंदरनगर क्षेत्र और अप्पर बल्ह क्षेत्र के लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन पुल न बनने से कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि भारी बारिश एवं बरसात के मौसम में खड्ड के यहां से आना-जाना बड़ा ही मुश्किल है यानी असंभव सा है। लोगों का कहना है कि नेताओं ने इस समस्या पर कुछ नहीं किया। लोगों ने सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही पुल निर्मित किया जाए।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं केशर सिंह पुत्र श्री निक्का राम निवासी गांव चनोता डाकघर ब्रांग, उप तहसील मंडप, तहसील धर्मपुर जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूं मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम सौरभ (SAURBH) से बदलकर सौरव भारद्वाज (SAURAV BHARDWAJ) रख दिया। अत: उसे भविष्य में सौरव भारद्वाज (SAURAV BHARDWAJ) के नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## कृषि

### भ्रां तथा गोरा गांव में खाद छिड़काव पर किसानों का किया मार्गदर्शन

# किसानों को ड्रोन से खाद स्प्रे पर दिया डैमो

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

चौंतड़ा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊटपुर के गांव भ्रां तथा ग्राम पंचायत दलेड़ के गांव गोरा में किसानों को ड्रोन तकनीक से खाद छिड़काव बारे प्रदर्शन (डैमो) प्रदान किया। कृषि विभाग चौंतड़ा के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती में कृषि की आधुनिक ड्रोन तकनीक के उपयोग की खाद छिड़काव कर जानकारी प्रदान की।

इस बात की पुष्टि करते हुए विषयवाद विशेषज्ञ कृषि चौंतड़ा अरूण कुमार अबरोल ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के वैज्ञानिक डॉ. दिनेश यादव और उनकी टीम ने चौंतड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत ऊटपुर के गांव भ्रां तथा ग्राम पंचायत दलेड़ के गांव गोरा में ड्रोन तकनीक के माध्यम से खाद छिड़काव बारे किसानों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने डैमो के माध्यम से ड्रोन तकनीक से खाद छिड़काव करने की विस्तृत जानकारी उपस्थित किसानों को प्रदान की। साथ ही किसानों को बताया कि इस ड्रोन तकनीक से कम समय में अधिक खेती में खाद सहित अन्य कीटनाशकों इत्यादि का छिड़काव किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को बताया कि ड्रोन तकनीक से मात्र दस मिनट में ही लगभग तीन बीघा भूमि में खाद छिड़काव किया जा सकता है। इफको के माध्यम से इस ड्रोन तकनीक के प्रदर्शन का उद्देश्य भी किसानों को इस तकनीक की जानकारी उपलब्ध करवाना है ताकि इस तकनीक के प्रयोग से किसान कम समय में अधिक खेती में खाद का छिड़काव कर सकें।(अनंत ज्ञान)



### ड्रोन इस्तेमाल पर मिलेगा लाइसेंस

**एसएमएस** अरुण कुमार अबरोल ने बताया कि भविष्य में ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण हासिल कर युवा इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर सृजित कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर में ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत खेती बाड़ी में ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल को लेकर लाइसेंस भी प्रदान किया जाएगा।

## विश्वविद्यालय में होगी दौलत देवी पुरस्कार की शुरुआत

**आदर्श, नेरचौक**

अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरेंद्र कश्यप ने अपने जन्मदिवस पर अपनी माता स्व. दौलत देवी की याद में 'दौलत देवी पुरस्कार' की शुरुआत की। पुरस्कार उनकी श्रद्धांजलि स्वरूप स्थापित किया गया हैं।

डॉ. सुरेंद्र कश्यप द्वारा पुरस्कार के लिए एक निर्धारित धनराशि दी गई और उस धनराशि के ब्याज की रकम को अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमबीबीएस की समग्र परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र के रूप में प्रदान किया जाएगा।

अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट व अकादमिक काउंसिल द्वारा पुरस्कार को प्रतिवर्ष स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। (अनंत ज्ञान)



कुलपति डॉ. सुरेंद्र कश्यप रजिस्ट्रार को पुरस्कार राशि का चेक भेंट करते हुए चित्र में।

**विश्वविद्यालय प्रबंधन ने दी मंजूरी, मेधावी छात्रों को मिलेगा ये पुरस्कार**

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं केशर सिंह पुत्र श्री निक्का राम निवासी गांव चनोता डाकघर ब्रांग, उप तहसील मंडप, तहसील धर्मपुर जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूं मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम मेहक (MEHAK) से बदलकर मेहक भारद्वाज (MEHAK BHARDWAJ) रख दिया। अत: उसे भविष्य में मेहक भारद्वाज (MEHAK BHARDWAJ) के नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बिजली की आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में 31 जनवरी को 33 केवी ऊना- बंगाणा लाइन का जरूरी मरम्मत कार्य रखा गया है, अगर किसी कारणवश 33 केवी हमीरपुर की बिजली सप्लाई नहीं मिलती है तो 33/11 केवी उपकेंद्र बंगाणा के अंतर्गत आने वाले सभी 11 केवी फीडर और उनके अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्र पीपलू, झगरोट, धुंदला, मलांगड़, ननावीं, हटली, अरलु, जसाना, करमाली, तलमेट, बुहाना, तलमेहड़ा, लघु सचिवालय, सलोह, मुछाली, डुमखर, नलबाड़ी, बंगाणा बाजार, भलेती, लठियानी, कोडरा, बुधान, सरोह, मतोह और इनके साथ लगने वाले गांवों में बिजली आपूर्ति 31 जनवरी को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बाधित रह सकती है। इसकी सूचना सहायक अभियंता इंजीनियर उदित सिंह ने दी है तथा सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सड़क पर वाहनों की आवाजाही दो माह तक बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल बंगाणा के तहत भिआंबी-बड़सर सड़क पर वाहनों की आवाजाही 1 फरवरी से 31 मार्च तक बंद रहेगी। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग के अपग्रडेशन कार्य को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। इस अवधि के दौरान यातायात को लिंक रोड़ पिपलू से भिआंबी वाया चुकानी वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### रोड सेफ्टी क्लब ने बच्चों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सूरी में सड़क सुरक्षा जागृति सप्ताह के अंतर्गत स्कूल रोड सेफ्टी क्लब द्वारा बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों में भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में चावला सदन की नीलाक्षी व दीक्षा ने प्रथम व प्रियांशी ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में चावला सदन की आरती ने प्रथम, मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में टैगोर सदन से आरुषी ने प्रथम, चावला सदन से नंदनी शर्मा ने द्वितीय और कलम सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोगो को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य सोम देवी व स्टाफ उपस्थित रहा।

### पेंशनर्स संघ ऊना ने डीसी को बताईं समस्याएं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ ऊना के पदाधिकारियों ने वीरवार को संघ के चीफ पेटर्न रमेश भारद्वाज के साथ अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त ऊना जतिन लाल से मुलाकात की। इस दौरान संघ ने जिला कोषागार भवन के निर्माण कार्य को सुचारु और तेज गति से पूर्ण करवाने का आग्रह किया। उपायुक्त जतिन लाल ने हिम आंचल पेंशनर्स संघ की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। संघ ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जिला कोषागार ऊना का भवन बहुत पुराना और जर्जर स्थिति में है। इसके चारों ओर कार्यालय एवं बाजार स्थित हैं, जिससे विशेषकर त्योहारी सीजन में वृद्ध और अपंग पेंशनर्स को तंग रास्तों से होते हुए भवन तक पहुंचने में काफी दिक्कतें पेश आती हैं। उन्होंने निर्माणाधीन भवन के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करके नए भवन में स्थानांतरित करने का आग्रह किया। इस मौके पर हिम आंचल पेंशनर्स संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम पूर्ति शर्मा, हिम आंचल पेंशनर्स संघ ब्लॉक ऊना के प्रधान रोशन लाल चौधरी, महासचिव देसराज मेहता और वित्त सचिव रामपाल धीमान उपस्थित रहे।

# चिंतपूर्णी-तलवाड़ा सड़क खस्ताहाल वाहन चालकों को सता रहा हादसों का डर

## असुविधा : सड़क के किनारे नहीं हैं उचित डंगे, कहीं ब्लॉक तो कहीं बिछी है तारकोल

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

ऊना जिले का सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी लाखों-करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र बिंदु है, जहां भक्तों को सुविधा देना सरकार एवं प्रशासन की अहम जिम्मेदारी है, लेकिन व्यवस्था को लेकर चिंतपूर्णी क्षेत्र का प्रशासन न जाने क्यों गहरी नींद में सो रहा है।

चिंतपूर्णी से तलवाड़ा को जाने वाली सड़क मां श्री चिंतपूर्णी जी के मंदिर के पास काफी समय से क्षतिग्रस्त है। काबिलेगौर करने का विषय है, जहां हर पल गाड़ियों की भीड़ रहती है, उस जगह ऐसी अनदेखी एक गहन चिंतन का विषय है। बता दें कि सड़क किनारों से टूट चुकी है, जिस कारण वाहनों को दूसरे वाहनों से पास लेने और देने में काफी परेशानी होती है, वहीं कई-कई जगह ऐसी है, जहां उचित डंगे न होने के कारण हर पल किसी दुर्घटना का आसार बना रहता है। वहीं, किसी जगह विभाग ने ब्लॉक का इस्तेमाल किया है, वहीं किसी जगह तारकोल का, जो सड़क में असुविधा को पैदा करने वाला सबसे बड़ा कारण है। सड़क में कई जगहों पर जहां ब्लॉक्स



मां श्री चिंतपूर्णी मंदिर के पास क्षतिग्रस्त चिंतपूर्णी से तलवाड़ा को जाने वाली सड़क।

का इस्तेमाल किया गया है, वहां ब्लॉक रोजाना गाड़ियों के आने जाने से नीचे दब गए हैं और सड़क ऊंची-नीची हो गई है। ये सब बातें क्षेत्र की प्रसिद्धि के हिसाब से सही नहीं है। यहां यह कहना गलत नही है कि यह असुविधा क्षेत्र के टूरिज्म पर भी अपना प्रभाव डाल सकती है। प्रशासन को चाहिए कि इन असुविधाओं को जल्द से जल्द ठीक करे।

### जल्द ठीक होगी सड़क : एक्स-ई-एन भरवाई

इस मौके पर भरवाई क्षेत्र से एक्स-ई-एन दिनकर शर्मा ने कहा कि मामला ध्यान में आया है, जल्द ही बजट स्वीकृत कर इस सड़क की मरम्मत करवाई जाएगी।

# सड़क सुरक्षा पर थानाकलां स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के राष्ट्रीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में सड़क सुरक्षा क्लब थानाकलां के सदस्यों ने रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में वाहन चालकों को जागरूक किया और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और साथ में बैठे हुए अन्य व्यक्ति को भी हेलमेट पहनने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

इसके अलावा कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के बारे में जागरूक किया और क्लब के सदस्यों ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में अवगत करवाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि अगर आप नियमों का पालन करेंगे तो स्वयं भी सुरक्षित रहने के साथ आपका परिवार भी सुखी रहेगा। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पाराशर ने स्वयं भी सड़क पर आने जाने वाहन चालकों को भी सड़क के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग बिलकुल भी न करें, ताकि कोई भी अनहोनी घटना न घटे।

इस अवसर पर बलविंदर शर्मा, हंसराज, सुदेश कुमारी, संयोगिता शर्मा, पंकज, प्रवेश राणा, राधिका धीमान, पवन शर्मा, नीलम, कांता, रेखा इत्यादि स्कूल के सभी शिक्षकों के अलावा स्कूल के विद्यार्थी रूपांश, तनु, केशव, देवेंद्र, मनोज, अंशिका, रितिका, आयुष, सुनील, अभिषेक के अलावा विद्यार्थी मौजूद थे।

### आयुष राणा का स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, जोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी आयुष राणा का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड समारोह शिमला में शामिल होने के उपरांत विद्यालय आगमन पर स्कूल प्रशासन व विद्यार्थियों द्वारा भव्य अभिनंदन व स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा आयुष राणा का फूलों के हार पहनाकर अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता गणित मदन लाल व डीपीई रजनीश कुमार ने अपने संबोधन में आयुष राणा से सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वयंसेवी आयुष राणा ने अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए व अपनी उपलब्धियों का श्रेय समस्त स्कूल प्रशासन को दिया।

### चाइनीज डोर को लेकर प्रशासन की एडवाइजरी जारी

# संभलकर करें पतंगबाजी, चाइनीज डोर का न करें उपयोग : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं उपायुक्त जतिन लाल ने पतंगबाजी और चाइनीज डोर के उपयोग को लेकर एडवाजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि चाइनीज डोर का निर्माण, बिक्री और उपयोग अवैध है। यदि कोई इसकी बिक्री करता है तो इसकी सूचना पुलिस या संबंधित अधिकारी को देना सुनिश्चित बनाएं। उपायुक्त ने बताया कि चाइनीज मांझा और डोर इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए बेहद घातक है।

चाइनीज डोर शीशे, प्लास्टिक, मिश्रित धातु की बनी होने के कारण काफी मजबूत होती है। चाइनीज डोर के कारण आकाश में उड़ने वाले पक्षियों के पंख और गर्दन मांझे में उलझकर कटने का खतरा बना रहता है। कई बाइक और स्कूटर सवार लोग भी इस डोर की चपेट में आ जाते हैं, जिससे चेहरे पर चोट का खतरा और गला कटने की आशंका ज्यादा होती है। इसके अलावा चाइनीज डोर में धातु होने के कारण बिजली के तारों में फंसकर शॉर्ट सर्किट और करंट लगने जैसी घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है, इसलिए पतंगबाजी करते समय केवल कपास या सूती धागे से बनी पारंपरिक डोर का उपयोग करें। खुले मैदान या सुरक्षित स्थानों पर ही पतंग उड़ाएं, सड़क या बिजली की तारों के पास पतंगबाजी करने से बचें।

बाइक सवार हेलमेट और फेस कवर का उपयोग करें। किसी को डोर की चपेट में आने से चोट लगने पर तुरंत प्राथमिक उपचार दें। उपायुक्त ने जिलावासियों से सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से पतंगबाजी करने की अपील की है ताकि खुद के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित बनाई जा सके।

### स्वयंसेवियों को सम्मानित करने पर जताया आभार




**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** एनएसएस के जिला को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, एनएसएस राज्य सलाहकार समिति के सदस्य राजन शर्मा ने बताया कि जिलेभर से काफी संख्या में स्वयंसेवियों ने 26 जनवरी परेड में भाग लिया है और डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन ने आज इन स्वयंसेवियों को सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि सम्मानित करने का यह निर्णय बहुत ही सराहनीय निर्णय है। लेक्चरर संघ के प्रांतीय सगठन व प्रेस सचिव राजन शर्मा, जिला प्रधान देवेंद्र सिंह बेली, महासचिव शशि सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास रत, वरुण लखनपाल ने डिप्टी डायरेक्टर अनिल तख्खी के इस निर्णय को अनुकरणीय निर्णय बताया है। आज इस अवसर पर वरुण पाठक ग्रेट 1 आलोक कुमार भी उपस्थित थे। एनएसएस जिला को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार व में एनएसएस राज्य सलाहकार समिति सदस्य राजन शर्मा ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को जिला डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन ऊना अनिल तख्खी के निर्णय को छात्र हितेषी बताया है और कहा कि इससे छात्रों में और अच्छा करने की भावना जागृत होगी और उन्होंने नेतृत्व विकास होगा। उधर, जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल विनोद बनियाल, संजीव पराशर, पवन बोन्सरा, सुरेंद्र कौंडल, दिनेश कौंडल, सतपाल विशिष्ट, रुचिका शर्मा ने भी इसका स्वागत किया है।

### नेत्र जांच शिविर पहली फरवरी को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा ऊना मुख्यालय पर परिषद मुख्यालय में हर माह नेत्र जांच व उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत पहली फरवरी को परिषद के संस्थापक स्व. कंवर हरि सिंह की 86वीं जयंती के अवसर पर होगी। पहली फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रोटरी आई अस्पताल पालमपुर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. रोहित गर्ग एवं टीम नेत्र रोगियों की जांच व उपचार करेंगे। इसके उपरांत हर माह परिषद मुख्यालय में यह शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेश महासचिव डा. रविंद्र सूद ने दी। उन्होंने कहा कि परिषद की आज संपन्न हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। वहीं, एक फरवरी को कांगड़ गांव के श्री गुरु रविदास मंदिर परिसर में रक्तदान व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें रोटरी आई फाउंडेशन पालमपुर से चिकित्सकों की टीम जांच व उपचार करेगी।

# स्वयंसेवियों का स्कूल पहुंचने पर किया सम्मान

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर मैदान राष्ट्रीय सेवा योजना के पांच स्वयंसेवियों प्रभतेज सिंह, विशाल कुमार, नितिन कुमार, रजनी एवं प्रीति ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शिमला में मार्चपास्ट में हिमाचल के अलग-अलग जिलों एवं स्कूलों के स्वयंसेवियों के साथ एवं प्रभतेज सिंह की अगुवाई में राज्यपाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मार्चपास्ट के माध्यम से बहुत ही बढ़िया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



स्कूल पहुंचने पर स्वयंसेवियों का भव्य स्वागत किया गया।

इसके उपरांत विद्यालय आगमन पर रायपुर मैदान स्कूल के प्रधानाचार्य नरदेव राणा एवं शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा सभी स्वयंसेवियों का भव्य अभिनंदन व स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा सभी स्वयंसेवियों को फूलों के हार पहनाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्घोष के साथ अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्य नरदेव राणा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने के उपरांत कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज को जागरूक करने एवं स्कूल के विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा मिलती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने कहा कि स्कूल मे राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को पर्यावरण, नशे से दूर रहने, वायु प्रदूषण, आत्मरक्षा के बारे में बताया और लुप्त हो रहे प्राकृतिक जल स्रोतों के बारे में अवगत करवाया तथा कहा कि इसका संरक्षण करना आम जन का कर्तव्य ही नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी शोभा रानी ने कहा कि स्वयंसेवियों को शिविर के दौरान अपने घरों के आसपास सफाई एवं पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं हमेशा अनुशासन में रहने के बारे में जानकारी दी गई। (अनंत ज्ञान)

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर छात्र किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत वीरवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गोंदपुर जयचंद में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना अशोक कुमार ने की। अशोक कुमार ने इस अवसर पर बताया कि सड़क सुरक्षा माह मनाने का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों बारे जागरूक बनाना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन, तेज गति से वाहन चलाना और लापरवाही से आवेरटेक करना अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

उन्होंने सभी से अपील कि की हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सड़क पर सतर्कता बनाए रखनी चाहिए। आरटीओ ने बच्चों को नशे से दूर रहकर पूरी सतर्कता के साथ वाहन चलाने की सलाह दी, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों हुए व्यक्तियों की मदद करने की अपील भी की। उन्होंने गुड सेमेरिटन योजना के बारे में बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि योजना के तहत दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को (गोल्डन आवर) पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र और 5 हजार रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

शिविर में स्कूली बच्चों ने सड़क सुरक्षा नियमों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य दिलावर सिंह, संजीव कुमार, दविंदर सिंह, जोगिंदर पटेल, विपन कंग, संदीप संधू सहित स्कूली स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हनीश बांगड़ के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड 5 में भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला ऊना इकाई द्वारा संगठन के प्रदेश पूर्व संयोजक एवं कार्यकर्ता रहे दिवंगत हनीश बांगड़ को श्रद्धासुमन अर्पित कर इनकी बरसी पर याद किया गया।

हनीश बांगड़ की पूर्व में भीम आर्मी को हिमाचल प्रदेश में लाने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने में अहम भूमिका को सभी ने याद किया। इस दौरान भीम आर्मी जिला ऊना के अध्यक्ष जरनैल सिंह बैंस व वरिष्ठ कार्यकर्ता रिंकू सहजल मौजूद रहे, जबकि हनीश बांगड़ के परिवार से माता अंजू देवी, बहन प्रियंका व भाई मनीष बांगड़ भी मौजूद रहे।

इस दौरान हनीश के फोटो पर सभी ने पुष्प अर्पित किए। संगठन के लिए उसके योगदान को याद किया गया। जरनैल सिंह बैंस ने बताया कि प्रदेश में भीम आर्मी की जड़ों को मजबूती देने का कार्य हनीश बांगड़ ने निष्ठा से किया था। बिडंबना है कि बीते वर्ष अजोली के पास हुए सड़क हादसे में हम सभी ने अपने अजीज और कर्मठ साथी को खो दिया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भीम आर्मी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रिंकू सहजल ने कहा कि हनीश बांगड़ प्रदेश में भीम आर्मी संगठन के संयोजक रह चुके हैं। समाज में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उनकी बरसी पर सभी ने एकत्रित होकर न केवल उन्हें पुष्प अर्पित किए बल्कि उनके द्वारा प्रदेश में शुरू किए गए कारवां को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया है। इस दौरान भीम आर्मी ऊना इंडस्ट्री एरिया प्रधान मुकेश सहजल, हैप्पी सहगल, सन्नी सहगल, अमन महे, बंटी सहगल, जस्सी, इंदर, चंदन, सैम संधू, रवि सीमार आदि भी मौजूद रहे।

### अंबेहड़ा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से, निकलेगी कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, जोल/ बड़ूही।** उपतहसील जोल के तहत श्रीमती विमला देवी के निवास स्थान महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा रामकिशन में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी एवं उनकी पत्नी बीडीसी सदस्य सुषमा कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ सुबह 9 बजे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कथा आचार्य शिव कुमार शास्त्री द्वारा अपने अमृतमयी प्रवचनों से सुमंगल प्रदान की जाएगी। कथा का उद्देश्य भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत लीलाओं और श्रीमद् भागवत के दिव्या प्रसंग से ओत- प्रोत करना है। कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी को सुबह 9 बजे कलश यात्रा, 11 से 2 बजे तक प्रतिदिन कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा उपरांत भोजन प्रसाद प्रतिदिन वितरित किया जाएगा। 6 फरवरी को सुबह 12:15 बजे पूर्णाहुति एवं दोपहर 1:15 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी योगराज जोगी ने कहा कि आप सभ्झी श्रीमद् भागवत कथा में कार्यक्रमानुसार सादर आमंत्रित हैं।

# द्रोण महादेव शिव मंदिर में कमला सूद ने करवाया सत्संग भवन का निर्माण

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा में भगवान भोलेनाथ की अनन्य भक्त कमला सूद कश्यप ने करीब दस लाख रुपए की लागत से एक सत्संग भवन का निर्माण करवा कर शिवभक्तों को अपने परम आराध्य भगवान शिव का सिमरन करने को समर्पित किया है। द्रोण महादेव शिव मंदिर इस क्षेत्र का पौराणिक मंदिर है, जिसमें शिव भक्तों की अगाध आस्था है। कमला सूद कश्यप ने इस सत्संग भवन को अपने पति स्व. सतपाल सूद व बेटे स्व. प्रदीप सूद को समर्पित किया है। द्रोण महादेव शिव मंदिर में हिमाचल प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों के कई श्रद्धालु रोजाना नतमस्तक होते हैं।

प्रदेश सरकार के अधिकार क्षेत्र में चल रहे इस मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए जहां प्रशासन प्रयासरत है तो वहीं विधायक राकेश कालिया भी इस मंदिर में लगातार सुधार करवाने के पक्षधर रहे हैं। कमला सूद ने मंदिर के समीप सत्संग भवन बनाने की इच्छा जाहिर की थी, जिसे मंदिर प्रशासन ने स्वीकार किया और अब यहां भव्य सत्संग भवन बनकर तैयार हुआ है। बुधवार को कमला सूद कश्यप ने पूरे विधि-विधान के साथ इस सत्संग भवन की प्राण प्रतिष्ठा कर इसे शिव भक्तों को समर्पित किया। मंदिर ट्रस्ट के सह आयुक्त एवं एसडीएम सौमिल गौतम ने कहा कि द्रोण महादेव शिव मंदिर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का सामर्थ्य है। ज्यादा से ज्यादा लोग यहां द्रोण महादेव के दर्शन कर सकें, इसके लिए मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिव भक्त कमलासूद कश्यप ने सत्संग भवन का निर्माण करवाने की इच्छा जाहिर की थी, जिसे मंदिर प्रशासन ने स्वीकार किया और अब यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सत्संग भवन बनकर तैयार है। उन्होंने कमला सूद कश्यप के इस प्रयास की सराहना की है।

वहीं, विधायक राकेश कालिया ने कहा कि द्रोण महादेव शिव मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। कमला सूद कश्यप के यहां सत्संग भवन का निर्माण करवाना अति सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि द्रोण महादेव मंदिर को और विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे ताकि शिव भक्तों को यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

**जानकारी** गगरेट के फार्मरर्स ने कृषि अनुसंधान केंद्र अकरोट का किया दौरा

# किसानों ने जानी कृषि की उन्नत तकनीक




कृषि अनुसंधान केंद्र में कृषि की उन्नत तकनीक से अवगत होते गगरेट के किसान।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

परंपरागत खेती को छोड़कर किसान नकदी फसलों का रुख कर अधिक मुनाफा कमा सकें, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग के गगरेट स्थित कार्यालय द्वारा क्षेत्र के तीस किसानों का सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के अकरोट स्थित कृषि अनुसंधान उपकेंद्र का दौरा करवा कर नकदी फसलों की उन्नत तकनीक से अवगत करवाया। कृषि विभाग के गगरेट में कार्यरत विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. नवदीप कौंडल, कृषि प्रसार अधिकारी डॉ. ममता के नेतृत्व में गए किसानों के दल ने ट्रांसफर आफ टेक्नालॉजी के तहत चना, सरसों, मटर, गोभी व मसुर के बीज उत्पादन की उन्नत तकनीक का भी अवलोकन किया।

इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. सौरभ शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जलवायु अनुकूल खेती, बदलते मौसम के बारे में कृषि क्रियाएं, खरपतवार प्रबंधन, जल प्रबंधन व सब्जियों के उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

विषयवाद विशेषज्ञ डा. नवदीप कौंडल ने कहा कि किसान परंपरागत खेती की विधि को छोड़कर प्राकृतिक खेती की ओर ध्यान दें तो वे ज्यादा लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस अवसर पर अनुसंधान केंद्र के विशाल चंगोत्रा, केवल चंद, अजय, रवि, हजरत अली, संतोष राणा भी उपस्थित रहीं।

# भाजपा ने तीन गांवों में संविधान गौरव अभियान दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हर देशवासी को राष्ट्रहित में काम करना चाहिए : राजू**

भारतीय जनता पार्टी ने गांव बड़साला अपर, लोअर और नारी तीन बूथों का संयुक्त रूप में संविधान गौरव अभियान के तहत दिवस मनाया गया। भारत माता की फोटो के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के सामने मुख्य अतिथि राजकुमार राजू मंडल अध्यक्ष डेरा बाबा रुद्रानंद ने दीप ज्योति प्रज्जवलित की। इस कार्यक्रम में लगभग 50 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रत्येक कार्यकर्ता ने इन महान विभूतियां के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यकर्ताओं में सतीश कुमार ने संविधान कैसे बना, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किस प्रकार इसकी रचना की, के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश को आजाद करवाने तथा अपना नया सविधान के लए हर देशवासी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि गुलामी की जंजीरों को हजारों वीरों और वीरांगनाओं ने अपने जीवन की आहुति दी है। इसके अतिरिक्त हजारों क्रांतिकारी ऐसे गुमनाम हुए हैं, जिनका कहीं उल्लेख नहीं है और उन्होंने देश के लिए अपने को कुर्बान किया है।द उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला।

इसके अलावा मंडल अध्यक्ष राजकुमार राजू ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान को मानना हर देशवासी का कर्तव्य है। संविधान हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, जिससे कि हमें जीने का बल मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि देश है तो हम हैं, यदि देश नहीं तो हमारा अस्तित्व ही मिट जाएगा, इसलिए हर देशवासी को राष्ट्रहित में काम करना चाहिए। उन्होंने आए हुए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उनका धन्यवाद भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी पुष्पांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर ढालपुर कांग्रेस पार्टी कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से उनकी 77वीं पुण्यतिथि मनाई गई, जहां उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई थी। आज के समय में उनकी दी हुई शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। ऐसे में हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए, ताकि देश और दुनिया में शांति की स्थापना हो सके।

### किसानों व खरीददारों की समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-दो) जायका- ओडीए के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू की ओर से किसानों को वीरवार को कृषि उपज बाजार समिति भुंतर में एक दिवसीय दौरे का आयोजन किया। इस एकदिवसीय दौरे का मुख्य उद्देश्य किसानों को जायका परियोजना के अंतर्गत आने वाली योजना लघु धारक बागवानी सशक्तिकरण और संबर्धन के अंतर्गत फल व सब्जी बाजार सर्वेक्षण करवाना था। इस दौरे में जायका परियोजना के अंतर्गत आने वाली जल बहाव सिंचाई योजना थरास व फलटनालह के लाभार्थियों ने भाग लिया। दौरे के दौरान किसानों को कृषि उपज बाजार समिति भुंतर में सब्जी व फल खरीददारों से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया तथा किसानों व खरीददारों के बीच आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत रूप से संक्षिप्त चर्चा की गई।

### नशे की गिरफ्त में आए लोगों का इलाज संभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रेडक्रास कुल्लू के अंतर्गत भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र में निशुल्क मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 01902 265265 पर संपर्क करें। भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नलहाच में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नशा निवारण के बारे में स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की। डॉ. अपूर्वा ने कहा कि नशा एक बीमारी है, इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है। नशे की गिरफ्त में आए युवक -युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है।

### भगवान विष्णु के मंदिर में देव परंपरा का निर्वहन



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ढुआड़ा स्थित भगवान विष्णु के भंडार निर्माण कार्य पूरा होने पर वीरवार को कोर बदोर ( देव परंपरा) स्थापित किए गए । देव कार्य भगवान विष्णु सहित लरां के देवता महादेव, काथी के आराध्य देवता हरि नारायण, फोजल से माता ज्वाला, दचाणी तराशी के देवता वीर नाथ के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। भगवान विष्णु के कारदार विमल उपाध्याय ने बताया कि कार्य सुबह 4 बजे शुरू हुआ व करीब 10 बजे तक कोर बदोर स्थापित हुए। इस देव कार्य को संपन्न करने के लिए घाटी के हजारों लोगों ने हाजिरी भरी। देव धुन से संपूर्ण घाटी का वातावरण देवमय हो गया।

### बीमार पशुओं की स्थिति के बारे में दें जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पशुओं पर क्रूरता से संरक्षण के लिए जिला स्तरीय सोसायटी की बैठक डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में हुई। डीसी ने इस समिति को क्रियाशील करने तथा इसमें नए अधिकारी तथा गैर अधिकारी सदस्यों को जोड़ने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सोसायटी के माध्यम से पशुओं के प्रति क्रूरता से संरक्षण के लिए और अधिक बेहतर तरीके से कार्य करें। उन्होंने नगर परिषद कुल्लू तथा मनाली के कार्यकारी अधिकारी को भी इसमें सदस्य बनने के निर्देश दिए, ताकि नगर परिषद क्षेत्र में पशुओं की विशेष कर खुले में रह रहे पशु तथा गोवंश के संरक्षण तथा उनके उपचार एवं पुनर्वास के कार्यों को समन्वय के साथ किया जा सके। डीसी ने व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान के माध्यम से नए सदस्यों को जोड़ने के निर्देश दिए। डीसी ने पुलिस विभाग को अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत खुले में रहने वाले, बीमार पशुओं की स्थिति बारे में जानकारी साझा करने के निर्देश दिए, ताकि विभाग उनके कल्याण के बारे में अवगत हो और अपना कार्य कर सके।

### डायमंड जुबली जंबूरी में सेवाएं दे रहे रोवर, रेंजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के एक रोवर और एक रेंजर भारत स्काउट्स और गाइड्स की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में अपनी निस्वार्थ सेवाएं दे रहे हैं। यह भव्य आयोजन 28 से 3 फरवरी तक तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु में किया जा रहा है, जिसमें भारत और विदेशों से 18,000 स्काउट्स, गाइड्स और वयस्क लीडर भाग ले रहे हैं। इस वर्ष की थीम 'सशक्त युवा, विकसित भारत' एकता और सामूहिक प्रगति की भावना को उजागर करती है। हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल्लू कॉलेज के रोवर सुखचंद और रेंजर वंदना इस ऐतिहासिक आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं, जो उनकी समर्पित सेवा भावना को दर्शाता है।

# जनवरी माह में मात्र दो बार बरसे बादल वह भी नाकाफी, फसलों को नुकसान

## मौसम का खुश्क मिजाज सभी फसलों पर भारी, सेब के बागानों में कीड़ों का प्रकोप



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हिमाचल प्रदेश में जिस तरह से पश्चिमी विक्षोभ का बेअसर हो रहा है, इससे किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ने लगी है क्योंकि क्षेत्र की मुख्य नकदी फसल सेब के जिस तरह की बर्फबारी व वर्षा वांछित होती है, उस तरह का माहौल सेब के बागानों को नहीं मिल पाया है। सेब के बागानों में एक डेढ़ महीने तक बर्फ रहने से वहां पनपने वाले कीटों व वायरस से पौधों को सुरक्षा मिलती रही है, लेकिन अब जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग अपने तेवर दिखा रही है, उससे सेब के बागानों में बर्फ पड़ना न के बराबर हो गई है। नतीजनन सेब के पौधों में मिट्टी में पाए जाने वाले कीड़ों की संख्या में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होने से पौधे सूखकर धराशायी होने लगे हैं। आजकल बागवान सेब के बागानों में कई प्रकार की खादों को डालने लगे हैं, लेकिन जब वह सेब के बेसिन की खुदाई कर रहे हैं, तो उसमें भारी संख्या में कीड़े निकल रहे हैं, जो पौधों की जड़ों को खाकर पौधों को सुखने पर मजबूर कर रहे हैं।

### बर्फबारी की चादर न पहुंचने से कीटों का बढ़ा प्रकोप

**बागवान** मोहन कपूर, विकास, जयराम, जगदीश, अनंत राम, विक्रम, संजय ठाकुर, सुदर्शन ठाकुर आदि ने बताया कि आजकल सेब के बागानों में सेब के पौधों की काट-छांट व जैविक व रासायनिक खादों के डालने का कार्य प्रगति पर है, लेकिन जब बागानों में सेब के बेसिन की खुदाई की जा रही है, तो उसमें रूट बोरर, जो कि पौधों की जड़ों को खाकर उसे खोखला कर रहे हैं उन कीड़ों का प्रकोप चरम पर है। बागानों तक बर्फबारी की चादर न पहुंचने से कीटों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे सेब के पौधे धराशायी होने लगे हैं। लोगों का मानना है कि सर्दी के मौसम में बर्फबारी की कमी से बागवानों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालांकि बागवान इसकी रोकथाम के लिए कई प्रकार की कीटनाशक दवाइयों का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन पूरी तरह से इन कीटों से निजात पाने में असमर्थ हैं। बागवानों के अनुसार पिछले तीन चार वर्षों से अक्तूबर से जनवरी तक बर्फबारी की कमी के कारण सेब के बागानों व खेतों में इन कीटों की बढ़ती संख्या से फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। जनवरी के महीने में मात्र दो दिन वर्षा हुई है, मगर बर्फबारी समुद्र तल से 7 हजार फुट की ऊंचाई से नीचे नहीं उतरी।

# नशे की ओवरडोज से युवक की मौत मामले में 3 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, आनी**

कुल्लू जिले के आनी में नशे की ओवरडोज से युवक की मौत मामले में आनी पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि बैहना पंचायत के लुहरी निवासी गुड्डू राम (33) पुत्र मस्त राम को भारतीय दंड संहिता की धारा 105 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजागया है, जबकि क्षितिज वर्मा (24) पुत्र स्व. तरलोक सिंह निवासी शाणी डाकघर तांदी उपतहसील निथर जिला कुल्लू और विनय ठाकुर (27) पुत्र हीरा सिंह निवासी शौचा डाकघर तांदी उपतहसील निथर जिला कुल्लू दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन दोनों को जमानत मिल गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई मृतक राहुल ठाकुर की माता की शिकायत पर की है। बता दें कि मंगलवार सुबह आनी अस्पताल में उपचार के लिए लाए गए युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी, जिसके बाद मृतक की मां ने अंदेशा जताया था कि नशे की ओवरडोज से उसके बेटे की मौत हुई है, जिसकी

अनंत ज्ञान फॉलोअप

रिपोर्ट महिला ने पुलिस थाना आनी में दर्ज करवाई थी। महिला ने शिकायत में लिखवाया था कि उन्हें पता चला कि राहुल ने लूहरी मोड़ पर किसी व्यक्ति से चिट्टा खरीदा था। राहुल के साथ क्षितिज और विनय भी थे। तीनों ने रात को गाड़ी में बैठकर ही किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया, जिस कारण बेटे की मृत्यु हो गई। महिला का कहना है कि यदि दोनों युवक उसके बेटे की तबीयत बिगड़ते ही पुलिस को फोन करते या उसी गाड़ी में उपचार के लिए अस्पताल ले जाते, तो उसकी जान बच सकती थी। वहीं, डीएसपी ने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### आज निकाली जाएगी रैली

रोष स्वरूप आज बेहना पंचायत के लुहरी कस्बे में जनआक्रोश रैली निकाली जाएगी, जिसमें मृतक युवक के परिजन, स्थानीय लोग और आनी खंड की बेहना के आसपास की और साथ लगते मंडी, शिमला जिले की कुछेक पंचायतों के प्रतिनिधिमंडल, युवकमंडल, महिला मंडल, व्यापार मंडल और सामाजिक संगठन शामिल होंगे।

## सात किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का तीन बार हो चुका शिलान्यास

# निजी भूमि दान की, फिर भी नहीं मिली सुविधा

**अनंत ज्ञान, सैंज**

ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने का दावा करने वाली प्रदेश सरकार की असली तस्वीर बंजार विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली तलाड़ा व भलाण पंचायत में देखने को मिलती है, जहां बीते पांच दशकों से सड़क के नाम पर सिर्फ शिलान्यास पट्टिका ही लगी है। मजे की बात यह है कि दोनों ओर रोड तैयार हैं, लेकिन बीच में बजट खत्म बताया जा रहा है।

ग्रामीणों ने अपने स्तर पर उक्त सड़क की डीपीआर, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से क्लीयरेंस तथा निजी भूमि दान की है, लेकिन सड़क का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। तलाड़ा कुल्लागाड़ सड़क का शिलान्यास तीन बार हो चुका है, लेकिन लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर यह सड़क सवाल उठा रही है। वर्ष-1978 से तलाड़ा कुल्हागाड़ निर्माणाधीन सड़क मार्ग का निर्माण चला हुआ है , लेकिन सात किलोमीटर लंबे इस मार्ग में अभी तक मात्र एक किलोमीटर हिस्सा बन पाया है।

भलाण पंचायत के प्रधान पूर्ण चंद व उपप्रधान भोजराज ने विभाग पर सवाल लगाते हुए बताया कि लोगों ने कई वर्ष पूर्व सड़क के लिए गिफ्ट डीड की है, ताकि ग्रामीणों के कृषि उत्पाद व अन्य नकदी फसलें मंडियों तक सुगमता के साथ पहुंचाने में मदद मिलेगी, लेकिन विभाग व सरकार ने 45 वर्षों में सड़क के नाम पर सिर्फ शिलान्यास के पत्थर ही जड़ दिए। पंचायत प्रधान ने बताया कि अधर में लटके सड़क के निर्माण कार्य से दो पंचायत के लोग परेशान हैं, जबकि ग्रामीणों का गुस्सा भी फूटने वाला है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष बरैहिन, घाट, राऊगी, बागी, परगना, खनियारगी आदि गांवों के किसानों, बागवानों तथा आम जनता को सड़क सुविधा न होने के चलते भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क सुविधा के अभाव में ग्रामीणों की नकदी फसलें खेतों में ही सड़ जाती हैं। उपप्रधान भोजराज ने बताया कि चुनाव के दौरान सड़क का मुद्दा बड़ा बनता है, लेकिन सरकार बनने के बाद मामला ठंडा पड़ जाता है, जो कि चिंता का विषय है। पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि पिछले पांच दशकों से बन रही तलाड़ा कुल्हागाड़ संपर्क सड़क के लिए बजट का प्रावधान कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि तीन पंचायतों के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिल सके। उधर, इस बारे जब लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता चमन सिंह ठाकुर से बात की, तो उन्होंने बताया कि सड़क के लिए बजट का प्रावधान किया जा रहा है तथा जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# भुट्टिको गांधी के विचारों से आज तक निरंतर प्रेरित : सत्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विशेष शोक सभा का आयोजन भुट्टिको के प्रांगण में किया गया, जिसमें भुट्टिको के प्रबंधन व बुनकरों ने अपनी उपस्थिति से बापू गांधी के चित्र पर पुष्प भेंट कर दो मिनट का मौनरख कर उन्हें श्रद्धांजंलि दी।

शोक सभा में पूर्व मंत्री व भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने महात्मा गांधी के खादी, स्वदेशी और बुनकरों के साथ सीधे तौर पर जुड़ाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी मानते थे कि इन वर्गों में देश की संस्कृति, सामाजिक परिप्रेक्ष्य तथा रोजगार के अधिकाधिक अवसर की संभावनाएं हमेशा उपलब्ध रहती हैं। उन्होंने कहा कि खादी ग्रामोद्योग और बुनकरों को जो महात्मा गांधी ने प्रदान की है उसका लोहा आज न केवल हमारा देश मानता है, बल्कि विश्व के कई गुलाम देशों ने गांधी के मॉडल को अपनाते हुए आजादी हासिल की है। गांधी स्वयं मानते थे कि देश में आजादी और स्वराज का आंदोलन खड़ा करने में खादी ग्रामोद्योग और बुनकरों की भूमिका श्रेष्ठ रही है इसीलिए गांधी का चरखा प्रेम उनके अंत समय तक हमें देखने को मिला है। भुट्टिको गांधी के विचारों से आज तक निरंतर प्रेरित है, जिसका अनुसरण हमारे बुनकर बखूबी कर रहे हैं और देश व प्रदेश के विकास में एक नई दिशा और दशा की राह को प्रशस्त कर रहे हैं।

## साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, मनाली।** राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस मनाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय एचपीएसपीसीबी कुल्लू ने मनाली प्रशासन होटल एसोसिएशन, एमसी मनाली, एडी हाइड्रोपावर, पुलिस कर्मियों और क्रिच क्लीनिंग कंपनी के सहयोग से वोल्वो बस स्टैंड से न्यू ब्रिज और रांगड़ी चौक तक मनाली में सफाई अभियान चलाया। एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने अभियान की शुरुआत की और क्षेत्रीय अधिकारी, एचपीएसपीसीबी, कुल्लू सुनील शर्मा ने राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस, 2025 के उपलक्ष्य में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कचरे को सावधानीपूर्वक सूखे और गीले कचरे के थैलों में अलग किया गया। प्रतिभागियों को कूड़ा-करकट फैलाने के हानिकारक प्रभावों और आसपास के वातावरण को साफ रखने के महत्व के बारे में बताया और दुकानदारों और ढाबों संचालकों को भी जागरूक किया गया।

# चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए जल्द उठाएं कदम : दिले राम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ढालपुर के न्यू हनुमानी बाग क्षेत्र में हनुमानी बाग विकास मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक बैठक वीरवार को संपन्न हुई।

इसमें स्थानीय निवासियों के सामने आ रही चुनौतीयों व विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से इस क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनायों पर चिंता व्यक्त की व इन चोरियों और शातिर चोरों पर नकेल कसने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई। सभी सदस्यों ने एक जागरूक नागरिक होने के नाते चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए अपनी भूमिका तय की और आवश्यकता पढ़ने पर पुलिस और प्रशासन का सहयोग लेने का निर्णय लिया। सभी घरों में सीसीटीवी लगवाने बारे योजना बनाई गई, ताकि चोरों को पहचाना जा सके। अपने क्षेत्र में किसी संदिग्ध या चेहरा ढककर चलने वाले व्यक्ति से स्थानीय तौर पर पूछताछ करने का निर्णय लिया गया, इनमें से आपत्तिजनक गतिविधियां करने वाले व्यक्ति को पुलिस के हवाले करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रशासन कुल्लू, पुलिस अधीक्षक कुल्लू से आग्रह किया कि हनुमानी बाग क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए जल्द प्रभावी कदम उठाए जाएं। बैठक में प्रमुख रूप से मंच के प्रधान दिले राम ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान शमशेर बौद्ध, उपप्रधान सुनील कुमार, महासचिव डॉ. चमन आदि मौजूद रहे।

## कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सभागार में वीरवार को कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर नर्सिंग छात्राओं को कुष्ठ रोग उन्मूलन और इससे जुड़ी भ्रांतियां के बारे में बताया गया। वहीं, नारा लेखन व स्लोगन के माध्यम से भी कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियां के बारे में जानकारी दी गई। 14 फरवरी तक जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लोगों को इसके उन्मूलन और कुष्ठ रोग से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियां के बारे में जानकारी देंगे। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुरेश ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में 100 से अधिक कुष्ठ रोग के मामले हैं। कुल्लू की बात की जाए, तो कुल्लू में 6 लोग कुष्ठ रोग से पीड़ित हैं, जिसमें नगर खंड में चार जरी में एक और बंजार में एक कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति है, जिनका स्वास्थ्य विभाग की ओर से ईलाज किया जा रहा है और उन्हें समय-समय पर दवाइयां भी वितरित की जाती हैं। डॉक्टर सुरेश ने बताया कि 14 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ एजुकेटर गांव में जाएंगे और लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियां और इसके ईलाज के बारे में जागरूक करेंगे, ताकि इसे जड़ से खत्म किया जा सके।

# नारा लेखन में सारिका पहले स्थान पर



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

महिला एवं बाल-विकास परियोजना अधिकारी कटराई की ओर से वो दिन योजना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनगां में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित स्टूडेंट्स को एमडी आयुष डॉक्टर प्रोमिला ठाकुर ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता एवं एनीमिया के बारे में जानकारी दी व बच्चों से विचार-विमर्श किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना व मासिक धर्म के दौरान महिलाओं के साथ होने वाले व्यवहार व कुरीतियों के बारे में जागरूक करना है।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रक्षा ने पैड से संबधित प्रयोग निपटान बारे जानकारी दी। इस जागरूकता शिविर में बच्चों के मध्य जागरूकता लाने के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर नारा लेखन, चित्र कला प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें नारा लेखन में सारिका प्रथम, रिया द्वितीय, संध्या ठाकुर तृतीय व चित्रकला प्रतियोगिता में रिशिता कटोच प्रथम, नारायण द्वितीय, दिवांश तृतीय और भाषण प्रतियोगिता में सुकृति प्रथम व रिजुल द्वितीय स्थान पर रहे। दीपक शर्मा ने महिला एवं बाल-विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में वृत पर्यवेक्षक प्रोमिला, मधुवाला, अनिला, प्रवीण तथा स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनगां की अध्यापिका उपस्थित रही।

**स्वच्छता** दो वर्ष पहले योजना की डीपीआर बनाकर भेजी गई थी, योजना पर खर्च होने हैं 25 करोड़ रुपए

# ठंडे बस्ते में निरमंड नगर की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना


**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

निरमंड नगर पंचायत घरों से निकलने वाले गंदे पानी को ठिकाने लगाने की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में पड़ी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत करीब 2 वर्ष पहले इस महत्वकांक्षी योजना की डीपीआर बनाकर भेजी गई थी।

डीपीआर के मुताबिक इस योजना पर करीब 25 करोड़ खर्च होने हैं, लेकिन बजट के अभाव में यह डीपीआर वापस भेज दी गई है। जलशक्ति मंडल आनी के अधिशाषी अभियंता इंजी. किशोर कुमार का कहना है कि जलशक्ति विभाग नगर पंचायत निरमंड की स्वच्छता को लेकर कटिबद्ध है और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रोपोजल दो-तीन योजनाओं के तहत विभिन्न हेड से बजट मुहैया करवाने को जलशक्ति विभाग के हेड ऑफिस भेजा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निरमंड नगर की जरूरत के मद्देनजर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रोपोजल को जल्द मंजूरी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### गंदगी के कारण बना रहता है बीमारियों का खतरा

**निरमंड** नगर पंचायत की 2 हजार आबादी के घरों के शौचालयों, रसोईघरों आदि से निकलने वाला गंदा पानी ठिकाने लगाने के लिए वर्तमान में कोई योजना नहीं है। फलस्वरूप सारा गंदा पानी खुली निकास नालियों के रास्ते से बाहर खुले में बहता है, जो न केवल एशिया के सबसे बड़े गांव रह चुके छोटी काशी निरमंड की सुंदरता पर चोट करता है, बल्कि गर्मियों और बरसातों में गंदगी के कारण बीमारियों का भी खतरा बना रहता है।



### निरमंड का थम गया है विकास : विकास

**वहीं,** नगर पंचायत निरमंड के उपाध्यक्ष विकास शर्मा का कहना है कि वर्तमान में नगर पंचायत निरमंड की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित करीब 40 करोड़ की विभिन्न योजनाएं लटकी पड़ी हैं, जिससे निरमंड का विकास थम गया है। उन्होंने सरकार से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना को जल्द बजट मुहैया करवाकर इसे सिरे चढ़ाने की मांग की है।

### पीपलधार में बनेगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, निरमंड से पीपलधार तक बिछनी है पाइप लाइन

**निरमंड** के नगर पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों ने सीवरेज के इस गंदे पानी को ठिकाने लगाने के लिए जलशक्ति मंत्री के समक्ष इस मांग को रखा था, जिसके बाद उस वक्त जलशक्ति मंत्री ने जलशक्ति विभाग को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए थे। डीपीआर के मुताबिक निरमंड नगर पंचायत के हर घर को इस योजना में बिछाए जाने वाली पाइपों के नेटवर्क से जोड़ा जाना है। कई जगह चैंबर बनेंगे, पाइप लाइन का नेटवर्क कस्बे से होती हुई पीपलधार तक जानी है। जहां पर बाकायदा करोड़ों की लागत वाला एक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना है। जहां नगर पंचायत निरमंड के गंदे पानी को स्वच्छ किया जाना है।

### करना पड़ सकता है लंबा इंतजार

**विभागीय** अधिकारियों के अनुसार निरमंड के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वाली योजना को सिरे चढ़ाने से पहले निरमंड नगर को 24 घंटों पेयजल सुविधा देने वाली योजना से जोड़ा जाना है, जिसके बाद सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की योजना पर गौर किया जाएगा। स्वच्छ पेयजल वाली डीपीआर पहले ही काफी समय से शिमला में टेक्नीकल सेंक्शन की बाट जोह रही है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना को लेकर निरमंड वासियों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

## 50 रुपए किलो मिल रहा मक्की का आटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार व विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की की पिसाई करवाकर आटा प्रदेश भर में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को 50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कुल्लू में भी जनवरी में 62 किंवटल मक्की का आटा राज्य नागरिक आपूर्ति निगम में 7 गोदामों से जिले की 455 उचित मूल्य की दुकानों को वितरित किया गया। उपभोक्ताओं में प्राकृतिक खेती से उगाए गए मक्की के आटे के प्रति रुझान व मांग को देखते हुए मंडी जिले से मक्की के आटे को मंगवाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय प्रबंधक, प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम मंडी द्वारा फरवरी माह की पहली तारीख तक जिला कुल्लू के निगम के गोदामों में 60 किंवटल मक्की का आटा कुल्लू भिजवाने के लिए आशवस्त किया है, ताकि जिला कुल्लू की उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से मक्की के आटे की मांग व खपत की पूर्ति की जा सके। यदि और अधिक मांग हुई, तो किसी अन्य जिले व स्थान से मक्की के आटे की आपूर्ति जिले के राशन डिपो में करवाई जाएगी।

## कुल्लू के पेंशनर्स को पेंशनर भवन मिलने की जगी आस : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की मांग पर जिला मुख्यालय ढालपुर कुल्लू में पेंशनर भवन के निर्माण के लिए जिला कुल्लू प्रशासन हरकत में आया है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश के निर्देश पर जिला राजस्व अधिकारी कुल्लू के कार्यालय से पत्र के माध्यम से एसडीएम कुल्लू को जिला मुख्यालय ढालपुर कुल्लू में पेंशनर भवन के निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि आवंटित करने के लिए आग्रह किया गया है।

डीसी के निर्देश पर पेंशनर भवन के निर्माण के लिए नियमानुसार उपयुक्त भूमि का चयन कर नकल, जमाबंदी व मौका ततीमा तैयार कर अपनी अनुशंसा सहित विस्तृत रिपोर्ट डीसी को जल्द भेजने के निर्देश दिए हैं। इस पत्र की एक प्रति हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर ठाकुर, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला विंग लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर



खंड इकाई के महासचिव खुशाल नेगी, जिला कुल्लू पेंशन भोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव किरण चंद शर्मा, उपाध्यक्ष भाग चंद ठाकुर, नरेंद्र कुमार, भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार शर्मा, सब्जा चंद, सैंज खंड के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, महासचिव शेर सिंह ठाकुर ने बताया कि 7 जनवरी को हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन के नेतृत्व में डीसी कुल्लू से मिला था व डीसी से जिला मुख्यालय ढालपुर कुल्लू में पेंशनर भवन निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि आवंटित करने का आग्रह किया था।

# एसी आउटडोर के कंडेंसर व कॉपर वायर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, परवाणू



पुलिस ने एलआईसी कार्यालय में लगे एसी के कंडेंसर और कॉपर वायर चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कुंदन कुमार हाल प्रशासनिक अधिकारी एलआईसी कार्यालय परवाणू ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 28 जनवरी को जब यह प्रात: कार्यालय में पहुंचे, तो पाया कि एलआईसी कार्यालय में लगे 3 एसी आउटडोर के कंडेंसर और कॉपर वायर को कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया है, जिसकी कीमत लगभग 30,000 रुपए है, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना परवाणू में दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके के साक्ष्यों तथा संदिग्ध मोबाइल फोनों के टावर लोकेशन के आधार पर आरोपी संतोष कुमार पुत्र नवीन सिंह निवासी गांव भगवानपुर नरहरबिगा डाखा भोजतमा, तह. सिलबाह जिला नालंदा बिहार उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार किया और चोरी हुए सामान की बरामदगी की जा रही है। जांच के दौरान पाया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी 40,000 रुपए के चोरी मामले में थाना परवाणू में गिरफ्तार रह चुका है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 4 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में जांच जारी है।

# पीलिया के कारणों का नहीं हो रहा खुलासा

## दो दिन में सात मामले आए सामने, उबले पानी का सेवन करने की एडवाइजरी

आर मोहन चौहान, सोलन

जिला मुख्यालय सोलन में बीते दिनों से लगातार पीलिया के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम और जल शक्ति विभाग सतर्क है पर अभी तक बीमारी फैलने का कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

इससे संबंधित विभागों की चिंता बढ़ गई है। साथ ही शहर वासियों को भी बीमारी फैलने की चिंता सता रही है। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से 20 मिनट उबाले पानी का सेवन करने की एडवाइजरी जारी की है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में पीलिया के नए मामले आना जारी हैं। पिछले दो दिनों में कुल सात मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही शहर में पीलिया और डायरिया के मरीजों की संख्या 50 से पार हो गई है। शुरू में शहर के चंबाघाट और कथेड़ क्षेत्र से पीलिया और डायरिया के मरीज सामने आ रहे थे, लेकिन अब देउंघाट और रबौन से भी पीलिया के मामले सामने आए हैं। एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्र चंबाघाट और कथेड़ में घर-घर जाकर सर्वे किया है। अब ऐसा ही सर्वे दूसरे क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। सर्वे में आशा वर्कर्स के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों के साथ स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### पेयजल योजनाओं से 10 सैंपल भरे



स्वास्थ्य विभाग के साथ जल शक्ति विभाग भी पीलिया को देखते हुए एहतियात बरत रहा है। इसको देखते हुए अभी तक का अश्विनी खड्ड पेयजल योजना समेत तीन योजनाओं से सप्लाई बंद की गई है। इन पेयजल योजनाओं से 10 सैंपल भरे गए हैं। इसमें कंडाघाट भेजे गए सैंपल सही पाए गए हैं, जबकि सीएफएल लैब पुणे भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी है। अश्विनी खड्ड, गिरि नदी योजना के बाद सोलन शहर को पानी की आपूर्ति करने वाली दूसरी बड़ी योजना है। इसके बंद रहने से शहर को पानी सप्लाई करने का पूरा बोझ गिरि नदी पेयजल योजना पर आ गया है। ऐसे में आने वाले दिनों में भी अश्वनी खड्डु से पानी की सप्लाई शुरू नहीं होती है, तो शहर में पानी की किल्लत होने की आशंका पैदा हो जाएगी।

### जारी की एडवाइजरी

नगर निगम की कमिश्नर एकता कापटा ने पीलिया और डायरिया को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को पानी को उबालकर या फिल्टर कर पीने की सलाह दी है, ताकि पीलिया व अन्य किसी भी जल जनित बीमारी से बचा जा सके। स्ट्रीट वेंडर्स व अज्ञात स्रोत से उपलब्ध पानी को न पीएं। खाना बनाने या खाने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धोएं, अपने वाटर स्टोरेज टैंक को नियमित तौर पर साफ करवाएं, घर से सही तरीके से गारबेज व पानी की निकासी करें। बिना ढका हुआ व अधपका खाना खाने से बचें, फल व सब्जियों को धोने के बाद ही इस्तेमाल करें।

> जल शक्ति विभाग के एक्सइएएन आशीष राणा ने कहा कि विभाग ने सभी ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। स्वयं पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया गया है। स्वास्थ्य पेयजल योजनाओं में गंदगी जैसी कोई बात नहीं है, फिर भी तीन योजनाओं को बंद किया गया है।

### चंबाघाट और कथेड़ में फैलने लगा पीलिया

अश्विनी खड्ड के साथ दो अन्य योजनाओं पाटी कोलियां व सपरून को भी बंद किया गया है। पिछले कुछ दिनों से सोलन शहर के चंबाघाट और कथेड़ में पीलिया और डायरिया फैलने लगा है। इसे देखते हुए डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने जल शक्ति विभाग को इन क्षेत्रों को पानी की सप्लाई करने वाली योजनाओं को बंद करने के निर्देश दिए हैं, अब ऐसे ही मामले दूसरे क्षेत्रों से भी आने लगे हैं। हालांकि अभी मामले काफी कम आ रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग और जल शक्ति विभाग को सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

# नगर निगम का जनरल हाउस आज लंबित विकास कार्यों के उठेंगे मुद्दे

अनंत ज्ञान, सोलन

- तीन माह के अंतराल के बाद होगा हाउस, विकास कार्यों पर लगी है ब्रेक

नगर निगम सोलन का जनरल हाउस तीन महीनों के इंतजार के बाद आखिरकार शुक्रवार को आयोजित होगा। इसके लिए नगर निगम ने एजेंडा तैयार कर लिया है।

हाउस में मुख्यत: शहर में लंबित विकास कार्य और नए कार्य शुरू न होने का मुद्दा गर्माने वाला है। नए मीटिंग हॉल में पहले बार हो रहे जनरल हाउस में ठेकेदारों की लंबित पेमेंट और इस वर्ग की तरफ से रोके गए विकास कार्यों का मुद्दा भी उठेगा। ठेकेदारों के विरोध के कारण शहर के वार्डों में कार्य लटके हुए हैं। निगम के चुनाव में अब मात्र एक ही वर्ष बचा होने के चलते पार्षद लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने वाले हैं।



> जनरल हाउस का एजेंडा तय किया गया है। इसमें मुख्यता शहर के विकास कार्यों पर चर्चा होगी। नया मीटिंग हॉल बनने से अब हर महीने हाउस करने में आसानी होगी।
>
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### हाउस में कई मुद्दों पर हंगामा होने के आसार

जनरल हाउस में वार्ड पार्षद वार्ड क्षेत्रों में लंबित विकास कार्य, पार्कों का सौंदर्यीकरण, सीवरेज, पार्किंग, पेयजल, अतिक्रमण, आवारा कुत्तों और बंदरों की समस्या जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठेंगे। ऐसे में हाउस काफी रोचक होगा। इस बार सलोगड़ा डंपिंग साइट और प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को लेकर हंगामे के आसार हैं। यदि पार्षदों की सहमति बनी, तो शहर में निगम की तरफ से आवंटित दुकानों की सब लेटिंग और किराया बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह शहर के पुराना बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण के लिए सेना से जमीन अदला-बदली पर भी प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके अलावा शहर में लंबित विकास कार्य के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्की में कुष्ठ रोग उन्मूलन पर दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान,अर्की। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस के अवसर पर नागरिक चिकित्सालय अर्की में खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. ताराचंद नेगी के नेतृत्व में कुष्ठ रोग उन्मूलन पर शपथ दिलाई। एचआईवी/एड्स परामर्श विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार शांडिल ने बताया कि इस शपथ का उद्देश्य अपने क्षेत्र से कुष्ठ रोग मुक्त करना है। इस अवसर पर वार्ड सिस्टर निशा शर्मा, जितेंद्र कौशिक, सत्या शर्मा, शकुंतला शर्मा, भूषण शर्मा, रंजना शर्मा, सपना ठाकुर, कुलदीप, विनय चंद, सीमा, मेनका नेगी, सुरक्षा परमार व सविता कौर शामिल रहे।

### धुंदन स्कूल में महात्मा गांधी को किया याद

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल ने बताया कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को गुलामी से मुक्त करवाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की हत्या 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने दिल्ली के बिरला हाउस में की थी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

### कृषि वानिकी की क्षमता पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान, सोलन। कृषि वानिकी पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) की वार्षिक समूह बैठक में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में संपन्न हुई। यह बैठक विश्वविद्यालय ने एआईसीआरपी एग्रोफोरेस्ट्री और सेंट्रल एग्रोफोरेस्ट्री रिसर्च इंस्टीट्यूट, झांसी द्वारा सह-आयोजित थी। इस कार्यक्रम ने देश में कृषि-वानिकी अनुसंधान और कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया। बैठक में कृषि वानिकी के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए देश भर के विशेषज्ञ एक साथ एक मंच पर एकत्रित हुए।

### शंभुवाला में 90 महिलाओं का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, नाहन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सिरमौर द्वारा स्तन कैंसर और बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से संबंधित जांच शिविर का आयोजन स्वास्थ्य खंड धगेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शंभुवाला में किया गया, जिसमें लगभग 90 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने बताया कि बच्चे दानी के मुंह एवं स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग करने वाला सिरमौर जिला हिमाचल का पहला जिला बन गया है। उन्होंने बताया कि यह शिविर मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड व ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग सिरमौर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बच्चेदानी के मुंह के कैंसर की शुरुआती जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर की गई। डॉ. अजय पाठक ने बताया कि आने वाले दिनों में इस तरह के जांच शिविर का आयोजन अलग- अलग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा।

### शूलिनी में शीतकालीन शिविर में 20 ने लिया भाग

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने संकाय और कर्मचारियों के बच्चों के लिए दस दिवसीय शीतकालीन शिविर का आयोजन किया, जो सिनेप्लेक्स में एक अंतिम कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न प्रकार की आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों का आनंद लिया। शिविर में विभिन्न गतिविधियां शामिल थीं, जिनमें नीतिका ठाकुर के नेतृत्व में नृत्य सत्र, अमित घोट्टा द्वारा संगीत और समूह गीत प्रशिक्षण, अनुपमा चंदेल द्वारा संचालित योग सत्र और नमिता गंडोत्रा द्वारा पर्यवेक्षण और कला और शिल्प गतिविधियां शामिल थीं। डॉ. बृज भूषण शर्मा ने एआरवीआर लैब में एक विशेष प्रदर्शन प्रदान किया, जबकि विक्रांत ने खेल गतिविधियों के लिए सुचारू समन्वय सुनिश्चित किया, सुरेश ने साहसिक गतिविधियों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# माइक्रोबैक्टीरियम बैक्टीरिया से होता है कुष्ठ रोग : राधा



अनंत ज्ञान, सोलन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र सेंट ल्यूक्स सोलन में कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता आईबीसी समन्वयक राधा चौहान ने की। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग एक संक्रामक रोग है, जो माइक्रोबैक्टीरियम नाम के बैक्टीरिया से होता है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक निकट संपर्क में रहने से फैलती है। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने के समय उनके समीप उपस्थित अन्य को यह रोग हो सकता है। राधा चौहान ने कहा कि कुष्ठ रोग आकस्मिक संपर्क जैसे कि हाथ मिलाने, गले मिलने, बर्तन साझा करने या साथ बैठने से नहीं फैलता है। उन्होंने कहा कि शरीर पर कोई भी दाग या पैच, शरीर के किसी भी भाग में सुन्नपन होना, शरीर पर लाल रंग या त्वचा के हल्के रंग का धब्बा होना, जिसमें ठंड या गर्मी का एहसास न हो, शरीर के किसी भी भाग में नसों का मोटा होना, शरीर के घाव का कई हफ्तों या महीना तक ठीक ना होना, हाथ की उंगलियों की पकड़ कम होना आदि कुष्ठ रोग के लक्षण हैं।

# स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी

अनंत ज्ञान, नाहन। शमशेर स्कूल प्रबंधन की ओर से स्कूल परिसर में मोटिवेशनल स्पीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन के प्रिंसिपल डॉ. राजीव तुली ने बतौर मुख्यवक्ता शिरकत की।

स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार चौहान ने बताया कि उनके द्वारा स्कूल में बच्चों को प्रेरित करने के लिए समय-समय पर मोटिवेशनल स्पीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में डॉक्टर वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव तुली को बतौर मुख्य वक्ता आमंत्रित किया था। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बच्चों के साथ जहां अपने अनुभव साझा किए। वहीं, बच्चों को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने और उसे हासिल करने के लिए टिप्स भी दिए गए। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को पर्सनल हाइजीन स्वच्छता और खान-पान संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

# महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : शांडिल

अनंत ज्ञान, सोलन



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

डॉ. शांडिल सोलन के कंडाघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि इस दिवस को देश में शहीदी दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक दिशा प्रदान की। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित एक अनूठा आंदोलन चलाकर भारत को विदेशी शासन से स्वतंत्र करवाने में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रपिता के आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं और उनके सिद्धांतों का अनुसरण कर हम आत्मनिर्भर ग्राम की कल्पना को साकार कर सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर पंचायत बांजनी के पूर्व प्रधान प्रेम कश्यप, आत्मा परियोजना के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष कुशाग्र ठाकुर, कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के समन्वयक जय प्रकाश, कांग्रेस नेता संजीव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, सोलन। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर वीरवार को सोलन कांग्रेस ने रेस्ट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का प्रण लिया। जिले के निवर्तमान अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल से अंग्रेजों पर भारतवासियों को गुलामी से आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में देशवासियों को एकजुट किया। 30 जनवरी, 1948 को उनकी हत्या होने से पूरा देश गमगीन हो गया। शिव कुमार ने कांग्रेस जनों से महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महासचिव शिवदत्त ठाकुर सहित कांग्रेस नेता मोहन सिंह मेहता, सरदार सिंह ठाकुर, कुल राकेश पंत, अमित ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निष्ठा से कार्य करने का किया आह्वान

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिला भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए समर्पण और निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। धीरज गुप्ता सिरमौर जिले के हरिपुरधार और संगड़ाह में आयोजित संगड़ाह भाजपा मंडल की पहली बैठकों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को इस बात पर गौरव होना चाहिए कि वह विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के सदस्य हैं और देश और अपने क्षेत्र के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि भाजपा बूथ स्तर तक संविधान गौरव दिवस का आयोजन कर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और कांग्रेस सरकारों द्वारा संविधान निर्माता के प्रति किए गए अपमान और निरादर की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएंगे।

# यातायात नियमों का पालन ही सड़क सुरक्षा की सर्वोत्तम गारंटी




अनंत ज्ञान, सोलन

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सड़क सुरक्षा की सर्वोत्तम गारंटी है और हम सभी को नियम पालन के साथ-साथ संवेदनशीलता के साथ वाहन चलाना चाहिए।

उन्होंने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 के अंतर्गत जिला रेडक्रॉस समिति सोलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों के पालन के साथ-साथ मदिरा के सेवन के उपरांत वाहन चलाना न केवल चालक, बल्कि अन्य यात्रियों एवं पथिकों की सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। सड़क सुरक्षा एक व्यापक विषय है और इसके अंतर्गत चालक के साथ-साथ अन्य सभी की सुरक्षा निहित है। सड़क सुरक्षा के लिए जन-जन का जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वाहन चलाते समय अपने और अपने परिजनों के साथ-साथ सभी की सुरक्षा का ध्यान रखें।

# मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण किया

अनंत ज्ञान, सोलन। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने हिमाचल में व्यापक मिट्टी विश्लेषण के आधार पर फास्फोरस उर्वरकों के उपयोग के संबंध में तदर्थ सिफारिशें जारी की हैं। विश्वविद्यालय की एनएबीएल मान्यता प्राप्त उन्नत मृदा और पत्ती विश्लेषण प्रयोगशाला और कृषि विज्ञान केंद्र शिमला, रोहड़ू की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला ने पारंपरिक रूप से उर्वरित मिट्टी और प्राकृतिक खेती प्रणालियों दोनों में फास्फोरस के स्तर का आकलन करने के लिए 3,698 मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण किया। विश्वविद्यालय द्वारा मृदा सैंपल के निष्कर्षों के आधार पर पारंपरिक रासायनिक कृषि और प्राकृतिक कृषि-दोनों प्रणालियों के लिए निम्नलिखित उर्वरक एप्लीकेशन दिशा-निर्देश दिए जाते हैं।

# नाहनवासियों को बेसहारा पशुओं से मिलेगी निजात

एसपी जैरथ, नाहन

नाहन शहरवासियों को आवारा पशुओं से निजात दिलाने के मकसद से नगर परिषद पशुपालन विभाग के साथ मिलकर कल 6 पशुओं का बैच हाडा कुंडी नालागढ़ काऊ सेंचुरी भेजेगी, जिसके लिए शहर में आवारा पशुओं की धर पकड़ की गई।

नगर परिषद नाहन के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने बताया कि पिछले लंबे समय से लोगों से आवारा पशुओं को लेकर शिकायत मिल रही थी। इसको देखते हुए डीसी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को तीन काऊ सेंचुरी और गोशाला में भेजने का निर्णय लिया गया था, जिसमें हाडा कुंडी नालागढ़, नेरीपुल और कोटला बड़ोग काऊ सेंचुरी शामिल हैं। इसी कड़ी में नगर परिषद ने पशुपालन विभाग के साथ मिलकर आवारा पशुओं को पदकर काऊ सेंचुरी बेचने की मुहिम शुरू की है। उन्होंने बताया कि अभी तक 20 पशुओं को भेजा जा चुका है और अगला बैच आज सुबह 6 पशुओं का हाडा कुंडी नालागढ़ भेजा जा रहा है। शहर में आवारा कुत्तों के लिए डॉग शेल्टर का निर्माण किया जाना था, मगर भूमि उपलब्ध न होने के कारण यह कार्य लंबित पड़ा है। आने वाले नगर परिषद के जनरल हाउस में इस मुद्दे को लेकर भी चर्चा की जाएगी, ताकि डॉग शेल्टर का निर्माण हो सके और शहर वासियों को इन आवारा कुत्तों से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि बिना पंजीकरण के किसी के पास पालतू कुत्ता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**जागरूकता** नशे के खिलाफ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने चायल में चलाया नशामुक्ति अभियान

# हिमाचल को नहीं बनने दिया जाएगा 'नशा भूमि'

अनंत ज्ञान, सोलन



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल के प्रथम नागरिक होने के नाते राज्य में बढ़ते नशे को लेकर वह चिंतित हैं। मेरा प्रयास है कि हर घर नशे से सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि अगर हर घर सुरक्षित होगा, तो प्रदेश भी सुरक्षित रहेगा। राज्यपाल सोलन जिले के पर्यटक स्थल चायल में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज नशा घर-घर तक पहुंच रहा है और चिट्टे जैसे नशे से युवाओं की मौत हो रही है। बढ़ते हुए नशे को कैसे रोकें इस पर विचार करने की आवश्यकता है। हिमाचल को देवभूमि कहा जाता है हमें इसे 'नशा भूमि' नहीं बनने देना है। उन्होंने नशा मुक्ति के अभियान में सोलन और शिमला पुलिस के प्रयासों की सराहना की और पुलिस अधीक्षकों की पीठ थपथपाई। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन से उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद, सोलन जिले में ही तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि आज हमें 'डिमांड' को ही खत्म करना है और नशे के आदि व्यक्ति का उपचार सुनिश्चित बनाना है। उन्होंने कुछ निजी स्तर पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में नशा मुक्ति अभियान को उन्होंने प्रधानमंत्री की प्रेरणा से शुरू किया है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे नशामुक्ति के इस अभियान में सबसे अधिक कार्य कर सकती हैं और नशामुक्त वातावरण बनाने में सहयोग कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि नशे के कारण आज सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए वे 'नशा न लेने का शपथ पत्र' भरेंगे और यदि वे नशा करते पाए गए, तो उनका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। इस अवसर पर, मुख्यवक्ता के तौर पर उपस्थित नशा निवारण बोर्ड के पूर्व संयोजक ओपी शर्मा ने कहा कि कुछ युवाओं द्वारा नशा लेने के पीछे का कारण यह है कि हमारी भागीदारी उनके प्रति नहीं है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना पड़ेगा। सोच में परिवर्तन नहीं होगा, तो सूचना उपलब्ध नहीं होगी, जिस कारण समस्या और गंभीर हो जाएगी। कानून कार्यान्वयन एजेंसियों पर हम पूरी तरह निर्भर नहीं हो सकते इसके लिए सामाजिक चेतना जरूरी है। महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रधानाचार्य प्रो. रवि शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि चिट्टे के कारण अधिकांश मौतें हो रही हैं। विभिन्न संगठनों और जिम्मेदार नागरिकों की यह जिम्मेदारी है कि वे युवाओं को इस दिशा में जाने से बचाएं।

# 22 तक करें खनन रक्षकों के पदों के लिए आवेदन

अनंत ज्ञान, नाहन। खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा ने बताया कि सिरमौर खनन रक्षकों के पदों पर नियुक्ति के लिए जिला खनन विभाग द्वारा चयन प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। इस संबंध में बैठक एडीएम एलआर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में चयन प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं पर गहन चर्चा की और इसे पारदर्शी व निष्पक्ष बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया के तहत इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेज बंद लिफाफे में जमा करने होंगे। आवेदन पत्र 22 फरवरी शाम 5 बजे तक जमा किए जाएंगे। आवेदन पत्र बंद लिफाफे में जिला उद्योग केंद्र में जमा किए जाएंगे। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से खनन रक्षक पद के लिए आवेदन लिखा होना चाहिए। दस्तावेजों में शैक्षणिक योग्यता, जन्म प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण और अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र शामिल होने चाहिए।

# शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविरों का करें आयोजन



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर सुमित खिमटा।

अनंत ज्ञान, नाहन

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

डीसी ने बैठक में रोड सेफ्टी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज, आईटीआई वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं तथा डाईट जैसी संस्थानों में नियमित सड़क सुरक्षा जागरूकता शिवरों का आयोजन किया जाए। इसके अलावा कालाआंब से पांवटा तक सड़क किनारे रहने वाले लोगों को सड़क दुर्घटना के समय बचाव कार्य करने के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य शिक्षण संस्थानों में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में 16 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा नाहन शहर के प्रमुख स्थानों पर साइनेज भी लगा दिए गए हैं। इस अवसर पर एसडीएम राजीव सांख्यान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय पाठक, एक्सइएन लोक निर्माण विभाग आलोक जुनैजा, डीएसपी रमाकांत ठाकुर, राष्ट्रीय राजमार्ग के नितीश शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोना चौहान सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कुष्ठ रोग दीर्घकालिक संक्रमण: अजय

अनंत ज्ञान, नाहन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नाहन द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी नाहन डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विश्व कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग दिवस हर वर्ष 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है।

इस रोग से जुड़े कलंक और सामाजिक भेद भाव को मिटाने के उद्देश्य से इस दिवस को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कुष्ठ रोग दीर्घकालिक संक्रमण है। यह बीमारी मुख्य रूप से त्वचा, आंखों, नाक और परिधीय तंत्रिकाओं को प्रभावित करती है। कुष्ठ रोग के कुछ और लक्षण ये हैं, जैसे त्वचा पर सफेद दाग, हाथ पैर में सुन्नता, मासपेशियों में कमजोरी, अंधापन। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज संभव है, अगर इस रोग का इलाज समय रहते शुरू कर दिया जाए, तो ज्यादातर विकलांगताओं से बचा जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर कर्मचारियों को कुष्ठ दिवस पर शपथ दिलाते हुए यह संदेश दिया कि हमें पापी से नहीं पाप से लड़ना है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरप्रीत बबला बनीं चंडीगढ़ एमसी की मेयर



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम को नया मेयर मिल गया है। 16 पार्षदों वाली भाजपा की उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला को 19 वोट मिले, जबकि आप और कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी प्रेमलता को कुल 17 ही वोट मिले। तीन वोट क्रॉस हुए हैं। यह तीनों वोट कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के हैं। भाजपा की हरप्रीत कौर बबला चंडीगढ़ की नई मेयर बन गई हैं। सुबह 11 बजे निगम चुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ। साढ़े 12 बजे परिणाम घोषित होते ही भाजपाई जश्न में डूब गए। हरप्रीत कौर बबला भाजपा नेता देवेंद्र सिंह बबला की पत्नी हैं। दोनों पति, पत्नी काफी लंबे समय से राजनीति से जुड़े हैं।

### सेक्टर-56 को विभाजित करने वाला रोड रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ 800 मिमी आई/डी एमएस बिछाने जा रहा है। सेक्टर-39 से एमएसएस तक पाइप लाइन चंडी मंदिर इस कार्य के कारण 31 जनवरी को सेक्टर-56 को विभाजित करने वाला रोड बंद रहेगा। आम जनता से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और नगर निगम, चंडीगढ़ के साथ रहें।

### लकी ने जसबीर और तरुणा को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी ने चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर पद पर जीत हासिल करने पर कांग्रेस पार्षद जसबीर बंटी और तरुणा मेहता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगभग एक दशक के बाद प्रतिष्ठित पदों पर काबिज होने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि मेयर पद पर आप पार्षद की हार पर पार्टी को गहरा दुख हुआ है। यह अस्वीकार्य है कि कुछ पार्षदों ने उनके खिलाफ मतदान किया। दोनों पार्टियों ने इस कृत्य को काफी गंभीरता से लिया है और दोनों पार्टियों की संयुक्त बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि इनकी पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फर्नीचर मार्केट को स्थानांतरित न करने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन की अगुवाई में फर्नीचर मार्केट के प्रतिनिधिमंडल के साथ चंडीगढ़ डीसी निशांत यादव से मुलाकात की। फर्नीचर मार्केट सेक्टर 53-54 के प्रतिनिधिमंडल ने फर्नीचर मार्केट को स्थानांतरण न करने की मांग की या मार्केट को चंडीगढ़ में कहीं अच्छी जगह उपलब्ध करवाने की बात कही। इस दौरान डीसी निशांत यादव के साथ फर्नीचर मार्केट को बेहतर बनाने को लेकर लंबी मंत्रणा हुई। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि चंडीगढ़ में फर्नीचर मार्केट के लिए बेहतरी और विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।

### जनकल्याण को समर्पित होगा बजट : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जनवरी- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को पानीपत में उद्योगपतियों व कपड़ा उद्यमियों के साथ बैठक के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया जाएगा, वह जनता के कल्याण से जुड़ा होगा, जिसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों सहित समाज के सभी वर्गों को पूर्ण प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए सैनी ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए अनर्गल प्रचार नहीं करना चाहिए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लोगों का अपमान किया है। दिल्ली के लोग अबकी बार उनके बहकावे में नहीं आने वाले।

# मुख्यमंत्री सैनी ने बजट को लेकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से किया परामर्श

## औद्योगिक संस्थानों व निवेश को लेकर की जा रही नई पहल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए औद्योगिक संस्थानों व निवेश को प्रोत्साहन को लेकर नई पहल की जा रही है। बजट पूर्व परामर्श बैठकों में मिले सुझावों के आधार पर नीतियों का भी सरलीकरण किया जाएगा और वे स्वयं हर तीन महीने में उद्यमियों व निवेशकों के हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन सेंटर (एचईपीसी) से जुड़े विषयों की समीक्षा करेंगे।

मुख्यमंत्री वीरवार को फरीदाबाद में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श (प्री बजट कंसल्टेशन) की छठी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें।

बैठक में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर आदि उपस्थित रहे। सैनी ने बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बजट में आवश्यक विषयों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि आगामी बजट में वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के सार्थक प्रयास किए जाएंगे। आगामी बजट हमारी सामूहिक महत्वाकांक्षाओं व प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब होगा। आगामी बजट की तैयारियों के लिए यह आवश्यक है कि हम समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद करें ताकि हरियाणा के प्रत्येक नागरिक की जरूरतों व सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक सकारात्मक प्रयास किए जा सके।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सिलेबस में किए कई बड़े बदलाव : शिक्षा मंत्री

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए, हरियाणा ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति व उसके नवीनकरण को स्कूली स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भारत विश्व गुरु बनेगा, इससे शिक्षा के क्षेत्र में विशेष बदलाव आएगा।

> बोले, राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भारत बनेगा विश्व गुरु, शिक्षा के क्षेत्र में आएगा विशेष बदलाव

ढांडा ने वीरवार नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह, उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक राहुल हुड्डा, सेकेंडरी शिक्षा के निदेशक जीतेंद्र कुमार, गुरुग्राम विश्वविद्यालय से राजीव, निदेशक सचिव गोयल, सुनील बजाज आदि उपस्थित रहे।

बैठक उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सपना है कि हरियाणा का युवा हिंदी अंग्रेजी तक ही सीमित न रहे, बल्कि युवा अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं को भी सीखे, विभाग दूसरी भाषाओं को सिखाने के लिए विचार कर रहा है, जो विदेशी भाषाएं की आवश्यकता होगी उन पर विभाग कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से मजबूत रहा है, लेकिन दूसरी पार्टी के कार्यकाल में पीड़ा, दर्द और दंश ही झेले है, लेकिन अब शिक्षा को लेकर सरकार का विशेष फोकस है। जिन लोगों ने शिक्षा के सिस्टम को तहस नहस करने का काम कि वे आज कुछ भी आरोप लगा सकते हैं, लेकिन नई शिक्षा नीति से देश में एक बड़ा बदलाव आ रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को जो वातावरण चाहिए वो उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने, अध्यापकों की कमी को दूर करने के साथ स्कूल के वातावरण को सुधार पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई है, जो खामियां रही है उन्हें दूर किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सनातन धर्म में पहली बार महाकुंभ में हुआ कैलाश अभिषेक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सनातन धर्म में आध्यात्मिक अखाड़े को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है इसी क्रम में आचार्य हरिदास गुप्ता ने सनातन धर्म प्रेमियों और महादेव शिव के अनुयायियों के साथ कैलाश अखाड़ा बनाने का संकल्प लिया। हरिदास गुप्ता ने बताया कि कैलाश मानसरोवर से जुड़ी समस्याओं और रहस्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए महाकुंभ में एक शिविर का आयोजन किया गया।

इसी के साथ उन्होंने वैश्विक सनातन प्रेमियों को जोड़ते हुए कैलाश अखाड़ा स्थापना की घोषणा की। महाकुंभ के इस शिविर में भारत और विदेश से कई मशहूर हस्तियों, अधिकारियों और सफल व्यवसायियों शामिल हो रहे हैं। अब तक इसमें सिंगापुर, दुबई, मलेशिया, अमेरिका, थाईलैंड, इटली, स्विट्जरलैंड से प्रवासी भारतीय और विदेशी शामिल हो चुके हैं। उम्मीद है कि अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में लोग आएंगे। यहां प्रतिदिन हजारों लोगों को लंगर परोसा जाता है। आचार्य हरि गुप्ता कुंभ के टेंट सिटी व कैलाश के महत्व और जागरूकता के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने दिव्य अनुभव के लिए कई विदेशियों को इस शिविर में आने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने इस बारे में समर्थन मांगने के लिए बाबाओं और राजनेताओं से लेकर दर-दर की ठोकरें खाईं। ज्यादातर लोगों ने उनकी मदद नहीं की। हरिदास गुप्ता ने बताया कि शाही स्नान को करोड़ों लोग देखते हैं, लेकिन जुलूस में केवल संत और तपस्वी ही शामिल हो सकते हैं। हालांकि अगोरी अखाड़ा प्रमुख ने भी कैलाश मिशन को समर्थन देने का वादा किया है। अगोरी अखाड़ा प्रमुख ने कहा कि हम भगवान शिव के भक्त हैं और इसके लिए हम कुछ भी करेंगे।

# हरियाणा को बनाएंगे कुष्ठ रोग मुक्त प्रदेश: आरती सिंह राव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने घोषणा की कि हरियाणा को कुष्ठ रोग मुक्त प्रदेश बनाएंगे। इसके लिए आज से कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान शुरू किया गया है जो कि 13 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों का निशुल्क इलाज किया जाता है। वीरवार को कुष्ठ रोग जागरूकता दिवस के अवसर पंचकूला जिले के गांव खड़ग मगोली में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें इसी गांव के 3 कुष्ठ रोगियों को सम्मानित किया तथा लोगों से कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव न करने की शपथ भी दिलवाई गई।

राव ने कुष्ठ रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रदेश के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग न तो ईश्वर का श्राप है न ही पिछले जन्मों के पापों का फल। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महात्मा गांधी कुष्ठ रोगियों के प्रति दयालु थे और उनका मानना था कि कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करना चाहिए। वे कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए प्रयासरत थे। कुष्ठ रोग जीवाणुओं (माइकोबैक्टेरियम) से होने वाली एक साधारण बीमारी है, जो मुख्य रूप से चमड़ी एवं नसों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि 6 से 12 माह तक के उपचार से कुष्ठ रोग पूर्णतः ठीक हो जाता है। पिछले 10 वर्षों में कुष्ठ रोग से प्रभावित 4277 व्यक्ति अपना इलाज पूर्ण कर परिवार के साथ सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे है। हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल ने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में केवल 382 कुष्ठ रोगियों का इलाज चल रहा है, जिसमें से अधिकतर कुष्ठ रोगी निकटतम राज्यों से हैं।

# गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड की झांकी को मिला तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न राज्यों की झांकियों में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल झांकी को पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में वीरवार को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने यह पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार उत्तराखंड की ओर से सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी और झांकी के टीम लीडर/संयुक्त निदेशक केएस चौहान ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल थीम पर यह झांकी तैयार की गई थी।

गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हाथ हिलाकर उत्तराखंड की झांकी का अभिवादन किया था। इस वर्ष उत्तराखंड के लिए गणतंत्र दिवस उपलब्धियों भरा रहा है। भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता करवाई जाती है, जिसमें एक दल को केवल साढ़े तीन मिनट का समय दिया जाता है। निर्धारित समय में अपने राज्य की लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करने होते हैं, जिसमें, उत्तराखंड राज्य के कलाकारों ने प्रसिद्ध जागर गायन एवं लोकनृत्य छपेली प्रतियोगिता की प्रस्तुत दी, जिसको गठित समिति ने पुरस्कार के लिए चयनित किया। इस प्रसिद्ध जागर गायन एवं लोकनृत्य छपेली में उत्तराखंड की लोक संस्कृति की झलक को समिति द्वारा बहुत पसंद किया गया, जिस कारण उत्तराखंड राज्य को यह पुरस्कार प्राप्त हो सका।

इसके बाद कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में 'सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल' पर आधारित उत्तराखंड की झांकी को भी लोगों की पसंद के आधार पर देश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

### राष्ट्रपति, पीएम ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्र की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ने राजघाट पर बापू के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित कई अन्य नेताओं ने भी राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महात्मा गांधी की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने की प्रेरणा देते हैं। मैं उन सभी वीरों को भी नमन करता हूं, जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

### हमास ने बंधक इसराइली सैनिक को किया रिहा

**गाजा।** हमास ने बंधक इसराइली सैनिक ऐगम बर्जर को गाजा में रेडक्रॉस के हवाले कर दिया है। हमास-इसराइल के बीच 19 जनवरी को हुए संघर्ष विराम समझौते के तहत वीरवार को उन्हें रिहा किया गया। संघर्ष विराम समझौते का मकसद इसराइल और हमास के बीच विनाशकारी युद्ध को खत्म करना है। इसराइली सेना ने भी कहा है कि उसे हमास द्वारा रेड क्रॉस को सौंपी गई महिला सैनिक मिल गई है।

### यूक्रेन की इमारत पर रूसी हमला, चार की मौत

**कीव।** पूर्वोत्तर यूक्रेन में एक इमारत पर रूसी ड्रोन के हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हुए। अधिकारियों ने वीरवार को यह जानकारी दी। सुमी क्षेत्रीय प्रशासन के अनुसार, बुधवार देर रात एक बजे के बाद सुमी शहर की इमारत की दीवार और आसपास की खिड़कियां उड़ा दीं। प्रशासन ने बताया कि मलबे से चार लोगों को जीवित बाहर निकाला गया। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। कुल 120 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को 'भयानक त्रासदी, एक भयानक रूसी अपराध' बताया।

## देश-विदेश

# सीईसी कर रहे राजनीति, निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता नष्ट : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार पर वीरवार को आरोप लगाया कि वह हरियाणा सरकार पर यमुना में 'जहर मिलाने' का आरोप लगाने को लेकर उन्हें नोटिस भेजकर राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राजीव कुमार ने निर्वाचन आयोग (ईसी) की विश्वसनीयता नष्ट कर दी है और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद पाने की इच्छा है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को राजीव ने जिस तरह नुकसान पहुंचाया है, वैसा किसी ने नहीं किया, अगर वह चाहें तो दिल्ली विधानसभा की किसी भी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि मैं जब तक जिंदा हूं, तब तक दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी नहीं पीने दूंगा। मुझे पता है कि वे मुझे दो दिन में गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं। केजरीवाल ने निर्वाचन आयोग के नोटिस का बुधवार को जवाब दिया था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि हरियाणा सरकार यमुना में ''जहर घोल रही है। उन्होंने कहा था कि राज्य से प्राप्त पानी मानव स्वास्थ्य के लिहाज से 'अत्यधिक दूषित और अत्यंत जहरीला' है। आयोग को दिए 14 पृष्ठों के जवाब में कहा था कि यदि लोगों को इस तरह का 'जहरीला पानी' पीने दिया गया तो इससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरा पैदा होगा और लोगों की मौत होगी।

# यमुना में 'जहर' के दावे पर दिल्ली-हरियाणा के लोगों से माफी मांगें केजरीवाल : नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यमुना में प्रदूषण के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) के आरोप-प्रत्यारोप ने राष्ट्रीय राजधानी की सरकार की 'अक्षमता' को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 'यमुना में जहर मिलाने' वाली अपनी टिप्पणी के लिए हरियाणा और दिल्ली के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

नड्डा ने 'एक्स' पर 'इंफोइनडेटा' के एक इन्फोग्राफिक को भी टैग किया, जिसमें दावा किया कि यमुना के दिल्ली में प्रवेश करते ही प्रदूषण बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यमुना में प्रदूषण को लेकर 'आप-दा' के आरोप-प्रत्यारोप ने इसकी अक्षमता और इसके विफल शासन को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी लेने की बजाय 'आप-दा' सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों में डर फैलाना शुरू कर दिया है। केजरीवाल को अपने बयान के लिए हरियाणा और दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। नड्डा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने पिछले 10 साल से अधिक समय में भ्रष्टाचार, झूठ और खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं किया है।

# द. अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा की बेटी गिरफ्तार

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की बेटी को आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और उन्हें वीरवार को अदालत में पेश किये जाने की उम्मीद है। जुमा की बेटी डुडुजिले जुमा-संबुदला संसद सदस्य भी हैं और उनपर जुलाई 2021 में दंगों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप है। जुलाई 2021 में हुए दंगों में 350 से ज्यादा लोग मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि डुडुजिले ने वीरवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह आतंकवाद एवं संबंधित गतिविधियों से जुड़े अधिनियम तथा हिंसा भड़काने के आरोपों का सामना कर रही हैं। पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर थांडी म्बांबो ने बताया कि यह गिरफ्तारी डरबन पुलिस की अपराध शाखा द्वारा गंभीर संगठित अपराध की गई सावधानीपूर्वक जांच का परिणाम है, जो 2021 में देश में हुई हिंसा के बाद शुरू की गई थी।

# अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, सरकार कुछ नहीं कर रही : पी. चिदंबरम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने दावा किया कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, लेकिन सरकार स्थिति को संभालने के लिए कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार सृजन नहीं हो रहा है, मंहगाई बढ़ रही है तथा व्यापक स्तर पर आर्थिक असमानता है।

पूर्व वित्त मंत्री ने कांग्रेस की ओर से तैयार 'अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कई ऐसे तथ्यों का उल्लेख है जिनको सरकार ने दबा दिया है। सरकार अर्थव्यवस्था की जो स्थिति बताती है वह वास्तविकता से दूर है। चिदंबरम ने दावा किया कि पिछले साल की आर्थिक वृद्धि की तुलना में इस साल दो प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

# सैन्य पेंशन विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने की केंद्र सरकार की आलोचना, नीति बनाने का आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त कर्मियों को अदालत में 'घसीटने' के लिए वीरवार को केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की और इस मुद्दे पर एक नीति बनाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सशस्त्र सेना न्यायाधिकरण से दिव्यांगता पेंशन पाने वाले सशस्त्र बलों के हर सदस्य को शीर्ष अदालत में घसीटने की आवश्यकता नहीं थी और केंद्र को अपील दायर करने में कुछ विवेक का उपयोग करना चाहिए। पीठ ने पूछा कि इसमें कुछ व्यावहारिक दृष्टिकोण होना चाहिए। एक सैन्यकर्मी 15, 20 साल तक काम करता है और मान लीजिए कि वह दिव्यांगता का शिकार हो जाता है, और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के आदेश में विकलांगता पेंशन के भुगतान का निर्देश दिया गया है।

# ट्रंप ने अप्रवासी हिरासत कानून पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी, वाशिंगटन**

> 30,000 लोगों की क्षमता वाला प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने का आदेश

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों की सुनवाई-पूर्व हिरासत की अनुमति देने वाले अपने पहले कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।



यह कानून चोरी, सेंधमारी जैसे अपराधों में आरोपित अवैध अप्रवासियों को सुनवाई से पहले हिरासत में रखने का अधिकार देता है। लेकेन राइली एक्ट को पहले अमेरिकी संसद के दोनों सदन हाउस और सीनेट में द्विदलीय समर्थन मिला था। ट्रंप ने 20 जनवरी को कार्यभार संभालने के बाद पहले विधेयक के तौर पर इस पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं, ट्रंप ने उच्च प्राथमिकता वाले अपराधी विदेशियों को हिरासत में रखने के लिए ग्वांतानामो बे में 30,000 लोगों की क्षमता वाला केंद्र स्थापित करने के संबंध में एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ग्वांतानामो बे हिरासत केंद्र का इस्तेमाल अब तक आतंकवादियों को रखने के लिए किया जाता रहा है, लेकिन अब इसमें आपराधिक रिकॉर्ड वाले अवैध प्रवासियों को भी रखा जाएगा।

# सेंसेक्स में 226 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** वीरवार को 226 अंक की तेजी के साथ 76,759 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 86 अंक की बढ़त रही, यह 23,249 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली।

पावर और एफएमसीजी शेयर्स में तेजी रही। वहीं आईटी और ऑटो शेयर्स में गिरावट रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.25 फीसदी की तेजी देखने को मिली। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स और कोरिया का कोस्पी बंद रहे।

## यूपी में सड़क हादसे में तीन लोगों की गई जान

**एजेंसी, जौनपुर**

**उत्तर** प्रदेश के जौनपुर में वीरवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर एक कार और रोडवेज बस की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग महाकुंभ से गंगा स्नान करके लौट रहे थे तभी कार की सिकंदराबाद डिपो की रोडवेज बस से सीधी टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

## बेनामी संपत्ति मामले में अंसारी के खिलाफ कुर्की आदेश बरकरार

**नई दिल्ली।** बेनामी संपत्ति रोधी कानून संबंधी निर्णायक प्राधिकरण ने गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के खिलाफ जांच के तहत आयकर विभाग की ओर से जारी संपत्ति कुर्की आदेश को बरकरार रखा है। अंसारी की मार्च 2024 में बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। लखनऊ के डालीबाग इलाके में स्थित 3,234 वर्ग फुट की इस संपत्ति की कीमत 1.05 करोड़ रुपए है। इसे बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध (पीबीपीटी) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दिसंबर, 2023 में कर विभाग की लखनऊ बेनामी निषेध इकाई (बीपीयू) ने अनंतिम रूप से कुर्क किया था। प्राधिकरण ने आयकर विभाग के आदेश को बरकरार रखा है और जांच अधिकारी की उस जांच से सहमति जताई है जिसमें गाजीपुर की महिला तनवीर सहर को संपत्ति की 'बेनामीदार' और मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी एवं उसके कथित गिरोह सदस्य गणेश दत्त मिश्रा को 'हितधारक' बताया गया है।

# कोचिंग सेंटर पर 2 .5 करोड़ रुपए जुर्माना लगाने का आदेश खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**दिल्ली** हाईकोर्ट ने पिछले साल जुलाई में 'राउज आईएएस स्टडी सर्किल' के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन छात्रों की मौत होने के मामले में अधीनस्थ अदालत के उस निर्देश को वीरवार को खारिज कर दिया, जिसमें शैक्षणिक संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अभिषेक गुप्ता को अंतरिम जमानत के समय 2.5 करोड़ रुपए जमा कराने को कहा गया था।

न्यायमूर्ति विकास महाजन ने स्पष्ट किया कि जमानत पर निर्णय अधीनस्थ अदालत स्वयं उसके गुण-दोष के आधार पर लेगी। आरोपी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने दलील दी कि 2.5 करोड़ रुपए जमा करने की शर्त को खारिज किया जाना चाहिए, क्योंकि सह-आरोपियों को रेडक्रॉस के पास भी पांच करोड़ रुपए जमा करने का इसी प्रकार का निर्देश दिया गया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। अदालत ने आदेश दिया कि परिस्थितियों और उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए 23 सितंबर, 2024 के आदेश की शर्त, जिसके तहत याचिकाकर्ता को 2.5 करोड़ रुए जमा करने का निर्देश दिया गया था, को रद्द किया जाता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 11 को आईसीसी के हवाले किया जाएगा लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान और दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी-2025 का आयोजन होना है। हालांकि, पाकिस्तान में अभी स्टेडियम के नवीनीकरण का काम पूरा नहीं हुआ है। यह बात फैंस ही नहीं क्रिकेट प्रशासकों के लिए भी काफी परेशान करने वाली है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से थोड़ी राहत की खबर सामने आई है। पीसीबी ने कहा है कि गद्दाफी स्टेडियम 11 फरवरी को आईसीसी को सौंप दिया जाएगा। यह तारीख वनडे टूर्नामेंट के शुरू होने से करीब एक सप्ताह पहले की है। चैंपियंस ट्रॉफी मेगा इवेंट 19 फरवरी से शुरू होगा। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान में लंबे समय बाद हो रहा है। इस मेगा इवेंट के भव्य आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी इवेंट को यादगार बनाएंगे। उम्मीद है कि प्रशंसकों को बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा। 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी में रावलपिंडी स्टेडियम में तीन मैच खेले जाएंगे। इस मैदान पर 24 फरवरी को बांग्लादेश का सामना न्यूजीलैंड से, 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से और 27 फरवरी को पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा।

### डी गुकेश ने बनाई एकल बढ़त मैक्स वार्मरडेम को हराया

**एजेंसी, नीदरलैंड।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने डच ग्रैंडमास्टर मैक्स वार्मरडेम को हराकर टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दसवें दौर के बाद 7.5 अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। 2800 ईएलओ रेटिंग पार करने के करीब पहुंचे गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए 34 चालों में आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे स्थान पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। आर प्रज्ञानानंदा उनसे एक अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने स्लोवेनिया के ब्लादिमिर फेडोसीव को हराया। अर्जुन एरिगेसी ने जर्मनी के विंसेंट केमेर से ड्रॉ खेला। पी हरिकृष्णा और अमेरिका के फेबियानो कारुआना की बाजी ड्रॉ रही जबकि लियोन ल्यूक मेंडोंसा ने अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली को चेक गणराज्य की एंगुयेन थाइ वान डेइ ने मात दी, जबकि दिव्या देशमुख को जर्मनी की फ्रेडरिक स्वाने ने हराया। वैशाली नौवें और दिव्या 13वें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के तीन दौर ही बाकी हैं।



### श्रीकांत और सुब्रमण्यम थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, बैंकॉक (थाईलैंड)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एस सुब्रमण्यन ने वीरवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत को राउंड 16 के मैच में हांगकांग के 20 साल के जेसन गुनावान को 21-19, 21-15 से हराने में महज 42 मिनट लगे। इससे पहले उन्होंने गुनावान को पिछले साल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में हराया था। हालांकि, सुब्रमण्यन को इंडोनेशिया के चिको औरा द्वी वारदोयो पर जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी जिसमें वह पहला गेम गंवा बैठे लेकिन 9-21, 21-10, 21-17 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। मिश्रित युगल में हालांकि भारत के रोहन कपूर और रुत्विका गाड्डे की जोड़ी को थाईलैंड की रत्तापोल मकासासिथोर्न और नाटामीन लैम्नुआन की जोड़ी से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### थॉमस जॉन व पूजा ने राष्ट्रीय खेलों की साइकिलिंग स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक



**एजेंसी, देहरादून।** कर्नाटक के नवीन थॉमस जॉन और महाराष्ट्र की पूजा बबान डानोले ने वीरवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में क्रमशः पुरुष और महिला रोड साइकिलिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) का प्रतिनिधित्व कर रहे दिनेश कुमार ने पुरुष रोड साइकिलिंग स्पर्धा में रजत और पंजाब के हर्षवीर सिंह शेखों ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में राजस्थान की मोनिका जाट ने रजत और कर्नाटक की मेघा गोगाड ने कांस्य पदक हासिल किए।

## भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टी-20 आज

# रफ्तार के खिलाफ सैमसन की कमजोरी और फिनिशिंग भारत की चिंता का सबब



**एजेंसी, पुणे**

तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी-20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले सीरीज जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे।

केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी-20 सत्र की शुरुआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा सीरीज में उनका स्कोर 26, 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने तसकीन अहमद, तंजीम हसन शाकिब की गेंदें खेलीं थीं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के एंडिले साइमलेन और लुथो सिपाम्ला की गेंदों का उन्होंने सामना किया। ये बहुत खतरनाक तेज गेंदबाज नहीं हैं और सैमसन ने उन्हें बखूबी खेला। वहीं इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं, जिनकी गति सैमसन के लिए परेशानी का कारण बन गई है। तीनों मैचों में वह फिर साल्ट को कैच देकर पवेलियन लौट गए। सैमसन मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में से है और समझा जा रहा है कि अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए वह उन पर भरोसा बनाए रखेंगे, लेकिन उन्हें तकनीकी कमियों से पार पाना होगा।

रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया, लेकिन वह इस प्रारूप में फिट नहीं हो पा रहे। रिंकू को पहले दो मैचों में आराम दिया गया और वह चौथे मैच तक फिट हो सकते हैं।

भारतीय मध्यक्रम भी इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को नहीं खेल पा रहा है और ऐसे में देखना है कि क्या दुबे को मौका मिलता है। तीसरा विकल्प रमनदीप सिंह है जो फिनिशर होने के साथ दुबे से बेहतर तेज गेंदबाज हैं, लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों के सामने उनकी भी परख नहीं हुई है। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की। देखना यह है कि जसप्रीत बुमराह की गैर-मौजूदगी में क्या भारत के सर्वश्रेष्ठ टी-20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिलती है तो पावरप्ले में सफलता दिला सकते हैं।

**मैच : शाम 7.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रमनदीप सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिलिप साल्ट, मार्क वुड।

## महिला टी-20 : अंडर-19 विश्व कप

# सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी



**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारतीय टीम अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी, तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं, सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी। निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं, उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है।

भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था। आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। वैष्णवी अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं।

**मैच : दोपहर 12.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

**इंग्लैंड:** एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, ट्रूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चार्लोट लैम्बर्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला, एरिन थॉमस, ग्रेस थाम्पसन।

# अतुल ठाकुर बने तलवारबाजी खेल के तकनीकी अधिकारी

**विवेक शर्मा, अंब**



उपमंडल अम्ब के ग्राम पंचायत मैड़ी से संबंध रखने वाले अतुल ठाकुर का चयन उत्तराखंड के हल्द्वानी में 8 फरवरी से 14 फरवरी तक होने वाले 38 वें राष्ट्रमंडल खेलों में तलवारबाजी खेल के लिए तकनीकी अधिकारी के रूप में किया गया है। अतुल पांच बार राष्ट्रीय फेंसिंग खिलाड़ी रह चुके हैं और हिमाचल प्रदेश की वॉलीबॉल टीम का दो बार राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्तमान में वह हिमाचल प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अतुल ठाकुर खेलों के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने में हमेशा अग्रणी रहते हैं। उनकी यह मेहनत और लगन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भारतीय खेलों के इस उच्चस्तरीय आयोजन में उनकी तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्ति पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व गुरुकुल स्कूल के छात्रों ने कराटे में जीते पदक



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

पूर्व गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल दाड़लामोड़ के छात्र-छात्राओं ने नालागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे खेल प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा को प्रदर्शित करके स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने काता और कराटे फाइट में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। काता में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चों में गौरवी ठाकुर, नितिन ठाकुर, दक्षिता ठाकुर, दिव्यांशी शर्मा, भूमिका, इशिता ठाकुर और दीपाली शामिल हैं। इसके अलावा रजत पदक जीतने वाले बच्चों में सारिका, मानवी, सूर्यांश पुत्र अमर शर्मा, योनित और चारवी शामिल हैं। कराटे फाइट में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चों में नितिन, दक्षिता, मीनाली, दिपाली, भव्य, योनित शामिल हैं। इसके अलावा रजत पदक जीतने वाले बच्चों में भूमिका, गुंजन, धनिष्ठ, अनवेशा पुत्री उत्तम और आदित्या पुत्र प्रेमलाल शामिल हैं।

इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर स्कूल की मुख्याध्यापिका ममता शर्मा और चेयरमैन अमर शर्मा ने कहा कि यह बच्चों की मेहनत और स्कूल के शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

# सांसद खेल महाकुंभ : 26 रनों से प्रेस-11 ने जीता मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सांसद खेल महाकुंभ के तहत वीरवार को लुहणू क्रिकेट मैदान में प्रेस-11 और खंगड़ के बीच मैच खेला गया। इस मैच को 26 रन से जीत लिया। टॉस जीतकर प्रेस-11 के कप्तान अनिल पटियाल ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ओपनर बल्लेबाज हेमंत नेगी ने पहले ही ओवर से तेज खेलना शुरू किया। पावरप्ले के तीन ओवर में प्रेस-11 ने बिना विकेट खोए 50 रन बना लिए। हेमंत नेगी ने 15 गेंद पर 38 रन की पारी खेली। हालांकि, इसके बाद खंगड़ टीम के गेंदबाजों ने रन गति पर रोक लगाई। प्रेस-11 की ओर से शुभम राही ने 15 और अनिल पटियाल ने 11 रन का योगदान दिया। निर्धारित 10 ओवर में प्रेस-11 ने चार विकेट खोकर 95 रन बनाए। खंगड़ की ओर से साहिल और गोपाल ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खंगड़ टीम की ओर से साहिल ने सर्वाधिक 24 रन की पारी खेली। निर्धारित 10 ओवर में खंगड़ टीम सात विकेट खोकर 69 रन ही बना सकी और प्रेस-11 ने मैच जीत लिया। प्रेस-11 की ओर से प्रकाश ठाकुर ने तीन विकेट हासिल किए।

# मुक्केबाज मनोज ने लिया संन्यास, अब देंगे कोचिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने वीरवार को संन्यास लेने की घोषणा की और अब कोच के तौर पर नई पारी की शुरुआत करेंगे। लाइट वेल्टरवेट (64 किग्रा) में प्रतिस्पर्धा करने वाले 39 वर्षीय मुक्केबाज ने 2010 दिल्ली में अपना पहला और राष्ट्रमंडल खेलों का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। वह एशियाई चैंपियनशिप में दो बार के कांस्य पदक विजेता भी हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में दूसरा और अंतिम कांस्य पदक उन्होंने 2018 गोल्ड कोस्ट खेलों में जीता था। दो बार के ओलंपियन मनोज 2012 लंदन और 2016 रियो दि जिनेरियो दोनों में प्री क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। हरियाणा के इस मुक्केबाज ने कहा, ''अब मैं 40 साल का हो गया हूं तो यह सोच समझकर लिया गया फैसला है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार एमेच्योर प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सकता। मैं संतुष्ट हूं क्योंकि देश का प्रतिनिधित्व करते हुए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।'' मनोज ने अपना मुक्केबाजी करियर साल 1997 में जूनियर स्तर पर शुरू किया था और साल 2021 में पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान से कोचिंग डिप्लोमा हासिल किया था।



# नर्मदा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीत तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**एजेंसी, देहरादून**

विश्व कप की पूर्व विजेता नर्मदा नितिन राजू ने वीरवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान एशियाई खेलों की पदक विजेता रमिता जिंदल और ओलंपियन इलावेनिल वालारिवन सहित कई मजबूत निशानेबाजों को मात देते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने से महज एक अंक के दशमलव से आगे के हिस्से से चूक गईं।

तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहीं नर्मदा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 254.4 के स्कोर के साथ पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया तथा महाराष्ट्र की आर्या बोरसे (252.5) और रमिता (230.4) को पछाड़ा। इस प्रक्रिया में उन्होंने ओलंपियन अपूर्वी चंदेला के नई दिल्ली में 2019 विश्व कप में बनाए गए 252.9 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।



इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड 254.5 अंक का है जो पिछले साल नई दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में चीन की हुआंग युटिंग ने बनाया था। नर्मदा ने 2023 काहिरा विश्व कप में रुद्रांक्ष पाटिल के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

# टी-20 विश्व कप के फाइनल में मिली हार न्यूजीलैंड के लिए विश्व कप जीतने की बनी प्रेरणा : केर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रिकेटरों के परिवार से ताल्लुक रखने वाली एमेलिया केर के लिए यूं तो डीएनए में ही क्रिकेट था, लेकिन 2010 में वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार ने उन्हें क्रिकेटर बनने और देश के लिए विश्व कप जीतने की प्रेरणा दी।



24 साल बाद उन्होंने न सिर्फ वह सपना पूरा किया बल्कि 2024 महिला टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के साथ 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' और फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहीं। वह साल 2024 में शानदार प्रदर्शन के कारण आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर और सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर भी चुनी गई। केर ने आईसीसी द्वारा चुनिंदा पत्रकारों के साथ कराये गए साक्षात्कार में कहा, ''मैं 11 या 12 साल की थी जब वेलिंगटन में हमारे ताका कॉलेज के लड़कों की टीम ने एक टूर्नामेंट जीता। मैं उस टीम में अकेली लड़की और कप्तान थी। इससे पहले मैंने टीवी पर न्यूजीलैंड की महिला टीम को टी-20 विश्व कप फाइनल हारते देखा। उसी समय मैंने तय किया कि मैं भी न्यूजीलैंड के लिए क्रिकेट खेलूंगी और एक दिन विश्व कप जीतूंगी।'

टी-20 विश्व कप-2024 फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 38 गेंद में 43 रन बनाए और 24 रन देकर तीन विकेट लिए। 24 वर्ष की इस लेग स्पिन हरफनमौला ने कहा,''यह बहुत खास है। हम खिलाड़ी पुरस्कार के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, लेकिन पीछे मुड़कर देखूं तो टी-20 विश्व कप की जीत जेहन में आती है। यह वाकई बहुत खास है।''

# चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 को लाहौर में

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को लाहौर में कराएगा। पीसीबी के एक सूत्र ने पीटीआई को कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 19 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मैच से पहले के निर्धारित कार्यक्रमों की सूची को मंजूरी दी। पीसीबी मरम्मत किए गए गद्दाफी स्टेडियम का साथ फरवरी को आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेगा, जिसके लिए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को मुख्यातिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। पीसीबी 11 फरवरी को कराची में एक समारोह में पुनर्निर्मित राष्ट्रीय स्टेडियम को भी लांच करेगा जिसमें राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी और आईसीसी कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के कार्यक्रम पर भी काम कर रहे हैं, जिसके 16 फरवरी को लाहौर में होने की संभावना है। उद्घाटन समारोह ऐतिहासिक लाहौर किले के हजूरी बाग में तय किया गया है, जिसमें विभिन्न बोर्डों के अधिकारी, मशहूर हस्तियां, खेल के दिग्गज और सरकारी अधिकारी आमंत्रित किए जाएंगे।

**हॉकी** गोलकीपर प्रिंसदीप, डिफेंडर यशदीप, मिडफील्डर रविचंद्र और राजिंद्र व फॉरवर्ड अंगदबीर, उत्तम सिंह और अर्शदीप शामिल

# एफआईएच प्रो-लीग में नए खिलाड़ियों को मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने आगामी एफआईएच प्रो-लीग के लिए चुने गए संभावित खिलाड़ियों में छह से अधिक युवाओं को हॉकी इंडिया लीग और जूनियर स्तर पर उनके प्रदर्शन के आधार पर मौका दिया है। हॉकी इंडिया द्वारा घोषित 32 खिलाड़ियों की सूची में पहली बार जगह पाने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर यशदीप सिवाच, मिडफील्डर रविचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड अंगदबीर सिंह, उत्तम सिंह और अर्शदीप सिंह शामिल हैं।



टीम की कमान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के हाथ में होगी, जबकि हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। एफआईएच प्रो-लीग का भुवनेश्वर चरण 15 से 25 फरवरी तक खेला जाएगा। भारत को स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड से दो दो मैच खेलने हैं।

हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा,''जूनियर टीम में और हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन से 22 वर्ष के अंगद बीर सिंह और 20 वर्ष के अर्शदीप सिंह को पहली बार एफआईएच प्रो लीग के मैचों के लिए सीनियर टीम में चुना गया है।'' पिछले साल मस्कट में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में रहे प्रिंसदीप भी सीनियर टीम के संभावित खिलाड़ियों में पहली बार चुने गए हैं। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा,''मैं चुनी हुई टीम से बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि यह एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके मैच जीत सकती है।''

**संभावित खिलाड़ी**

**गोलकीपर:** कृशन बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, प्रिंसदीप सिंह

**डिफेंडर:** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीव सेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच।

**मिडफील्डर:** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, एम रविचंद्र सिंह, राजिंद्र सिंह।

**फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, आराइजीत सिंह हुंडल, उत्तम सिंह, अर्शदीप सिंह।